सूर्योदय : 6:37
सूर्यास्त : 6:02
अधिकतम तापमान : 29.0
न्यूनतम : 15.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-247 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 28 फरवरी 2025
29 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## मुख्यमंत्री योगी ने किया महाकुंभ का औपचारिक समापन, स्वच्छताकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों और पुलिसकर्मियों को दिया तोहफा

# स्मार्ट सिटी के रूप में चमक रहा प्रयागराजः योगी

- सफाईकर्मियों के लिए 10 हजार रुपये का बोनस, 16000 माह न्यूनतम वेतन व मुफ्त इलाज
- एक स्वच्छता और स्वच्छता कर्मियों की तो दूसरी पुलिस के व्यवहार की सीएम ने की सराहना
- हमारी सरकार आपसे वादा करती है आपके वेलफेयर के लिए हम आगे भी लगातार काम करते रहेंगे
- आपके साथ सहभोज में हिस्सा बनते हमारा मंत्रिमंडल अभिभूत है



**महाकुम्भ नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रयागराज महाकुम्भ में कार्यरत रहे स्वच्छताकर्मियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने सफाईकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को उपहार के साथ ही स्वच्छ कुम्भ कोष से बीमा प्रमाण पत्र प्रदान किया और साथ ही मंच से ऐलान किया कि जो भी स्वच्छताकर्मी और स्वास्थ्यकर्मी महाकुम्भ के महाआयोजन में सहभागी बने, उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त बोनस के रूप में 10 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाएगी।

यही नहीं, सीएम योगी ने यह भी ऐलान किया कि अप्रैल से प्रदेश सरकार एक कॉर्पोरेशन का गठन करने जा रही है, जिसके माध्यम से हर स्वच्छताकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी और उन सभी कर्मियों को जिन्हें मिनिमम वेज नहीं मिल पाता था, उन्हें सरकार 16 हजार रुपए प्रतिमाह प्रदान करेगी। यह धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में भेजी जाएगी। इसके साथ ही सीएम ने यह भी कहा कि हर स्वच्छताकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी को आयुष्मान भारत या मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना के माध्यम से 500000 की स्वास्थ्य बीमा से भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री के इस घोषणा का स्वच्छताकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित हुए इस भव्य और दिव्य आयोजन के बाद आज आप सभी का अभिनंदन करने के लिए पूरी प्रदेश सरकार आपके बीच में है। इस आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने में स्वच्छता और स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान है। हमारी सरकार आपसे वादा करती है कि आपके वेलफेयर के लिए हम आगे भी लगातार काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि टीम भावना के साथ जब कोई कार्य होता है तो उसके परिणाम ऐसे ही होते हैं जैसे प्रयागराज महाकुम्भ में आज हमको देखने को मिल रहे हैं।

### पुलिसकर्मियों को सीएम योगी का तोहफा

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ मेला का भव्य आयोजन सफल रहा है। इस 45 दिनों तक चले महाकुंभ में 66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई है। इसको सफल बनाने में उत्तर प्रदेश पुलिस का सबसे बड़ा योगदान देखने को मिला। इसके चलते लगातार करीब दो महीने से दिन-रात जुटे पुलिसकर्मियों को योगी सरकार ने तोहफा दिया है। करीब 50 हजार पुलिसकर्मियों को एक हफ्ते की छुट्टी दी जाएगी। साथ ही बोनस का भी एलान किया गया है। यूपी डीजीपी प्रशांत कुमार ने एनबीटी डिजिटल से बताया कि महाकुंभ मेला ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को एक हफ्ते की छुट्टी देने का निर्णय लिया गया है। ऐसे करीब 40 से 50 हजार पुलिसकर्मी है, जिनको अलग-अलग समय में छुट्टी दी जाएगी।

### प्रदेशवासियों ने प्रस्तुत किया आतिथ्य का उत्कृष्ट उदाहरण

आज आप सबने साबित कर दिया कि अगर थोड़ी भी इच्छा शक्ति हो और सही सपोर्ट मिले तो परिणाम कुछ भी लाया जा सकता है। सीएम योगी ने सभी स्वच्छताकर्मियों से अपील की कि स्वच्छता कार्यक्रम को अब नए सिरे से प्रस्तुत करना है। स्वच्छता का विशेष अभियान चलाना होगा।

आज हमने इसकी शुरुआत की है। अब सभी अधिकारी, कर्मचारी भी इस अभियान में जुटें। मां गंगा के प्रति हमारी कृतज्ञता ज्ञापित होनी चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि आपको सम्मानित करते हुए और आपके साथ सहभोज में हिस्सा बनते हुए हमारा मंत्रिमंडल अभिभूत है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 13 दिसंबर को प्रयागराज महाकुम्भ के शुभारंभ के लिए यहां आए थे। उससे पहले भी और उस दौरान भी उन्होंने बहुत सारा मार्गदर्शन दिया। भारत सरकार के सभी अधिकारी, सभी मंत्रालय इस आयोजन को उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए प्राण प्रण से जुटे थे। हर विभाग में अपने स्तर पर इस आयोजन में भरपूर सहयोग किया और इसमें आर्थिक रूप से भी सहयोग करते हुए प्रयागराज के कायाकल्प को सुनिश्चित किया। आज महाकुम्भ के बहाने प्रयागराज शहर एक स्मार्ट सिटी के रूप में चमक रहा है। सीएम योगी ने कहा कि जो भी प्रयागराज आया उसने दो बातों की सराहना जरूर की। एक स्वच्छता और स्वच्छता कर्मियों की तो दूसरी पुलिस के व्यवहार की। ऐसे लगता था जैसे यह सबका अपना आयोजन हो। पूरा परिवार मिलकर कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा हो। यही नहीं, प्रयागराज वासियों ने भी इसे अपने घर का आयोजन बना लिया। जगह-जगह पर लंगर लगाए, अतिथियों का अभिवादन किया, अपनी परेशानी को भूल करके वह इस आयोजन का हिस्सा बने। जिस सिटी में 25 से 30 लाख लोग रहते हैं वहां अचानक 7-8 करोड़ लोग आ जाएंगे तो क्या स्थिति होती होगी।

(संबंधित खबर पेज-16 पर)



मुख्यमंत्री योगी ने सफाईकर्मियों और स्वास्थ्यकर्मियों को उपहार के साथ ही स्वच्छ कुम्भ कोष से बीमा प्रमाण पत्र प्रदान किया

### सीएम को भेंट किया गया मेला प्राधिकरण द्वारा बनाए गए तीन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र



मुख्यमंत्री को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से मेला प्राधिकरण द्वारा स्थापित तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया। इन तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में से पहला एक साथ सर्वाधिक लोगों (329) द्वारा एक ही समय में कई स्थलों पर नदी की सफाई, दूसरा एक साथ सर्वाधिक संख्या (19 हजार) में सफाईकर्मियों द्वारा सफाई अभियान चलाए जाने और तीसरा 8 घंटे तक सर्वाधिक लोगों(10,102)द्वारा हैंडप्रिंट बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड शामिल रहा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग द्वारा प्रकाशित एसेंस ऑफ कुम्भ बुक का विमोचन भी किया। इस दौरान दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह समेत अन्य मंत्रीगण एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# संभल बवालः 17 उपद्रवियों की जमानत अर्जी खारिज

- 87 प्रार्थना पत्रों में से 59 को अदालत ने किया नामंजूर
- अन्य अर्जियों पर सात मार्च को होगी सुनवाई



**चंदौसी।** संभल उपद्रव में 87 जमानत अर्जियां न्यायालय में दी गई थीं। जिनमें अब तक 59 जमानत अर्जियों पर सुनवाई हो चुकी है। सभी जमानत अर्जी न्यायालय द्वारा खारिज कर दी गई हैं। जिसके लिए अब आरोपियों को अब उच्च न्यायालय प्रयागराज का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा। बृहस्पतिवार को भी छह एफआईआर में 17 जमानत के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हुई। अन्य जमानत अर्जियों पर सुनवाई के लिए अब कोर्ट ने सात मार्च की तारीख लगाई है।

सभी जमानत प्रार्थना पत्र खारिज हुए। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी ने बताया कि अपर जनपद न्यायाधीश/रेप केसेज एंड पॉक्सो एक्ट निर्भय नारायण राय के न्यायालय में संभल बवाल के आरोपियों की 17 जमानत अर्जियों पर बृहस्पतिवार को सुनवाई हुई। जिसमें संभल थाने में दर्ज एफआईआर के आरोपी फैजान, समीर, मो. सलीम, सलमान, मो. हैदर, मो. रिहान, मो. फिरोज, मो. तहजीन, मो. आजिम, मो. बाबू, शारिक, मो. नईम, मो. गुलफाम, मो. अजीम, आफताब, आमिर तथा थाना नखासा से मो. अनस, सुभान उर्फ मुन्ना, मो. सुल्तान, आरिफ, सुल्तान उर्फ मुन्ना आदि की 17 जमानत अर्जियों पर सुनवाई हुई। सभी जमानत अर्जी न्यायालय ने सुनवाई के बाद खारिज कर दीं गई। बताया कि अब तक न्यायालय में 87 जमानत अर्जियों में से 59 जमानत अर्जियों पर सुनवाई हो चुकी है। सभी खारिज कर दी गई हैं। बता दें कि 19 नवंबर 2024 को संभल की शाही जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने का दावा करते हुए वाद दायर किया गया था। उसी दिन कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किए और शाम को कोर्ट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने प्रशासन व पुलिस प्रशासन की मदद से जामा मस्जिद का सर्वे किया। 24 नवंबर की सुबह साढ़े सात बजे जब कोर्ट कमिश्नर दोबारा सर्वे करने पहुंचे तो बवाल हो गया था। जिसमें चार लोगों की जान चली गई। इस मामले में पुलिस ने थाना संभल और नखासा में सात मुकदमे दर्ज किए थे।

### हाईकोर्ट ने गठित की एएसआई और मुतवल्ली की कमेटी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि संभल जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई व मरम्मत की जरूरत है या नहीं, इसकी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) के तीन अधिकारी मुतवल्ली के साथ निरीक्षण करें। इसकी रिपोर्ट शुक्रवार को न्यायालय में 10 बजे प्रस्तुत किया जाए। इसके बाद ही न्यायालय पवित्र रमजान शुरू होने से पहले रंगाई-पुताई का निर्देश देने पर विचार करेगा। न्यायालय ने यह भी कहा कि रमजान से पूर्व जो भी गतिविधि की जाए एएसआई उसकी वीडियाग्राफी कराए। न्यायालय ने 28 फरवरी की तिथि नियत की है। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने जामा मस्जिद संभल की प्रबंधन कमेटी की ओर से सिविल पुनरीक्षण में दाखिल त्वरित सुनवाई की अर्जी पर यह आदेश दिया।

**जामा मस्जिद का सर्वे करने पहुंची एएसआई की टीम**

मस्जिद कमेटी के अधिवक्ता एसएफ नकवी ने दलील दी कि कई दशकों से मस्जिद की रंगाई-पुताई का काम कमेटी करती चली आ रही है। कभी भी एएसआई ने इसमें हस्तक्षेप नहीं किया। रमजान का पवित्र महीना एक मार्च से शुरू हो रहा है। इसलिए रंगाई पुताई किया जाना है। इस दौरान संरक्षित स्थल को न कोई नुकसान पहुंचाया जाएगा और न ही किसी भी तरह का परिवर्तन किया जाएगा।

# विधानसभा में आप विधायकों को न घुसने देने पर भड़कीं आतिशी

- दिल्ली में नया सियासी घमासान
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखी चिट्ठी



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चिट्ठी लिखी है। आतिशी ने राष्ट्रपति से तत्काल मिलने का समय मांगा है। आतिशी ने विधानसभा में आम आदमी पार्टी विधायकों को न घुसने देने पर राष्ट्रपति से मुलाकात के लिए समय मांगा है। आतिशी विधायक दल के साथ राष्ट्रपति से मिलने जाएंगी। उधर, सदन में विपक्ष के सदस्यों के निलंबन को लेकर आतिशी ने आप विधायकों के साथ विरोध जताया। नेता विपक्ष आतिशी ने कहा, विधानसभा परिसर के बाहर रोकना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। बाबासाहेब आंबेडकर और अमर शहीद भगत सिंह की तस्वीर दिल्ली सरकार के दफ्तरों से हटाना शहीदों और दलित पिछड़ों का अपमान है। सदन में विपक्ष के विधायकों के निलंबन पर दिल्ली विधानसभा परिसर के बाहर आम आदमी पार्टी के विधायकों ने धरना प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि उन्हें और उनकी पार्टी के विधायकों को विधानसभा परिसर के अंदर घुसने नहीं दिया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री और दिल्ली की नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा, पुलिस अधिकारी कह रहे हैं कि हम (आप विधायक) विधानसभा से निलंबित हैं इसलिए हमें विधानसभा परिसर में भी प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

# चार मार्च से मैक्सिको और कनाडा पर लगेंगे टैरिफ : डोनाल्ड ट्रंप

- चीन पर भी दोगुना कर लगाने की चेतावनी


**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि वह अगले मंगलवार से मैक्सिको और कनाडा पर कर (टैरिफ) लगाएंगे, साथ ही चीन से आयात पर मौजूदा 10 फीसदी टैरिफ दोगुना करेंगे। ट्रंप ने गुरुवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा कि फेंटेनाइल जैसी नशीली दवाओं की अमेरिका में अस्वीकार्य स्तर पर तस्करी की जा रही है और आयात कर अन्य देशकों को तस्करी पर रोक लगाने के लिए मजबूर करेंगे।

ट्रंप ने लिखा, हम इससे अमेरिका को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दे सकते। इसलिए जब तक यह बंद नहीं हो जाता है या गंभीर रूप से सीमित नहीं हो जाता है, प्रस्तावित टैरिफ (जो चार मार्च से लागू होने वाले हैं) तय कार्यक्रम के अनुसार प्रभावी होंगे। उस तारीख पर चीन पर भी उसी दिन 10 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। बढ़ते टैरिफ की संभावना से पहले ही वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल मची हुई है। उपभोक्ता आशंका जता रहे हैं कि अगर अमेरिका के दो बड़े व्यापिरक साझेदार कनाडा और मैक्सिको पर टैरिफ लगाए जाते हैं तो महंगाई बढ़ सकती है और ऑटो क्षेत्र प्रभावित हो सकता है।

### ट्रंप के फैसले पर स्वास्थ्य समूहों ने जताई नाराजगी

कई स्वास्थ्य समूहों और गैर-सरकारी संगठनों ने यूएसएआईडी की फंडिंग में कटौती करने के ट्रंप प्रशासन के फैसले पर हैरानी और नाराजगी जताई। इन संगठनों ने कहा कि इस फैसले के बाद कई मानवीय कार्यक्रम बंद हो जाएंगे। एक महीने पहले ट्रंप ने यूएसएआईडी की फंडिंग की 90 दिनों तक समीक्षा करने की घोषणा की थी। यह फैसला उन पहलों को बंद कर देगा जो दुनियाभर में भूख और बीमारी से लड़ने वाले लाखों लोगों के जीवन को बचाते हैं।

दुनियाभर में सहायता कार्यक्रमों पर काम करने वाले अमेरिकी एनजीओ का एक समूह इंटरएक्शन ने कहा, ट्रंप के फैसले से महिलाएं और बच्चे भूखे रहेंगे, गोदामों में रखा भोजन सड़ जाएगा, जबकि कई परिवार भूख से मरेंगे और बच्चे एचआईवी के साथ पैदा होंगे। यह अनावश्यक फैसला अमेरिका को सुरक्षित, मजबूत या अधिक समृद्ध नहीं बनाएगा।



## सुप्रीम कोर्ट का अपशिष्ट निपटान पर हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार

### भोपाल गैस त्रासदी मामला

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 1984 की भोपाल गैस त्रासदी के जहरीले अपशिष्ट को मध्य प्रदेश के धार जिले के पीथमपुर क्षेत्र में स्थानांतरित कर उसका निपटान करने के मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से बृहस्पतिवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ ने 'यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड' के संयंत्र से निकले अपशिष्ट के निपटान के बृहस्पतिवार को होने वाले परीक्षण पर रोक लगाने से भी इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (एनईईआरआई), राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के विशेषज्ञों ने मुद्दों पर अपने विचार दिए हैं, जिन पर उच्च न्यायालय के साथ-साथ विशेषज्ञ पैनल ने भी गौर किया है। शीर्ष अदालत ने कचरे के निपटान का विरोध करने वाली नागरिक संस्थाओं के सदस्यों सहित पीड़ित पक्षों से इस मामले पर सुनवाई कर रहे उच्च न्यायालय के पास जाने को कहा।

# हिंदी मुखौटा है, संस्कृत चेहरा है, हिंदी ने 25 भाषाओं को किया खत्मः स्टालिन



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार को हिंदी थोपने विवाद में केंद्र पर दबाव बढ़ाते हुए दावा किया कि अन्य राज्यों में भाषा को जबरन अपनाने से 100 वर्षों में 25 मूल उत्तर भारतीय भाषाएं नष्ट हो गईं। सत्तारूढ़ भाजपा ने तुरंत पलटवार करते हुए इस टिप्पणी को मूर्खतापूर्ण बताते हुए खारिज कर दिया।

स्टालिन ने कहा था कि अखंड हिंदी पहचान के लिए दबाव ही प्राचीन भाषाओं को खत्म करता है। उत्तर प्रदेश और बिहार कभी भी हिंदी हार्टलैंड नहीं थे उनकी वास्तविक भाषाएं अब अतीत के अवशेष हैं। गुरुवार की सुबह एक्स पर एक पोस्ट में, उन्होंने केंद्र की भी आलोचना की - जिसने तमिल राजनीतिक नेताओं पर 2026 के चुनाव से पहले एक अनुकूल राजनीतिक कथा बनाने के लिए तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने का आरोप लगाकर हिंदी थोपने की आलोचना की थी - नस्ल और संस्कृति को नष्ट करने के लिए भाषाओं पर हमला करने के लिए। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम नेता ने हिंदी को थोपने पर अपनी पार्टी की कुछ आपत्तियों को रेखांकित किया, जिसमें यह दावा भी शामिल था कि केंद्र - यह कहने के स्पष्ट विरोधाभास में कि किसी भी राज्य में स्कूली छात्र कोई भी भाषा सीख सकते हैं - वास्तव में तमिल को एक विषय के रूप में पेश नहीं करता है। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित एक पत्र में उन्होंने कहा, ''हम हिंदी थोपने का विरोध करेंगे। हिंदी मुखौटा है, संस्कृत छिपा हुआ चेहरा है।'' सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने आरोप लगाया है कि केंद्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में तीन-फार्मूले के माध्यम से हिंदी को थोपने की कोशिश कर रहा है।

# सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से डीएम ने की राजस्व से जुड़े विभागों की समीक्षा



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सुबह डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने राजस्व विभाग से संबंधित सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले में चल रही योजनाओं की कलेक्ट्रेट में समीक्षा की। उन्होंने विभागवार योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने उद्योग विभाग, आबकारी विभाग, खनन विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, बाटमाप, मण्डी विभाग, राजस्व विभाग आदि विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन एडीएम संजय कुमार सिंह ने किया बैठक के दौरान डीएम ने विभागीय अफसरों से सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रहे कार्यों के प्रगति की रैंकिंग के संबंध में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लोग अपने-अपने विभागों की सीएम डैशबोर्ड से संबंधित कार्यो, योजनाओं की बराबर समीक्षा करते रहें, ताकि सीएम डैशबोर्ड पर विभाग की रैंकिंग खराब न होने पाए, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। डीएम ने कहा कि आरसी के मामलो में संबंधित विभाग ओटीएस के माध्यम से जमा कराई धनराशि की सूचना तहसील को अवश्य दे उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करें।

कहा कि संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें। सभी विभाग छोटी से छोटी कमी पर ध्यान देते हुए अपनी रैंकिंग में सुधार लाएं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट में राजस्व विभाग के गत माह की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण को लेकर निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों का त्वरित निस्तारण किया जाए। एसडीएम अपने अधीनस्थ न्यायालयो की स्वयं नियमित रिव्यू करे।

# 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**लखीमपुर खीरी।** थाना मझगई पुलिस द्वारा विभिन्न अभियोगो में 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों जयपाल पुत्र परमेश्वर रामचन्द्र पुत्र मेड़ई को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है जयपाल पुत्र परमेश्वर नि0 ग्राम बल्लीपुर थाना मझगई जिला खीरी (सम्बन्धित मु0स0 3144-24 धारा 60 आब0 अधि0)2. रामचन्द्र पुत्र मेड़ई नि0ग्राम छब्बापुरवा थाना मझगई जिला खीरी (सम्बन्धित मु0सं0 1953/24 अ0सं0 161/1999 धारा 392/411 भादवि)।

# कुकर्म में विफल रहने पर की थी मासूम बालक की हत्या

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** देवबंद कोतवाली पुलिस ने एक हत्यारोपी को दबोचकर बालक हत्याकांड का खुलासा करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दबोचे गये हत्यारोपी की निशानदेही पर आला कत्ल ईट व फावडा बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। एसपी देहात सागर जैन ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 25 फरवरी को वादी कंवरपाल पुत्र चरण सिंह निवासी गांव भायला खुर्द थाना देवबंद की तहरीर पर वादी के पुत्र अनमोल उर्फ प्रिंस के मौहल्ले में खेलने के लिए जाना व घर वापिस न आने के संबंध मे थाना देवबंद पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। 25 फरवरी को ही अनमोल उर्फ प्रिंस का शव गांव भायला खुर्द में ईख के खेत में मिलने पर विवेचना के दौरान मुकदमें में हत्या की धारा की वृद्धि की गयी थी। उन्होंने बताया कि देवबंद कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक बीनू चौधरी, उपनिरीक्षक केपी सिंह, नरेन्द्र भडाना व अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव भायला खुर्द की नहर की पुलिया के पास से मुखबिर की सूचना पर हत्या की घटना में शामिल अंकित पुत्र जोगेन्द्र उर्फ सुक्का निवासी गांव भायला खुर्द थाना देवबंद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आला कत्ल फावड़ा व ईट बरामद कर ली। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि पूछताछ मे आरोपी अंकित ने खुलासा किया कि विगत् 24 फरवरी को दोपहर वह आम के बाग में बैठकर मोबाइल में गेम खेल रहा था। तभी अनमोल उसके पास आया था। उसने अनमोल के साथ गलत काम करने का प्रयास किया, तो अनमोल शोर मचाने लगा, तभी गुस्से में आकर उसने ईख के खेत में पड़ी ईट उठाकर अनमोल के सिर में मार दी थी, जिससे अनमोल की मौत हो गयी तथा शव को छिपा दिया था। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## सभी परियोजनाओं को मार्च तक पूरा करें: सीईओ चौहान




**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त संजय चौहान ने स्मार्ट सिटी की सभी परियोजनाओं को अतिरिक्त संसाधन लगाते हुए मार्च तक पूरा करने के निर्देश अधिकारियों एंव कार्यदायी एजेंसियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यदायी एजेंसी परियोजनाओं को लटकाएं नहीं। सीईओ चौहान निर्माणाधीन सभी 12 परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। इन परियोजनाओं में यूपीआरएनएन की तीन, निगम की चार तथा यूपीपीसीएल की दो परियोजनाएं शामिल हैं।

स्मार्ट रोड पर विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के मीटर लगाने का कार्य 10 मार्च तक पूरा करने का आश्वासन विद्युत विभाग के अधिकारियों ने दिया। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कल्पना सिनेमा से कुतुबशेर तक बिजली के पुराने खंभे तथा ट्रांस्फार्मर हटाने का कार्य 5 मार्च तक कर लिया जायेगा। महाड़ी का तालाब के सम्बंध में कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएन के प्रतिनिधि ने बताया कि एक सप्ताह में कार्य पूरा कर लिया जायेगा।

वूमन हॉस्टल की धीमी प्रगति पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कंपनी बाग की परियोजना में तेजी लाने के लिए उन्होंने कार्यदायी संस्था एसडीए को पत्र लिखने को कहा। बैठक में जीएम सिविल दिनेश कुमार, कंपनी सचिव शंकर तायल, परियोजना प्रबंधक जितेंद्र सिंह सहित स्मार्ट सिटी के अनेक अधिकारी तथा कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी शामिल रहे।

## आगरा में किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, शव के पास मिली कीटनाशक दवा और गिलास

**आगरा।** थाना मलपुरा के ककरारी गांव के एक किसान का शव खेत के पास पड़ा मिला है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद आत्महत्या की आशंका जताई है। पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट होगा कि मौत किस वजह से हुई है। गांव वालों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि जहां किसान का शव पड़ा था, वहां कुछ ऐसी वस्तुएं मिलीं जिससे पुलिस मामले को सुसाइड से जोड़ कर देख रही है। जानकारी अनुसार गुरूवार सुबह किसान मुन्ना लाल के शव के पास शराब का क्वाटर, प्लास्टिक का एक गिलास, कीटनाशक की शीशी मिली। परिवारीजनों ने पुलिस को बताया कि 60 वर्षीय मुन्ना लाल कल शाम को घर से बाहर गये थे। देर रात तक न लौटने पर उनकी तलाश भी की, लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर मौके से नमूने जुटाए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने का इंतजार है। इसके बाद ही पता चलेगा कि मुन्ना लाल की मौत की वजह क्या है।

## ताज महोत्सव-2025 के उपलक्ष्य में ताज नेचर वॉक (मियावॉकी साइट) पर एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन आज

**आगरा।** प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग आदर्श कुमार ने अवगत कराया है कि ताज महोत्सव-2025 के उपलक्ष्य में ताज नेचर वॉक (मियावॉकी साइट) पर दिनांक 28.02.2025 को एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पारिस्थितकीय पर्यटन पर चर्चा, बच्चों द्वारा पेंटिंग, ताज नेचर वॉक का भ्रमण, स्टाल, फोटो प्रदर्शनी, साइकिलिंग आदि गतिविधियां कराई जायेंगी तथा कैमरा कम्पनियों द्वारा अपने कैमरा, लैन्स इत्यादि उपकरणों का प्रदर्शन, फोटोग्राफर्स क्लब ऑफ आगरा द्वारा फोटो प्रदर्शनी तथा वाइल्ड लाईफ एस0ओ0एस, पारिजात, टी0एस0ए0, डब्ल्यू0आई0आई0, संस्कृति, इटावा सफारी पार्क आदि द्वारा अपनी स्टाल लगाई जायेंगी। उक्त कार्यक्रम का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा।

## हरी झण्डी दिखाकर वाटरशेड विकास यात्रा के प्रचार वाहन को किया रवाना




**बदायूँ।** कृषि विभाग की भूमि संरक्षण इकाई-बदायूँ की ओर से संचालित वाटरशेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के प्रचार प्रसार हेतु वाटरशेड यात्रा अभियान के तहत वाटरशेड विकास यात्रा प्रचार वाहन गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख आसफपुर ओम कृष्ण सागर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर परियोजना क्षेत्र के लिये रवाना किया। विकास खण्ड आसफपुर के माइक्रोवाटरशेड तखौरा में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। प्रभात फेरी, भूमि पूजन, पौध रोपण, श्रमदान एवं जल संरक्षण पर स्कूली छात्रों द्वारा निबंध/पोस्टर प्रतियोगिता करायी गयी। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख आसफपुर के द्वारा पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। सिद्ध बाबा इण्टर कॉलेज, सराय बरौलिया के एन0एस0एस0 छात्रों के द्वारा श्रमदान हेतु प्रतिभाग किया गया। तथा ग्राम-तखौरा में पेरीफेरल बांध एवं मार्जिनल बांध का लोकार्पण ब्लॉक प्रमुख एवं ग्राम प्रधान द्वारा किया गया। ग्राम कलरावाला में प्रभात फेरी, भूमि पूजन, पौध रोपण श्रमदान एवं जल संरक्षण पर स्कूली छात्र द्वारा निबंध प्रतियोगिता करायी गयी। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को ग्राम प्रधान कलरावाला सलीम खाँ द्वारा पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये।

## रालोद ने अन्नदाता किसानों का किया सम्मान

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह ने अन्नदाताओं को शॉल पहनाकर सम्मान किया तथा किसानों की समस्याओं का हर संभव समाधान कराने का आश्वासन दिया।

स्थानीय हकीक़त नगर स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि किसानों का सम्मान सर्वोपरि है, क्योंकि किसान हमारा अन्नदाता है। उन्होंने कहा कि किसान भगवान के समान है इसलिए पार्टी नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी किसानों के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि किसान हमारा परेशान ना रहे। किसानों को न्याय मिलें, यही राष्ट्रीय लोकदल की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में किसान चौधरी जगपाल सिंह, लल्लन प्रसाद, चौ.महक सिंह, कमल सिंह, चौ.नत्थू सिंह, पप्पन कुमार, यासीन मलिक ने कहा कि जो सम्मान किसानों को राष्ट्रीय लोकदल में मिलता है।

# हत्या की घटना का खुलासा कर एक आरोपी दबोचा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने एक आरोपी को दबोचकर हत्या की घटना का खुलासा करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से रकत रंजित कपड़े व जूते बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

एसपी देहात सागर जैन ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 22 फरवरी को थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत शाकम्भरी विहार में एक खाली प्लाट में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में ले लिया था। मृत व्यक्ति की पहचान सुभाष पुत्र जुम्मा निवासी साबतवाली झबरेड़ा हरिद्वार के रूप में हुयी थी, जिसके संबंध में रवि पुत्र सुभाष निवासी साबतवाली झबरेड़ा हरिद्वार की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ वादी के पिता की हत्या कर शव को छिपा देने के संबंध में थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि कोतवाली सदर बाजार पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह, निरीक्षक संजीव कुमार व उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में फूलवारी गार्डन दिल्ली रोड के पास से मुखबिर की सूचना पर हत्या की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी रवि पुत्र रंजित निवासी श्यामगढ़ी कांधला जिला शामली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से रक्त रंजित कपड़े व जूते बरामद कर लिये। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि पूछताछ करने पर आरोपी रवि ने खुलासा किया कि वह एक ट्रक पर हैल्परी का काम करता है। विगत् 21 फरवरी को हमारा ट्रक सैलटैक्स वालों ने पकड़ लिया था, जिसे सैलटैक्स आफिस के पीछे दिल्ली रोड पर खड़ा किया था। उसने बताया कि जब वह दिल्ली रोड पर फुलवारी गार्डन के पास पहुंचा, तो एक व्यक्ति शराब के नशे में खड़ा होकर गाली गलौच कर रहा था। उसके समझाने के बावजूद जब वह नहीं माना, तो उसने गुस्से में आकर उसे शराब पिलाने के बहाने आवास विकास के पास खाली पड़े मकानों की तरफ ले गया तथा उसकी हत्या कर दी थी और शव को छोड़कर फरार हो गया था।

## सीएम ग्रिड की ड्रोन से होगी फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने सीएम निर्माण कार्य की प्रत्येक सात दिन में ड्रोन से फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कार्यस्थल पर पूर्व की स्थिति और बाद की स्थिति की स्पष्ट फोटो तथा शॉर्ट क्लिप रिकॉर्ड में रखने के भी निर्देश दिए। नगरायुक्त ने सीएम ग्रिड सम्बंधी एक बैठक में कहा कि सीएम ग्रिड मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली महत्वाकांक्षी योजना है, सभी अधिकारी पूरी विश्वसनीयता और समर्पण के साथ कार्य करें। निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने कार्य को मैन पावर बढ़ाकर तेजी से पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

इससे पूर्व सीएम ग्रिड परियोजना की कंसल्टेंट एजेंसी एएनबी के लखनऊ से आये प्रतिनिधियों द्वारा सीएम ग्रिड पर रोड की चौड़ाई, फुटपाथ, इलेक्ट्रिकल डग्स, डिजाइन व सोसर ड्रेन आदि के सम्बंध में पावर प्वांइट द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया। कार्य की गुणवत्ता देख रही संस्था राइट्स और यूरिडा के अधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

यूरिडा (अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट अथॉरिटी) के उप मुख्य कार्याधिकारी ए के श्रीवास्तव ने अधिकारियों से पूर्ण प्रमाणित रुप से योजना बनाकर कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि सभी विभागों से समन्वय बनाकर ये भी सुनिश्चित कर लें कि भविष्य या निकट भविष्य में कोई कार्य तो सीएम ग्रिड रोड पर प्रस्तावित नहीं है। बैठक में मुख्य अभियंता निर्माण बीके सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, महाप्रबंधक स्मार्ट सिटी दिनेश सिंघल, व परियोजना प्रबंधक जितेंद्र सिंह, लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव, डीएवी कंस्ट्रक्शन के अरुण चौधरी आदि मौजूद रहे।

# रुड़की विश्वविद्यालय की योजना से चंबल डाल नहर संचालन हो जायेगा ठप: पूर्व कैबिनेट मंत्री

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजा अरिदमन सिंह ने कहा है कि चम्बल नदी में पानी की उपलब्धता अत्यंत सीमित हो चुकी है। कोटा बैराज से उ प्र की सीमा (जनपद आगरा) तक पहुंचने वाली इस जलराशि में से किसी भी प्रयोजन के लिये अगर और जल दोहन का कोई कोई भी नया प्रयास किया गया तो राजा महेंद्र रिपुदमन सिंह चम्बल लिफ्ट इरीगेशन सिस्टम की नहरों का संचालन मुश्किल हो जायेगा। फलस्वरूप खेती किसानी आधारित बाह तहसील की माइक्रो इकोनॉमी पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पडेगा। राजा अरिदमन सिंह ने कहा कि बाह उनकी कर्मभूमि है,इस लिये वह इस मुद्दे पर खामोश होकर नहीं बैठ सकते। उन्होंने कहा कि कई बार यहां के विधायक के रूप में विधान सभा में रहे हैं और राज्य मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व किया है। वर्तमान में उनकी पत्नी रानी



पक्षालिका सिंह यहां की विधायक हैं। उन्होंने कहा कि चम्बल पहले से ही अति दोहित नदी है,इस लिये अगर इसके दोहन की कोई नई कोशिश हुई तो वह शासन में इसका कड़ा विरोध जताएंगे। राजा अरिदमन सिंह जो कि भदावर हाउस स्थित अपने कार्यालय में सिविल सोसायटी आगरा के सेक्रेटरी अनिल शर्मा,सदस्य राजीव सक्सेना, असलम सलीमी आदि के साथ जनपद की जल समस्या पर चर्चा कर रहे थे, ने कहा कि चम्बल नदी के पानी का दस प्रतिशत आगरा से होकर गुजरने वाले टेल वाले भाग के लिये आवंटित है। इसी जलराशि में से 450 क्यूसेक बाह के लिये पानी की आपूर्ति होती है और इसी में से नेशनल चम्बल सेंचुरी प्रोजेक्ट के राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य, जिसे राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल वन्यजीव अभयारण्य भी कहा जाता है के यू.पी. में विस्तृत 635 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र लिये जल उपलब्धता सुनिश्चित होनी है।उन्होंने कहा कि नदी में 111 मीटर से पानी कम होते ही संेचुरी के जलचरों की स्वाभाविक बृत्तियां प्रभावित होने लगती हैं। नेताओं के अपने अपने हित होते हैं किंतु तकनीकी संस्थाओं की अपनी एकेडमिक प्रोफेशनल भूमिका होती है। लेकिन रुड़की विश्वविद्यालय के द्वारा चम्बल नदी में उपलब्ध सीमित जलराशि में से भी जल शून्य उटंगन नदी पर डैम बनाकर संचित करने की जो योजना बनाई है,वह पूरी तरह अव्यवहारिक है। उटंगन के प्रस्तावित डैम से इसे फतेहपुर सीकरी विकास खंड ले जाये जाने का कार्य होगा। इस योजना के बारे में जब से जानकारी मिली है,बाह तहसील के किसानों और चम्बल नेशनल सेंचुरी की बेहतरी के लिये सक्रिय रहने प्रबुद्धजन असमंजस में पड गये हैं। अरिदमन सिंह ने कहा कि रुड़की विवि की यह योजना स्थानीय हितों को नजरअंदाज कर बनाई गई है।

# कांग्रेसियों ने मनाई क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूँ।** प्राइवेट बस स्टैंड पर स्थित कैंप कार्यालय में कांग्रेसियों



द्वारा क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेसियों द्वारा चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए देश की आजादी में श्री आजाद के योगदान को याद किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी थे। उनका जन्म 23 जुलाई को हुआ था वे शहीद राम प्रसाद बिस्मिल,सुखदेव राजगुरु व शहीद भगत सिंह सरीखे क्रान्तिकारियों के अनन्यतम साथियों में से थे। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद जी ने काकोरी साजिश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जहां उन्होंने ब्रिटिश खजाने से नकदी ले जा रही ट्रेन को लूट लिया। आज़ाद ने आखरी गोली खुद को मारकर आत्महत्या कर ली थी, क्योंकि उन्होंने प्रतिज्ञा की थी कि पुलिस उन्हें कभी भी जीवित नहीं पकड़ेगी। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद जी ने नारा दिया था कि आजाद ही रहे हैं, आजाद ही रहेंगे। 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लिया था और अपनी बंदूक की आखिरी गोली से खुद की जीवन लीला समाप्त कर ली थी। उन्होंने कहा कि उनकी पिस्टल आज भी इलाहाबाद राष्ट्रीय संग्रहालय में रखी हुई है। जिला उपाध्यक्ष सुरेश राठौर ने चन्द्रशेखर आजाद को याद करते हुए कहा कि 27 फ़रवरी 1931 के दिन चन्द्रशेखर आज़ाद अपने साथी सुखदेव राज के साथ बैठकर विचार-विमर्श कर रहे थे। तभी वहां अंग्रेजों ने उन्हें घेर लिया। चन्द्रशेखर आजाद ने सुखदेव को तो भगा दिया। और खुद ही अंग्रेजों का अकेले ही सामना करते रहे। अंत में जब अंग्रेजों की एक गोली उनकी जांघ में लगी तो अपनी बंदूक में बची एक गोली को उन्होंने खुद ही मार ली। और अंग्रेजों के हाथों मरने की बजाय खुद ही भारत मां की आन बान शान के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस महासचिव इगलास हुसैन ने किया।

इस मौके पर अकील अहमद, वीरेश, राज यादव, उमेन्द्र, श्याम सिंह, दिनेश गौड़, राजू, बख्तियार, मुज्तहिद, रमेश, श्यामसुंदर आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## गैंगस्टर एक्ट फरार चल रहे 25,000 रुपए के इनामियां अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**आगरा।** सर्विलांस/एसओजी टीम नगर जोन व थाना ट्रांसयमुना पुलिस टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए गैंगस्टर में वांछित चल रहे रू25,000 के इनामियां अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी अनुसार थाना ट्रांसयमुना पर पंजीकृत अभियोग-38/2025 धारा-2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त शानू उर्फ सोनू पुत्र सलीम निवासी नौलक्खा कन्ट्रोल वाली गली थाना सदर बाजार आगरा लगातार फरार चल रहा था। जिस पर पुलिस उपायुक्त नगर जोन कमिश्नरेट आगरा द्वारा 24 फरवरी 2025 को ?25,000 के इनाम की घोषणा की गयी थी। इसी कड़ी में एसओजी/सर्विलांस टीम नगर जोन व थाना ट्रांसयमुना पुलिस टीम लगातार गैंगस्टर/ईनामिया अभियुक्त शानू उर्फ सोनू उपरोक्त की निगरानी/तलाश में लगी हुई थी। वही गुरुवार को थाना ट्रांसयमुना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्रान्तर्गत गस्त/चेकिंग की जा रही थी। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि उपरोक्त इनामिया अभियुक्त झरना नाले के पास रोड पर मौजूद है। थाना ट्रांसयमुना पुलिस द्वारा एस0ओ0जी0/सर्विलांस टीम के साथ प्राप्त सूचना के आधार पर अभियुक्त शानू उर्फ सोनू को झरना नाले के पास रोड से गिरफ्तार किया गया।

# आगरा कोर्ट में पेश हुईं कंगना रनौत की वकील, अगली सुनवाई 18 मार्च को

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** अपने बयानों से अक्सर चर्चा में रहने वाली अभिनेत्री और बीजेपी सांसद कंगना रनौत पर किसान आंदोलन के दौरान दिए गए एक बयान के बाद केस दर्ज करवाया गया था। आगरा की वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने मामले पर वाद दर्ज करवाया था। गुरूवार को कंगना रनौत की तरफ से सुप्रीम कोर्ट की महिला अधिवक्ता अनुश्रीआ कोर्ट पहुंची। उन्होंने जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय मांगा।




कंगना की वकील द्वारा की गई रिक्वेस्ट पर कोर्ट ने अब मामले की सुनवाई की अगली तारीख 18 मार्च की दी है। बता दें कि किसानों पर दी गई टिप्पणी को लेकर आगरा की वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने वाद दायर किया था। आरोप है कि इंटरव्यू में कंगना ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे इन किसानों को हत्यारा बताया था।

इस मामले को लेकर अभिनेत्री को आगरा कोर्ट से कई बार समन जारी किया गया था। पांच बार की तारीख पर ना तो अभिनेत्री कोर्ट आई थीं ना ही उनकी कोई अधिवक्ता पहुंची थी। ऐसे में इस बार अगर कंगना की तरफ से लापरवाही की जाती तो कोर्ट से उन्हें तालाब करने का ऑर्डर जारी किया जा सकता था। बता दें कि अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी हैं। उन्होंने 26 अगस्त को कंगना द्वारा दिए गए एक इंटरव्यू के आधार पर केस दर्ज किया था। पांच बार तारीख जारी होने के बाद भी कंगना एक बार भी कोर्ट नहीं आई थी। हालांकि, इस मामले पर कंगना ने सोशल मीडिया पर अपने बयान को लेकर सार्वजनिक माफ़ी मांगी थी। अब इस मामले की अगली तारीख 18 मार्च दी गई है।

अवधनामा
लखनऊ, शुक्रवार, 28 फरवरी 2025


# गिरफ्तारी को लेकर किसानों ने धरना दिया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** भारती कृषक एसोसिएशन अराजनैतिक द्वारा धरना अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे की अध्यक्षता में दिया गया।आज सुबह से समय करीब 10 बजे से धरने पर बैठे किसानों की समस्याओं को सुनने कोई नहीं आया। समस्याएं निम्न लिखित हैं। दिनांक 13/2/25 को प्रदीप सक्सेना s/o स्व. हीरालाल अपने गुंडों के साथ भाकियू के प्रदेश सचिव मुन्नालाल सक्सेना के घर में घुसकर हमला कर दिया प्रदीप सक्सेना के बेटे जय सक्सेना ने उनके बेटे के मुंह पर ईंट मारी जिससे बेटे का दाँत टूट गया मुँह में गंभीर चोट आयी घर में सबके साथ मारपीट की गई। लगातार दबंग प्रदीप सक्सेना की तरफ से मुन्नालाल सक्सेना और उनके परिवार को जान-माल की धमकी दी जा रही है। मुन्नालाल सक्सेना प्रदेश महासचिव निवासी मो. जवाहरगंज कायमगंज जिला फर्रुखाबाद दिनांक 13/2/25 की घटना का प्रशासन के आदेश पर दिनांक 18/2/25 को मुकदमा लिखा गया। मुकदमा के उपरांत कोई कार्रवाई नहीं की गई। उल्टे प्रदीप सक्सेना की झूठी रिपोर्ट दबाव बनाने के लिए लिख दी गई।हम 13 तारीख से मकान के अंदर बैठे हैं और मकान दुकान बेचकर पलायन करने नहीं दे रहा है। खरीददारो को धमका रहा है।बार बार अभियुक्त जान-माल की धमकी दे रहा है।

# महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री शिव वीथिका का हुआ शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** पावन महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवरात्रि की पर आज इन्टैक उरई अध्याय तथा संस्कार भारती जालौन धरोहर विधा के संयुक्त तत्वावधान में श्री मती सन्ध्या पुरवार के निवास पर श्री शिव वीथिका का शुभारम्भ हुआ। पानीपत हरियाणा से पधारीं स्थानीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य को समर्पित संस्था कला भूमि की अध्यक्षा बहिन श्रीमती इन्दू सांगवान ने मॉ शारदा एवं श्री गणपति गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलित, पुष्प अर्पित कर वीथिका का शुभारम्भ किया।




श्री शिव वीथिका के अवलोकन के समय उन्होंने कहा कि आज मुझे बहुत सुखद , अलौकिक अनुभूति हो रही है। इस वीथिका में महादेव स्वरुपी श्री नर्मदेश्वर भगवान के इतने विभिन्न रुपों ने तो मन मोह लिया। मैं इतनी दूर रहतीं हूं अन्यथा मैं प्रतिदिन यहां दर्शन करने आती। श्रीमती सन्ध्या पुरवार ने मुख्य अतिथि श्री मती इन्दू सांगवान जी एवं श्री मती सुमित श्रीवास्तव को बैज लगाकर तथा अंग वस्त्र ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। इस श्री शिव वीथिका में एकादश नदीश्वर महादेव, सूर्य रश्मि के सप्त रंगी बैगनेश्वर, नीलेश्वर, पीलेश्वर, नारंगीश्वर आदि महादेव के शिवलिंग विग्रहों की अनूठी प्रस्तुति जहां मन मोह रही थी वहीं इक्यावन, सहस्त्र पिण्डीय, अर्ध नारीश्वर, ताण्डव नृत्य शंख मन मयूर झंकृत कर रहे हैं। बिल्व पत्री स्वरूपा सीप तो बस देखते ही बनती है। पीतल धातु की लघु आकार वाली प्राचीन श्री महादेव पंचायतें, श्रवासुकी नाग युक्त महाकालेश्वर आदि मूर्तियों के साथ इन्डोनेशिया, नेपाल, चेकोस्लोवाकिया आदि के डाक टिकट श्री महादेव की व्यापकता का बखान कर रहे हैं। इस वीथिका में श्री महादेव के परिवार की झांकी अति मनोरम है क्योंकि इस झांकी में श्री शिव को अति प्रिय कपाल आकार के तमाम अलंकृत कपाल आकार के अपरिचालित पूर्ण रजतीय पलाऊ, कैमरान आदि देशों की मुद्राये अचम्भित करने वाली हैं। इस वीथिका में श्री शिवलिंग की 701 रुद्रक्षों से श्रृंगारित झांकी भी मन मुग्धा है। ध्यान, प्रसन्न, सौम्य मुद्रा वाले 14वीं से 16वीं शताब्दी के श्री शिव शीर्ष पुरातात्विक महत्व दर्शाते हैं। लगभग 150, 200 वर्ष प्राचीन ध्यानस्थ श्री शिव की अर्ध नारीश्वर रुपी तथा नन्दी पर सवार श्री शिव पार्वती की लघु पेन्टिंग बहुत आकर्षक हैं। इस वीथिका में मदुरै, मैसूर, शिवगंगा, इन्दौर, तन्जावुर, विजयनगर आदि दक्षिण भारतीय रियासतों के अलावा लगभग 2000 वर्ष प्राचीन कुषाण कालीन मुद्रायें श्री शिव की प्राचीनता का उद्घोष करती दिखतीं हैं। वीथिका में श्री शिव के विग्रह तथा उनके त्रिशूल, त्रिपुण्ड आदि से युक्त विभिन्न आचमनियों का प्रदर्शन हर्षातिरेक कर देता है तो श्री शिव के विभिन्न प्रकार के त्रिशूल कलाकार के मन की ऊचाईयों का बोध कराती हैं।

## नीड ने किया महिला सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन



**काकोरी लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** महिलाओं के उत्थान के लिए नीड संस्था ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के बीच अपना योगदान दिया है जिसमें स्वयं सहायता समूह, कंप्यूटर ट्रेनिंग सिलाई कढ़ाई सेंटर के साथ साथ महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाती रहती है आज कसमंडी कला मलिहाबाद में महिलाओं से हो रही उत्पीड़न के विषय में महिला सुरक्षा जागरूकता पर एक भव्य कार्यक्रम किया जिसमें थाने की दो महिला पुलिस कर्मी भी शामिल हुई महिलाओं और बालिकाओं से हो रही छेड़ छाड़ से संबंधित सरकार द्वारा दिए गये मिशन शक्ति के टोल फ्री नंबरों के महत्त्व के बारे में बताया ताकि उत्पीड़न की समस्याओं की रोक थाम की जा सके।

## लापता पीएसी कांस्टेबल का शव नाले में पड़ा मिला

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अलीगढ़ में बुधवार शाम पीएसी जवान का शव नाले में मिलने की सूचना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. सूचना पर तत्काल क्षेत्रिय पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू की. मृतक की पहचान अमित कुमार पीएसी जवान के रूप में हुई जो पिछले 10 दिन से लापता चल रहे थे. उनके परिजनों ने बन्नादेवी थाना में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया था. जानकारी अनुसार अलीगढ़ बन्नादेवी थाना में नगला कलार इलाके में बुधवार को नाले में एक पीएसी जवान का शव मिला. इसकी पहचान आगरा में तैनात 38वीं बटालियन के पीएसी अमित कुमार रहने वाले बुलंदशहर की गई. जानकारी होने पर क्षेत्रिय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला और जांच शुरू की. शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. शव मिलने के बाद परिवार के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है. जिसके बाद मामले की जांच की जा रही है. पुलिस ने आकाश और एक अन्य संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है.सीओ सेकंड राजीव द्विवेदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



## आज देखा जाएगा पवित्र माह-ए-रमज़ान का चांद

**गोरखपुर।** पवित्र माह-ए-रमज़ान का चांद शुक्रवार 28 फरवरी की शाम को देखा जाएगा। जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अगर शुक्रवार को चांद दिखा तो रात इशा की नमाज के बाद से ही तरावीह की नमाज़ शुरु हो जाएगी और शनिवार एक मार्च को पहला रोजा रखा जाएगा। अगर चांद नहीं दिखा तो तरावीह की नमाज़ शनिवार से शुरु होगी और पहला रोजा रविवार दो मार्च को रखा जाएगा। मुफ्ती मुहम्मद शुएब रज़ा, मौलाना फिरोज, हाफिज रहमत अली आदि ने अवाम से रमज़ान का चांद देखने की अपील की है। सभी मस्जिदों में रमज़ान की विशेष नमाज़ तरावीह के इंतजाम भी करीब-करीब पूरे कर लिए गए हैं।? कारी मुहम्मद अनस रजवी ने बताया कि पवित्र रमज़ान रहमत और ख़ैर व बरकत का महीना है। इसमें रहमत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं। जहन्नम के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं। शैतान जंजीर में जकड़ दिए जाते हैं। नफ्ल का सवाब फ़र्ज़ के बराबर और फ़र्ज़ का सवाब सत्तर फ़र्ज़ों के बराबर दिया जाता है।

## नर्सिंग छात्राओं ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संकाय में बेसिक बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष में अध्ययनरत 30 छात्राओं ने जंगल कौड़िया ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय घुरवा टोला में स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक और चार्ट प्रस्तुति की मदद से व्यक्तिगत स्वच्छता के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी दी गई।

# आगामी त्यौहार होली के दृष्टिगत एसपी जीआरपी ने किया वार्षिक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** पुलिस अधीक्षक रेलवे संदीप कुमार मीना द्वारा आगामी त्यौहार होली के दृष्टिगत जीआरपी थाना बलिया का वार्षिक निरीक्षण किया गया। सीसीटीएनएस, मालखाना, शस्त्रागार, कार्यालय के समस्त अभिलेखों व थाना जीआरपी बलिया पर लंबित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित कर अवलोकन में पायी गई कमियों को दूर करने हेतु निर्देशित किया गया।



निरीक्षण के दौरान शस्त्रागार में शस्त्र, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, डंडा व दंगा नियंत्रण उपकरणों की स्थिति परखी गई। शस्त्रागार के समस्त दंगा नियंत्रण यंत्रों की एक्सपायरी आदि चेक करने के उपरांत सुव्यवस्थित रखने हेतु निर्देशित किया गया। पुरुष बंदी गृह व बैरको का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान संबंधित को आवश्यकक दिशा निर्देश दिए गए। महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया वहां नियुक्त महिला कर्मचारी से कार्य विवरण की जानकारी कर महिला यात्रियों के प्रति उनके दायित्व से भी अवगत कराया गया। थाना जीआरपी बलिया पर नियुक्त समस्त कर्मचारी के साथ गोष्ठी कर सतर्क रहकर पूरी तन्मयता के साथ कार्य सरकार संपादित करने की प्रेरणा दी व उनको आने जाने यात्री से मृदु व्यवहार करने का सलाह भी दिया गया तत्पश्चात उनकी समस्याओं के बारे में प्रत्येक कर्मचारी से वार्ता कर जानकारी ली गई एवं उसके निस्तारण हेतु जीआरपी थाना प्रभारी बलिया को निर्देशित किया गया । थाना कार्यालय में उपस्थित समस्त रजिस्टर के अवलोकन के आरपीएफ के साथ प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया, आउटर, पार्किंग, वेटिंग हॉल आदि का सघनतापूर्वक पैदल गस्त किया गया तथा रुकी ट्रेन का भी निरीक्षण के दौरान यात्रा कर रहे यात्रियों को यात्रा के समय किसी भी अपरिचित यात्री से खाने-पीने वाली की चीज न लेने का सुझाव दिए।

# अपनी भाषा के दम पर ही हमारे साहित्य का स्थान सर्वोपरि : वामिक खान




- हिंदी उर्दू कॉनक्लेव जश्न 2025 का आयोजन
- फिल्मो में भाषा का गिरता स्तर चिंताजनक : इमरान

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** हमारे साहित्य में अपनी भाषा का स्थान हमेशा से सर्वोपरि रहा है ये बात विभूति खंड गोमती नगर में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कही। उर्दू अकादमी के ऑडिटोरियम में हिंदी उर्दू कॉनक्लेव जश्न 2025 का आयोजन किया गया।

फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अजीज सिद्दीकी, अब्दुल वहीद ने दीप जलाकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी जुबान हमारी ताकत है। आज पहले सत्र की शुरुआत सहाफत, पत्रकारिता विषय से हुआ जिसमें एवी सिंह, सुशील दुबे, डॉ एस एस हासमी व जुबैर अहमद ने आधुनिक दौर की पत्रकारिता में भाषा के योगदान पर चर्चा की। अगले सत्र फ़िल्म विषय पर बोलते हुये फ़िल्म बिग ब्रदर,भगत सिंह फेम् अभिनेता इमरान खान ने फिल्मो में भाषा के गिरते हुये स्तर चिंता जताई। इस दौरान योगेश त्रिपाठी, इशिका अरोरा, मंजुल आज़ाद ने भी विचार व्यक्त किये। वही राजनीति में भाषा विषय पर प्रदीप सिंह बाबू, दीपक रंजन, सुरेंद्र राजपूत, रोहित अग्रवाल, कमर अली, डॉ ए छाबड़ा ने वक्तव्य दिया। कार्यक्रम के अगले प्रसून में अदब टॉपिक पर बोलते हुये अतहर नवी, डॉ वसीम अख्तर, सिराज मेहदी, डॉ के एस बज्मी यूनुस ने अपना पक्ष रखा।कानून मुद्दे पर बोलते हुए प्रमीला मिश्रा, सलाहुद्दीन शिबू और विनोद मिश्र मेराज अंसारी ने पुरानी कानूनी भाषा हिंदवी में बदलाव पर रोष व्यक्त किया।

# शिवभक्तों ने गाजे बाजे से निकाली भगवान शिव की बारात



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नगर के विकास खंड परिसर में स्थित शिव मंदिर से भक्तों द्वारा गाजेबाजे के साथ भव्य शिव बारात निकाली गई। विकासखंड रामपुरा परिसर स्थित शिव मंदिर से भक्तो ने शिवरात्रि के अवसर पर भोलेनाथ की बारात निकाली। भगवान शिव की बारात किला,खेरे आनंदेश्वर मंदिर होते हुए झंडा चौराहा से सराफा बाजार ऊमरी स्टैंड थाने के सामने से होली मोड व नगर के विभिन्न मार्ग होते हुए वापस विकासखंड कार्यालय परिसर स्थित शिव मंदिर पर पहुंची। भक्तो द्वारा भगवान शिव की बारात में छोटे बच्चों को भगवान शिव व पार्वती का स्वरूप बनाकर रथ पर बैठाकर पुष्पवर्षा करते हुए पूरे नगर में भ्रमण कराया। शिव बारात में महिलाएं व बच्चे भगवान शिव के भक्तिमय गीतों पर थिरकते नजर आये। मंदिर परिसर में महिलाओं ने मांगलिक गीत गाया। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भोले बाबा की पालकी पूरे नगर में भ्रमण के दौरान सम्पूर्ण नगर शिवमय रंग में रंग दिया। बारात में भगवान शिव के सुंदर भजनों पर भक्त झूमते नजर आए। आस्था और विश्वास की इस भक्तिमय जुगलबंदी के बाद पूरा नगर शिवमय हो गया।

# भाजपा सरकार में युवा दर-दर भटक रहे है

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** आज पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा द्वारा अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तीन जगह पर पीडीए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बूथ नंबर 15 16 17 18 पिथनापुर मजरा गनुआपुर मंदिर पर कार्यक्रम संयोजक गौरव राजपूत, विधानसभा अध्यक्ष युवजनसभा एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज मिश्रा पूर्व जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहे।



इस मौके पर पप्पू तिवारी ओमपाल कुशवाहा रणजीत राजपूत रामू राजपूत अनूप मिश्रा देवेंद्र शाक्य भोले शंकर राजपूत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे। वहीं बूथ संख्या 66 भावपुर चौरासी में पीडीए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां पर सैकड़ो लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम प्रधान रमेश चंद तिवारी एवं कल्लू पाल एवं अरविंद अग्निहोत्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज मिश्रा जिला पंचायत सदस्य को बनाया गया । मंच पर सभी जातियों के लोग उपस्थित रहे। सपा नेता मनोज मिश्रा ने कहा कि वर्तमान सरकार में युवाओं को रोजगार, बच्चों को शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था पर तीखे सवाल उठाए गए जो भी फर्रुखाबाद में देन है वह समाजवादी पार्टी के द्वारा ही विकास कार्य किया गया है चाहे लोहिया अस्पताल हो चाहे एंबुलेंस हो चाहे हंड्रेड डायल पुलिस हो, गरीबों पिछड़ों दलित के सम्मान के लिए हमारे नेता मुलायम सिंह यादव ने जो लड़ाई लड़ी है इस लड़ाई की बदौलत पिछड़ों और दलित का सम्मान हो रहा है और आज की तानाशाही सरकार संविधान को बदलकर मोदी संविधान लाना चाहती है। युवा दर-दर भटक रहे हैं नौकरियां है नहीं और भर्ती होती भी है तो पेपर लीक हो जाता है ।गंगा पार बाढ़ ग्रस्त एरिया है यहां पर सांसद और विधायक द्वारा कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाया गया जिससे की बाढ़ से निजात मिल सके। हमने शमशाबाद ढाई घाट से लेकर फर्रुखाबाद तक गंगा नदी के दोनों तरफ बांदा बनवाने को लेकर ज्ञापन दिया परंतु सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रहा। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता है बच्चों का भविष्य अंधकार में जा रहा है। शिक्षा का कोई अच्छा साधन नहीं है, स्वास्थ्य व्यवस्था एक टांग पर चल रही है। आने वाले 2027 के चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया गया।

# फ्लिपकार्ट ने ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्यशाला का किया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स प्लेटफार्म फ्लिपकार्ट और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के सहयोग से ग्रामीण महिला उद्यमियों के सशक्तिकरण के लिए विशेष कार्यशाल का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं, कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को सक्षम बनाना है। साथ व्यापार वृद्धि के लिए ई-कॉमर्स का लाभ उठाने, व्यापक बाजार पहुंच को सक्षम करने और आर्थिक रुप से सशक्त बनाना है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरुण ने मुख्य अतिथि के तौर पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है और यह लक्ष्य हमारे गांव–घरों के विकास से ही पूरा होगा। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री जी ने विकसित भारत के लिए लखपति दीदी बनाने का भी लक्ष्य दिया है, इसके लिए उस दिशा में बड़ी संख्या में दीदियां लखपति बन रही है। इस अवसर पर फ्लिपकार्ट समूह के मुख्य कॉर्पोरेट मामलों के अधिकारी श्री रजनीश कुमार ने कहा कि फ्लिपकार्ट में, हम स्थानीय कारीगरों, एसएचजी और छोटे उद्यमियों को डिजिटल युग के जरिए व्यापार करने का प्रशिक्षण देते हैं। ताकि इस तरह के उद्यमियों के उत्पाद को बड़ा बाजार मिल सके। श्री कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक बड़ा बाजार है और यहां की महिला उद्यमी काफी तरक्की कर रही हैं लेकिन उनके उत्पाद की पहुंच वैश्विक नहीं हो पा रही है। इसी उद्देश्य से इस तरह के कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के कन्नौज में आज की कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य डिजिटल समावेशन और ई-कॉमर्स के जरिए भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की हमारी एक पहल है।



# अपने पहले डब्ल्यूपीएल होम लेग के लिए लखनऊ पहुँची यूपी वारियर्स की टीम

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** कप्तान दीप्ति शर्मा की अगुआई वाली यूपी वारियर्स टीम ने मौजूदा वुमेंस प्रीमियर लीग में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन किए हैं और अब पहली बार अपने होम ग्राउंड लखनऊ पहुँची है। लखनऊ पहुँचने पर, प्रशंसकों ने यूपी वारियर्स टीम का जोरदार स्वागत करते हुए केडी सिंह स्टेडियम में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया।



कैप्री स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली यूपी वारियर्स इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगी और सबसे पहले 3 मार्च को गुजरात जायंट्स का सामना करेगी। उसके बाद, जॉन लुईस द्वारा प्रशिक्षित यूपी वारियर्स 6 और 8 मार्च को क्रमशः मुंबई इंडियंस और गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी। हालांकि वडोदरा में सीज़न की शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन यूपी वॉरियर्स ने अपने पिछले तीन मैचों में लय बरकरार रखा, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ़ रोमांचक जीत शामिल है। सीज़न के अब तक के हाइलाइट्स में ग्रेस हैरिस की हैट्रिक शामिल है, जो WPL के इतिहास में तीसरी और यह कारनामा करने वाली यूपी वॉरियर्स की खिलाड़ी हैं। इसके अलावा चिनेल हेनरी ने भी शानदार प्रदर्शन किया था, जब उन्होंने 23 गेंदों में 62 रनों की शानदार पारी खेली, जिसके दौरान उन्होंने WPL के इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे तेज़ अर्धशतक (18 गेंद) बनाने का मील का पत्थर भी हासिल किया था। इस बीच, टी20 में दुनिया की नंबर-1 गेंदबाज़ सोफी एक्लेस्टोन ने भी उस समय बेहतरीन प्रदर्शन किया, जब यूपी वॉरियर्स ने सुपर ओवर में आरसीबी को हराया।

## डीएम की अध्यक्षता में व्यापार बन्धु की बैठक

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय व्यापार बन्धु बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने कहा कि शहर में व्यावसायिक उपक्रमों के सुगम संचालन एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए धरातल पर कार्य किए जाएं। उन्होंने व्यापारिक बन्धुओं से भी आव्हान किया कि वह शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने में पुलिस एवं प्रशासन का पूरा सहयोग करें ताकि आमजन को सुगम आवागमन उपलब्ध हो सके। बैठक में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के कोषाध्यक्ष किशन गुप्ता की जिज्ञासू मार्केट गॉधी पार्क पर शौचालल निर्माण एवं नाले ढ़के जाने के संबंध में नगर निगम द्वारा बताया गया कि शौचालन निर्माण के लिए चिन्हत स्थान पर दो निस्प्रयोज्य विद्युत पोल हटाए जाने हैं जिसके लिए विद्युत विभाग द्वारा दिए गए प्राकलन पर भुगतान की कार्यवाही प्रक्रिया में है, विद्युत पोल हटते ही शौचालय निर्माण कराया जाएगा। इसी प्रकार खुले नाले को ढ़कने के लिए आरसीसी स्लैब के निर्माण के लिए निविदा आमंत्रित की गई हैं, जिसके पूर्ण होते ही नाला ढ़कने की कार्यवाही आरम्भ की जाएगी।

## अजीत कटेरिया के नेतृत्व हुआ पीडीए कार्यक्रम

**फर्रुखाबाद।** आज कायमगंज विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामनगर धीमान नगर कटिया में पीडीए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अजीत कुमार कठेरिया रहे। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार यादव जिला पंचायत सदस्य ने किया। आयोजन करता मास्टर राकेश चंद्र यादव रहे, इस मौके पर ऋषि पाल बाथम,बृजभान पाल, डब्बू दीक्षित, महेंद्र पाल यादव प्रमुख वक्त के तौर पर मंचासीन रहे।


## सूचना

मैं मिनाक्षी गुप्ता पत्नी राहुल कुमार गुप्ता फ्लैट नं 307, बी.सी.सी. टावर सुल्तानपुर रोड, अर्जुनगंज, लखनऊ की निवासी हूँ, मेरे सभी दस्तावेज़ों में मेरा नाम मीनाक्षी रेजा (MINAKSHI REJA) दर्ज है, मैंने अपना नाम मीनाक्षी गुप्ता (MINAKSHI GUPTA) से बदल कर मीनाक्षी रेजा (MINAKSHI REJA) कर लिया है। भविष्य में मुझे मीनाक्षी रेजा (MINAKSHI REJA) के नाम से जाना, पहचाना और पुकारा जाए।

## सूचना

न्याया. मा. प्रधान न्यायाधीश परिवार, सहारनपुर प्रकीर्ण वाद स०124 सन 2024 गुरमिलन सिंह पुत्र श्री नरेन्द्र सिंह भाटिया निवासी म०न०437,गली न०13, गुरुतेग बहादुर नगर,कपूरथला, पो.कपूरथला, जि०कपूरथला मो 9592189293...(वादी) ... बनाम ... श्रीमति दीक्षा पत्नी श्री गुरमिलन सिंह पुत्री श्री संजीव कुमार छाबडा उम्र करीब 28 वर्ष हाल निवासी यू-2, निकट शिव मन्दिर, हकीकत नगर,शहर सहारनपुर आधार न0800963911376 (विपक्षी) मो0न09417119878 हरगाह वादी ने इस न्यायालय में आपके विरुद्ध एक नालिश बाबत गार्डियन एण्ड वॉर्ड एक्ट अधिनियम की 25 धारा 7 के तहत (बच्चों की कस्पटडी) हेतु दायर की है लिहाज़ा आपको हुक्म होता है कि आप असालतन या वकालतन दिनांक 5 मार्च 2025 को सुबह दस बजे न्याय० प्रधान न्यायाधीश(परिवार) सहारनपुर में हाज़िर हो कर जवाब देही दावा कि करें आपको लाज़िम है कि उसी रोज जुमला गवाह दस्तावेज़ जो आप अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहें पेश करें आपको इत्तिला दी जाती है कि बेरोज मज़कूर आप हाज़िर ना होंगे तो मुक़दमा बग़ैर हाज़िरी आपके समात और फैसला होगा। आज दि.15.2.2025 को जारी किया गया।

**आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी**
**प्रधान न्यायधीश (परिवार न्याय.) सहारनपुर**

## Notice

It is notified to general public that rahul Kumar s/o rampal singh r/o manoharpur, sre. sale deed executed by smt.chandrama devi w/o harish kumar r/o nagla babail khurd, nagla, sre in favour of smt. sita w/o santosh, r/o mata garh, sre. which bhai no.1, Jild no.7715, page no.139-166, doc. no. 4019 regd on dated 26/4/23 at sub registrar saharanpur is lost if any one found meet.

**Ritesh Tyagi Adv ch.19 civil court,sre.**
**M...8810002033**


## बम-बम भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय

**उरई (जालौन)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर पंचनद क्षेत्र के शिवालयों मे हजारों श्रद्धालुओं ने बम बम भोले के जय घोष के साथ पूजा अर्चना की गई। शिवरात्रि के अवसर पर जनपद के प्रसिद्ध संगम तीर्थ पंचनद के जल में हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान कर संगम का पवन जल लेकर पंचनद स्थित महाकालेश्वर मंदिर एवं श्री बाबा साहब मंदिर में जलाभिषेक कर अपने कल्याण की कामना की


## सूचना

मैं मो बिलाल पुत्र मोहम्मद इसरार कुरैशी निवासी- 475, बूचड मोहाल, सदर बाजार, कैंट लखनऊ, उत्तर प्रदेश का हूं। मेरे सभी दस्तवेज़ो में मेरा नाम मो बिलाल कुरैशी (MOHD BILAL QURAISHI) दर्ज है, मैने अपना नाम मो बिलाल (MOHD BILAL) से बदलकर मो बिलाल कुरैशी (MOHD BILAL QURAISHI) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मो बिलाल कुरैशी (MOHD BILAL QURAISHI) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

# आजादी के महानायक शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस पर आयोजित हुई विचार गोष्ठी



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट द्वारा देश की आजादी के महानायक शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस पर आज नंद कॉन्वेंट स्कूल में चित्र पर माल्यार्पण करके विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।और उसके बाद विचार गोष्ठी स्कूल की प्रधानाध्यापिका अनिता यादव की अध्क्षता में किया गया।संचालन स्कूल के अध्यापक शैलेन्द्र कुमार ने किया,गोष्ठी को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि आजादी के आंदोलन में क्रांतिकारियों ने अपनी कुर्बानी दिया, क्रांतिकारियों ने अपने लिए नहीं, अपनो के लिए कुर्बानी दिया।साम्राज्यवाद के खिलाफ अंग्रेजी हुकूमत को उखाड़ फेंकने का काम किया।तमाम यातनाएं झेलते हुए अपने संघर्ष को आगे बढ़ाया और देश को आजाद कराया। इंकलाब जिंदाबाद, हमारा देश जिंदाबाद के नारे के साथ देश को आजाद कराया और आज हमें आजादी मिली।प्रधानाध्यापिका अनिता यादव ने कहा कि हम सबको एकजुट होकर क्रान्तिकारियों की परम्परा को आगे आम जन तक पहुंचाना होगा तभी क्रांतिकारियों का सपना स्कार होगा।ट्रस्ट की सदस्य पूजा श्रीवास्तव ने कहा कि आजादी के लिए युवाओं ,महिलाओं,किसानों,मजदूरों ने आंदोलन करते हुए कुर्बानी दिया,आज समाज को बांटने व नफरत फैलाने का काम कर रही है। जिसके के लिए हमे नफरत व हिंसा को खत्म करके अमन प्यार लायेंगे। गोष्ठी में धन्यवाद ज्ञापित करती हुई स्कूल की इंचार्ज मालती तिवारी ने कहा कि आज क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की शहादत दिवस पर आयोजित गोष्ठी में मौजूद सभी साथियों का धन्यवाद की आप लोग शामिल हुए,इसी तरह कार्यक्रम होता रहे।हमें क्रांतिकारियों के विचारों को आगे ले जाना ही हम लोगों की बड़ी जिम्मेदारी है।

अंतिम में अपनी रचना जो मेरे देश के है गद्दार, जिन्हें नहीं है देश प्यार वो हिंदुस्तान छोड़ दे, सुनाकर खूब ताली बजाई। गोष्ठी को विद्यालय के प्रबंधक रजनीकांत, नीतू द्विवेदी, मीरा मिश्रा, पंकज , मंगला प्रसाद मिश्रा ने संबोधित किया।

## शैक्षिक विकास का स्तर कम होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने शिक्षकों को लगाई फटकार



**अयोध्या।** जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने गुरूवार को अमानीगंज क्षेत्र के भटपुरा गोपालपुर प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय के कैंपस में ही संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र की व्यवस्थाओं को भी देखा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने विद्यालय के शिक्षकों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपस्थित नही थे जिस पर बताया गया कि वे अवकाश पर हैं। निरीक्षण के दौरान कई छात्र-छात्राएं बिना यूनीफार्म के विद्यालय आए थे। जिस पर शिक्षकों को निर्देशित किया कि अभिभावकों से संवाद स्थापित कर बच्चों को रोजाना विद्यालय के यूनीफार्म में आना सुनिश्चित करें। बच्चों को कम किताबें मिलने की शिकायत पर बेसिक शिक्षा अधिकारी से फोन से वार्ता कर जल्द से जल्द किताबों की उपलब्धता कराने को कहा गया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से बात कर उनके शैक्षिक स्तर को परखा। शैक्षिक विकास का स्तर कम होने पर शिक्षकों को फटकर लगाई। तथा प्रत्येक छात्र पर ध्यान देते हुए सुधार लाने का निर्देश दिया। विद्यार्थियों से वार्ता कर मिड-डे-मील तथा अन्य सरकारी सुविधाओं की जानकारी लिया। आंगनबाडी केन्द्र के निरीक्षण में सब-कुछ ठीकठाक मिला। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मिड-डे-मील तथा अन्य सरकारी सुविधाओं के बारे में शिक्षकों तथा बच्चों से जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षा जीवन की नींव के समान है। सरकार प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च स्तर तक के शिक्षा स्तर में सुधार के लिए व्यापक योजनाएं चला रही है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में उच्चकोटि के शिक्षकों द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराई जाती है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### वेव ग्रुप के मालिक मनप्रीत सिंह चड्ढा उत्तर प्रदेश में किसानों को बना रहे सशक्त

# 2 मार्च को बिजनौर आ रही है बेल्जियम की राजकुमारी

■ वेव ग्रुप का उपक्रम एग्रीस्टो मासा से हो सकता है बड़ा समझौता!

■ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हो सकते हैं कार्यक्रम का हिस्सा!





*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** सरकार के साथ-साथ अब कारपोरेट जगत भी किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए कदम आगे बढ़ा चुका है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में अब कई कारपोरेट घराने किसानों की आमदनी को दोगुनी करने के लिए नए-नए संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं। इसी क्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बिजनौर में वेव ग्रुप का एक उपक्रम एग्रीस्टो मासा प्राइवेट लिमिटेड किसानों की आमदनी को दोगुना करने में जुट गया है। बताया जा रहा है कि 2 मार्च को बिजनौर स्थित एग्रीस्टो मासा कंपनी के साथ बेल्जियम की कंपनी के साथ अपने कारोबार को और विस्तार दे रही है। इस दिन किसी नए निवेश की घोषणा हो सकती है। इसमें वेव ग्रुप के मालिक मनप्रीत सिंह चड्ढा के अलावा बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड भी अपने देश के कई बड़े राजनयिकों, व्यवसायियों के साथ आ सकती है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस कार्यक्रम में मौजूद रह सकते हैं। वेव ग्रुप के मालिक मनप्रीत सिंह चड्ढा बिजनौर के किसानों को बड़ा सौगात देना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि वे अपनी पारंपरिक जगह पर बड़ा उद्यम लगाएं ताकि यहां कि किसानों की आमदनी दोगुनी हो सके है और स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। गौरतलब है कि मनप्रीत सिंह चड्ढा का परिवार का पश्चिमी उत्तर प्रदेश से विशेष लगाव रहा है। इनके परिवार ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई जगह बड़ा निवेश किया। बिजनौर में हो रहे निवेश को इसी क्रम में देखा जा रहा है। मनप्रीत सिंह चड्ढा एक बिजनेस लीडर हैं जो काम करने में विश्वास रखते हैं। इसलिए इनके समूह ने अलग–अलग व्यवसायों के जरिए जहां रोजगार के साधन उपलब्ध कराएं वहीं समाज के हर वर्ग का ख्याल भी रखा। किसानों की आमदनी दोगुनी हो यह मनप्रीत सिंह चड्ढा की दूरदर्शी सोच की उपज है। सरकार चाहे केंद्र की हो या फिर उत्तर प्रदेश की किसानों की आमदनी कैसे दोगुनी हो इस पर लगातार चर्चा कर रही है। अगर कारपोरेट घराने भी इस क्रम में अगर आ रहे हैं तो अन्नदाताओं के लिए इससे बड़ी खुशखबरी कुछ और नहीं हो सकती।

### 45 बेरोजगारों ने दिया साक्षात्कार, 5 का हुआ चयन

**अयोध्या।** सियाराम चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में सहादतगंज स्थित ट्रस्ट के मुख्य कार्यालय पर रोजगार मेला आयोजित किया गया। यह मेला प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक चला और अयोध्या में रहने वाले शिक्षित एवं अशिक्षित बेरोजगारों के लिए आयोजित किया गया। रोजगार मेले की संयोजक रामानुज सिंह राम ने बताया कि इस बार 45 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार के लिए भाग लिया, जिनमें से 5 अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया गया।

### बोलेरो के ठोकर से बाइक सवार चोटिल, केस दर्ज

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ठूठीबारी निचलौल मार्ग पर नेटुअहिया गांव के समीप के रविवार को तेज बोलेरो ने बाइक सवार को ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सवार घायल हो गया वहीं बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। पीड़ित ने बोलोरो चालक केखिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मामले में पुलिस केस कर दर्ज के कार्रवाई की है। पीड़ित फैयाज निवासी पीपरा टोला अशोगवा थाना बरगदवा ने तहरीर में बताया कि 23 फरवरी दिन रविवार को समय करीब पांच बजे दिन अपने भाई छोटूअली व राजू यादव खैरहवा के साथ लोहरौली से वापस घर जा रहे कि रास्ते में नेटुअहिया के समीप विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही बोलेरो मेरे बाइक में जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सवार दो लोगो को गंभीर चोट के साथ बाइक क्षतिग्रस्त हो गया। इस बाबत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि घटना में सम्बन्धित धारा में केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### मोबाइल दुकान से हज़ारों की चोरी

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** सिसवा कस्बे के सरदार पटेल नगर स्थित मोबाइल स्पेयर पार्ट्स के दुकान के छत पर लगे शेड को तोड़कर हज़ारों की चोरी का मामला सामने आया है। मामले में दुकानदार ने कोठीभार पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

सरदार पटेल नगर सबया उत्तर टोला निवासी कुलदीप ने दिए गए तहरीर में कहा है कि सबया ढाला पर उसकी मोबाइल फोन स्पेयर पार्ट्स की दुकान है। विगत मंगलवार की रात वह दुकान बंदकर घर चला गया। बुधवार को सुबह कुलदीप इटहिया चला गया। अपराह्न करीब एक बजे जब वह वापस आकर दुकान खोला तो देखा कि समान बिखरा पड़ा हुआ है। दुकान के ऊपर सीमेंट की शेड को तोड़कर घुसे चोरों ने चौदह पीस कीपैड मोबाइल फोन, स्पेयर पार्ट्स सहित दुकान में रखा चालीस हजार रुपया ले उड़े थे। कुलदीप ने पुलिस से मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मामले में एसओ अखिलेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिला है। शीघ्र ही केस दर्ज कर लिया जाएगा।

## मौसम ने ली करवट, अस्पतालों में दिखी मरीजो की भीड़

**बाराबंकी।** बदलते मौसम से मरीजों की संख्या में इजाफा, अस्पतालों में भीड़, खांसी जुखाम बुखार से पीड़ित हैं मरीज। बदलते मौसम से सीएचसी जैदपुर में मरीजों की भीड़ बढ़ती जा रही हैं। चिकित्सकों के पास मरीजों की लंबी कतार देखने को मिल रही हैं। अस्पताल में वायरल बुखार के साथ खांसी-जुकाम के मरीज पहुंच रहे हैं। देखा जाए तो जैदपुर अस्पताल में प्रतिदिन 2-3 से अधिक मरीज प्रतिदिन भर्ती हो रहे हैं। गुरुवार को जैदपुर सीएचसी की ओपीडी में नए और पुराने मिलाकर करीब 300से अधिक मरीज ईलाज के लिए पहुंच रहें हैं । इनमें से सबसे अधिक बुखार-खांसी -जुकाम के पीड़ित थे। अस्पातल में आजकल फिजिशियन के पास सबसे अधिक मरीजों की भीड़ देखने को मिल रही हैं।प्रत्येक डॉक्टर के पास मरीजों की लंबी कतार लगी रहती हैं। हाल यह हैं कि प्रत्येक मरीज को दस मिनट से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ रहा हैं। खांसी जुकाम के मरीजों की भी यही स्थिति हैं। मौसम के बदलाव के कारण जिला अस्पताल में खांसी-जुकाम के मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही हैं।

# राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं के भित्ति चित्रों को सराहा

## भित्ति चित्रकला का अवलोकन करते हुए राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं से किया संवाद

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अटल अतिथि गृह में दोपहर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन का आगमन हुआ। उन्होंने प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) के अन्तर्गत ललित कला के छात्र-छात्राओं द्वारा भित्ति-चित्रण का अवलोकन किया। राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं के रचनाधर्मिता की तारीफ करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में अद्भुत प्रतिभा है जिसे टीम भावना से भारतीय लोक कला को दीवारों पर उकेरा है। राज्यपाल ने अतिथि गृह की दीवारों पर 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भारत के पंजाब, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, केरल, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, बिहार तथा उत्तर प्रदेश आदि की लोक कला एवं जनजातीय कलाओं के अलौकिक चित्रण का अवलोकन किया। राज्यपाल ने क्रमवार भित्ति चित्रकला का



अवलोकन करते हुए छात्र-छात्राओं से संवाद किया। विद्यार्थियों ने राज्यपाल को बताया कि आम जनमानस को लोक संस्कृति से रूबरू कराने के लिए कलाकृतियों को उकेरा गया है। इसमें मधुबनी, कलमकारी, सांझी, पिछ्वई, गोंड, कोहबर, केरला भित्ति चित्रण तथा तुलसी-चौरा सहित कई परंपरागत कला शैली दीवारों पर चित्रित किया गया है। राज्यपाल आनन्दीबेन ने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भारतीय लोक कला को दीवारो पर उकेरा है। इसमें इनकी रचनाधर्मिता दिखाई पड़ रही है। यह परम्परा लोक सांस्कृतिक धरोहरों को हिस्सा है। इसे विद्यार्थियों ने दीवारों पर उकेर जीवंत किया है। कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने बताया कि आम जनमानस को लोक संस्कृति से परचित कराने के लिए विद्यार्थियों ने अपने कौशल को प्रदर्शित किया है। इससे अलग-अलग राज्यों की सांस्कृतिक विविधताओं को पता चलता है। राज्यपाल के आगमन पर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल, वित्त अधिकारी पुर्णेन्दु शुक्ल, कुलसचिव उमानाथ, प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 चयन कुमार मिश्र, प्रो0 अशोक राय, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह सहित अन्य ने पुष्पगुच्छ भेटकर स्वागत किया। इसके उपरांत राज्यपाल के संग छात्र-छात्राओं ग्रुप फोटोग्राफी कराई।

इस अवसर पर आयुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, एसएसपी राज करन नय्यर, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्रा, डॉ0 सरिता सिंह, डॉ0 नीलम सिंह, डॉ0 महिमा चौरसिया, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, उपकुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य, डॉ0 महेन्द्र पाल सिंह, अभियन्ता आरके सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# वर्तमान में रक्तदान ही सबसे बड़ा जीवनदानः अनिल प्रजापति

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** श्री लक्ष्मी चेरीटेबल ट्रस्ट अयोध्या के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के प्रथम सत्र में जिला हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एडवोकेट अनिल प्रजापति तथा विशिष्ट अतिथि अम्बरीष चन्द्र पाण्डेय निदेशक अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ को स्वदेश भारत स्मारिका एवं अंगवस्त्र पट्टिका सप्रेम भेंट करते हुए संयोजक एस. बी. सागर प्रजापति तथा अध्यक्ष आशीष श्री ने स्वागत एवं सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्तमान में रक्तदान ही सबसे बड़ा जीवनदान है। वहीं संयोजक एस. बी. सागर प्रजापति ने कहा कि विभिन्न बीमारियों एवं दुर्घटनाओं के दौरान शरीर में जब रक्त की कमी हो जाती है और जीवन खतरे में होता है तो यही रक्तदान ही उसके जीवन की रक्षा करने में सहायक होता है।

अध्यक्ष आशीष श्री ने बताया कि विपरीत परिस्थियों में जनहित में यदि किसी को खून की आवश्यकता होगी तो संस्था द्वारा रक्तदान ही जीवनदान देने का कार्य करेगी। रक्तदान के लिए 11 लोगों द्वारा फॉर्म भरा गया था जिसमें योग्य 7 लोगों के द्वारा रक्तदान किया गया।रक्तदान करने वाले लोगों में मुख्य रूप से महेंद्र कुमार, दीपांश श्रीवास्तव, अध्यक्ष आशीष श्री, उपाध्यक्ष करन प्रजापति, महामंत्री जितेन्द्र प्रजापति अमरजीत पटेल आदि शामिल है।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष रिंकी यादव, गुड्डन प्रजापति, विकास कुमार, अरुण यादव आदि लोग मौजूद रहे।द्वितीय सत्र में श्री लक्ष्मी चेरीटेबल ट्रस्ट नाका चुंगी अयोध्या में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों द्वारा फूड मेला का आयोजन किया गया।

### टूरिस्ट बस पर पथराव व मारपीट में पांच के खिलाफ केस दर्ज

*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बुधवार की रात काठमांडू से दर्शन कराकर वापस लौट रहे तीर्थ यात्रियों की बस को बरगदवा क्षेत्र के पिपरा गांव में तीन बाइक सवार युवकों द्वारा ओवर टेक को लेकर हुई नोंक झोंक के बाद मारपीट व तोड़फोड़ की घटना हुई। मामले में कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की मदद से पांच आरोपित सहित अज्ञात पांच पप्पू पुत्र रामरतन निवासी हरपुर थाना सिंदुरिया के तहरीर पर पांच उपद्रवियों अजित उर्फ सिंटू, विक्की चौधरी , हृदेश यादव, राजेश यादव मधु सूदन चौधरी पर निजी संपत्ति को नुकसान पहुँचाना, जान से मारने की कोशिश करने समेत बलवा के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपितों की तलाश किया जा रहा है। शिवरात्रि पर्व पर सिंदुरिया थाना क्षेत्र से एक टूरिस्ट बस 70 तीर्थयात्रियों को लेकर नेपाल के काठमांडू नेपाल पशुपतिनाथ मंदिर दर्शन करने गए थे। बुधवार रात करीब नौ बजे वापस लौटने के दौरान बरगदवा थाना क्षेत्र के पिपरा गांव के पास पहुंचे थे कि बस को बाइक सवार ने ओवर टेक किया। जिसको लेकर बस चालक और बाइक चालक से विवाद हो गया,जहां तीखी नोंकझोंक के बाद खूब गाली गलौज हुआ। जाते समय तीनों बाइक सवार युवकों ने ठूठीबारी आओ तुमको सबक सिखाने हैं की धमकी देते हुए राजाबारी झरही नदी पुल के समीप आकर अपने दर्जन भर दोस्तों को बुलाकर बस का इंतजार करने लगे।

घटना के बाद चालक बस को लेकर ठूठीबारी की तरफ चल दिया जैसे ही वह राजाबारी पुल के समीप पहुंच था कि पहले गुस्साए इंतजार कर रहे बाइक सवार अपने दोस्तों के साथ बस रुकवा कर एकाएक चारो तरफ से ईट पत्थर व सब्बल से हमला कर दिया।अचानक हुए हमले से बस सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। जिससे लोगों की भरी भीड़ इकट्ठी हो गई। घटना से बस का शीशा पूरा टूट गया जिससे यात्री दहशत में आ गए।

## पहले की शादी फिर तीन तलाक देकर जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** अदालत में चल रहे मुक़दमें वापस लेने का दबाव बनाने के लिए मायके में रह रही पत्नी के साथ गाली गलौच और जान से मारने की धमकी देकर तीन तलाक़ देना एक दहेज लोभी पति को भारी पड़ गया। पीड़ित पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति और उसके दोस्त के ख़िलाफ़ बीएनएस की विभिन्न धाराओं समेत तीन तलाक़ कानून की धारा 3 व 4 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

बाराबंकी ज़िले की नगर कोतवाली इलाक़े के पीरबटावन मोहल्ला निवासी पीड़िता ने बताया कि अक्टूबर 2018 में उसका विवाह मो0 असलम पुत्र मो0 इस्लाम निवासी रायल कैटरर्स, लौता बाग, नबीगंज रोड, निकट पल्हरी चौराहा, थाना कोतवाली नगर, से हुआ था। शादी के कुछ माह बाद ही दहेज की मांग को लेकर पति असलम ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मांग पूरी न



होने पर पति असलम ने उसे बुरी तरह मारा पीटा, जिससे पेट मे पल रहे 7 माह के भ्रूण की मौत हो गयी। जिसे लेकर नगर कोतवाली में पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जो 5 साल से न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़िता के मुताबिक इस घटना के बाद से वो अपने पिता के घर रह रही है। पीड़िता ने बताया कि भ्रूण हत्या के मुकदमे के अतिरिक्त दहेज उत्पीड़न व फैमिली कोर्ट में गुजारे भत्ते का मुकदमा भी 5 साल से चल रहा है। इसी खुन्नस के चलते अक्टूबर 2024 में पति असलम व घोसियाना मोहल्ले में रहने वाला उसका दोस्त गुड्डू पुत्र भग्गन आधी रात को उसके घर के बाहर प्रार्थिनी का नाम लेकर मां बहन की गालियां व जान माल की धमकी देने लगा। दिनांक 16-10-2024 को समय रात्रि लगभग 1¬15 बजे पति मो0 असलम अपने दोस्त गुड्डू के साथ घर के बाहर आकर गन्दी गन्दी गालियां बकने लगा प्रार्थिनी के मना करने पर उसने प्रार्थिनी को तीन बार तलाक दे दिया और जान से मारने की धमकियां देता हुआ वहां से चला गया। इसके कुछ देर बाद दोनों फिर से उसके घर के बाहर आए और गाली गलौच करने लगे। उपरोक्त घटना घर के सीसीटीवी में सुरक्षित है। पीड़िता ने बताया कि उसने तुरंत 112 नम्बर पर काल किया और पुलिस को घटना की सूचना दी।

इसके बाद दिन के समय नगर कोतवाली में तहरीर भी दी लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया। जिसके बाद पीड़िता ने उच्चाधिकारियों को भी प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। इसके बाद पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी नगर को पुनः प्रार्थना पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई। जिसके बाद सीओ के आदेश पर आरोपी पति मोहम्मद असलम व उसके दोस्त गुड्डू के ख़िलाफ़ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# त्योहार होली एवं रमजान को सकुशल निपटाने को लेकर पीस कमेटी बैठक आयोजित

*अवधनामा संवाददाता*

**रामनगर बाराबंकी।** होली एवं रमजान के मद्देननगर स्थानीय थाने पर सीओ की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई।आगामी त्योहार होली एवं रमजान कैसे सकुशल निपटे इस पर आए हुए संभ्रांत जनों से अधिकारियों ने चर्चा की। पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि सभी त्योहार सौहार्दपूर्ण एक दूसरे के सहयोग के साथ मनाए जाएं यदि कोई असामाजिक तत्व है तो उसकी जानकारी हमें पहले से दें क्योंकि हमारे आंख और कान आप ही हैं। अगर किसी प्रकार की कोई दिक्कत आपको कहीं भी दिखाई दे तो आप हमारे सीयूजी नंबर या कोतवाल के सीयूजी नंबर पर तुरंत सूचित करें तुरंत कार्रवाई की जाएगी। वहीं नायब तहसीलदार अश्विनी कुमार ने लोगों को समझाते हुए कहा की सत्संग या जमात में जिनको आना चाहिए वह



नहीं आते यदि ऐसे लोग आ जाएं तो उनकी संगत सुधर जाए सौहार्दपुर त्योहार में किसी के बहकावे में ना आए अन्यथा परिणाम स्वयं को ही भुगतना पड़ता है। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय त्रिपाठी ने सभी से कहा कि आप सब अपने चहेतों को यह जरूर बता दें कि त्योहारों में नशे का प्रयोग बिल्कुल ना करें नशे के सेवन ही अपराध होता है।यदि कोई आपसी विवाद है तो किसी भी जनप्रतिनिधि के साथ बैठकर सौहार्दपूर्ण ढंग से विवाद का निस्तारण करें। सभी लोग हमेशा ध्यान रखें पहले हम इंसान हैं इसके बाद जाति धर्म आते हैं। त्यौहार में हम ड्रोन के साथ वीडियो ग्राफी भी करवाएंगे जो भी गलत कार्य करता मिलेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।बैठक में आए कस्बे के डॉ सलीम व सभासद इसरार खान ने भी सभी सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाए जाने की अपील की। पीस कमेटी की बैठक में प्रधान राजन तिवारी शिवम मिश्रा लवी सिंह सभासद रियाज नेता रमेश राठौड़ जाबिर खान हाजी अमीर हसन मोहम्मद इमरान जल्लू बाबा इंस्पेक्टर राज बहादुर सरोज, सुभाष चंद्र यादव एस आई राम अवतार अखिलेश कुमार सत्रोहन सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## चन्द्रशेखर आज़ाद ने वीरता की नई परिभाषा लिखी थीः वसी हैदर



**बाराबंकी।** आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी भारत एकता मिशन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गन्ना दफ्तर में चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर उनके फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके जीवन वा संघर्ष के बारे मे चर्चा की गई। वसी हैदर एडवोकेट पूर्व जिलाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी ने बताया कि चन्द्रशेखर आज़ाद ने वीरता की नई परिभाषा लिखी थी। उनके बलिदान के बाद उनके द्वारा प्रारम्भ किया गया आन्दोलन और तेज हो गया, उनसे प्रेरणा लेकर हजारों युवक स्?वतन्त्रता आन्दोलन में कूद पड़े।आज ही के दिन यानी की 27 फरवरी को महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की मृत्यु हुई थी। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया था। चंद्रशेखर आजाद की मृत्यु एक वीरता पूर्वक योगदान के रूप में याद की जाती है। उन्होंने ब्रिटिश सरकार के सैन्य पर अभियोग लगाने के चलते अपनी ही गोली से अपनी जान ले ली थी। कम्र उम्र में चंद्रशेखर बेहद देश की आजादी की लड़ाई का हिस्सा बने थे। इस मौके पर हरिनंदन सिंह गौतम जिला प्रभारी भीम आर्मी, लालजी यादव प्रदेश अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन (शहीद भगत सिंह ) विमल कुमार,अमित कुमार, पवन कुमार, वीरेंद्र कुमार, राम कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमारमौर्य, सुनील कुमार, राजपूत गजराज रावत, रामचंद्र वर्मा, अनिता गौतम, दीवाकांत रावत एडवोकेट सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे

# छात्र हाफ़िज ने 11 घंटे में पूरी कुरान मुक्कमल की, दस्तार बांधकर सम्मानित किया

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** मदरसा दारुल उलूम सिद्दीकिया बड़ागांव के 17 वर्षीय छात्र हाफिज मोहम्मद अरकम ने लगातार 11 घंटे में कुरान मुकम्मल कर ली। इस उपलब्धि पर छात्र को दस्तार बांध कर सम्मानित किया गया। कस्बा जैदपुर के रहने वाले 17 वर्षीय छात्र हाफ़िज मोहम्मद अरकम वल्द अब्दुल हसीब बांसा बड़ागाव मार्ग पर स्थित मदरसा दारुल उलूम सिद्दीकिया मे रहकर पढ़ाई कर रहे है बुधवार को हाफ़िज मोहम्मद अरकम ने एक ही बैठक में हाफ़िज मोहम्मद आमिर व हाफिज मो0 अजहर की निगरानी मे पूरा कुरान पाक पढ़ा। लगातार 11 घंटे की एक ही बैठक में पूरा कुरान पाक पढ़ कर मुकम्मल करने पर हाजरीन ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए दुआओं से नवाजा। इस दौरान मदरसे के



मौलाना सगीर अहमद कासमी मुफ़्ती मिस्बाउरहमान कासमी, मौलाना अजहरुद्दीन नदवी ने कहा कि कुरान पाक अल्लाह की किताब है। इसे पढ़ना, सुनना और समझना सभी कुछ सवाब और बरकत का काम है। कुरान को समझकर पढ़ना और उस पर अमल करना सबसे अफजल है। हाफिज- ए- कुरान की इस्लाम में बहुत बड़ी फजीलत है। वह वालदेन खुशनसीब हैं जिनके बच्चे हाफिज-ए-कुरान हैं। इससे पूर्व गत सप्ताह सुल्तांनापुर रामनगर के छात्र हाफ़िज मो0 सद्दाम ने 11 घंटे मे कुरआन सुनाई थी। इस दौरान छात्र हाफिज मोहम्मद अरकम व हाफ़िज मोहम्मद सद्दाम को दसतार बांध कर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर मदरसा सदर मुल्ला हलीम अंसारी, प्रिंसपिल कारी मुईन अहमद नदवी, हाफिज शहाबुद्दीन दल्सराय, मास्टर नूरुल बसर मास्टर समीम, मौलवी नूरुल हसन अंसारी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, निजामुद्दीन अंसारी सहित मदरसे के बच्चे मौजूद रहे।

# किसी भी अंजान नम्बर से फोन काल के माध्यम से बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें : उसमान अली






अवधनामा संवाददाता

**वित्तीय साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

**सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ स्थित ग्राम दहियाड में बृहस्पतिवार को आरोह फाउंडेशन की तरफ से वित्तीय साक्षरता सप्ताह सामूहिक शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रिजर्व बैंक आफ इंडिया के सहायक महाप्रबंधक पल्लवी के द्वारा इस कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। इस दौरान उन्होंने लोगों को बचत के बारे मे एंव लोन लेते वक्त वित्तीय सूझ बुझ के बारे मे साथ ही साथ महिलाओं के स्वालंबी बनाने के तमाम योजनाओ को भी लोगों को बताया। वहीं नाबार्ड से जिला विकास प्रबंधक हिमांशु त्रिपाठी ने लोगों को कृषी से जुड़े बैंकिंग योजनाओ के बारे मे भी लोगो को बताया। आरोह फाउंडेशन के जिला समन्वयक उसमान अली ने लोगो को बताया की किसी भी अंजान नम्बर से फोन काल के माध्यम से ओटीपी न बताये बैंकिंग धोखाधड़ी से बचने के लिए टोल फ्री नंबर का प्रयोग करे। वहीं पीएम स्वनिधि योजना के तहत सड़क पर बिक्री करने वालों के लिए ऋण के बारे भी लोगो इसके बारे मे जानकारी दी साथ ही साथ केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित बैंकिंग योजनाओं के बारे मे लोगो को जानकारी दी गई प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,जीवन ज्योति बीमा योजना, जन धन योजना, कृषि ऋण, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना व आदि विभिन्न योजनाओं के बारे मे बताया गया। वित्तीय साक्षरता केंद्र शोहरथ गढ़ से वित्तीय सलाहकार संतोष शुक्ला ने तमाम बैंकिंग योजनाओं से लोगों को जागरूक कराया। इस दौरान ग्राम प्रधान पिटू चौधरी, अंबुज, अनवारूल हक़. सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** बृहस्पतिवार को विष्णु जायसवाल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी प्रतिनिधि के नेतृत्व में आजाद चौक पर महान क्रांतिकारी नर केसरी चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया जैसा कि हम लोग जानते हैं की स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारी दल का नेतृत्व करने वाले चंद्रशेखर आजाद का संकल्प था की दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे आजाद ही रहे हैं आजाद ही रहेंगे।

इस भावना से वह आजादी की लड़ाई में कूदे थे और आजादी के लड़ाई में क्रांति दल के नेता के रूप में कई वारदात सबसे आगे रहकर क्रांतिकारियों की सुरक्षा करते थे और आवश्यकता पड़ने पर मोर्चा भी लेते थे कहा भी गया है कि जो प्राण निछावर करते हैं इस मातृभूमि की वेदी पर इतिहास उन्हीं का बनता है कागज की विमल सफेदी पर तो आज स्वतंत्रता सलाम के इतिहास में चंद्रशेखर आजाद की वीरता समय की छाती पर वह शिलालेख है जो आने वाली पीढ़ियों को देश पर सब कुछ न्योछावर करने की प्रेरणा सदा देता रहेगा इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर मंडल अध्यक्ष कुबेर बारी प्रो. के पी त्रिपाठी अनुपमा सिंह महिला मोर्चा जिला महामंत्री शनि जायसवाल शैलेंद्र त्रिपाठी राकेश मिश्रा मनोज यादव रमाकांत बजरंगी वर्मा योगेश द्विवेदी हरकेश सिंह आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे और देश के प्रति सदैव जागरूक रहकर देश सेवा में सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा लेते हुए कार्यक्रम की समाप्ति घोषणा की गई।

# शहीद कुनाल किशोर के नाम वालीबाल प्रतियोगिता में गांधी आदर्श विद्यालय की टीम हुई विजयी

अवधनामा संवाददाता





**नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औदही कला में कैम्प लगाकर एसएसबी जवानों ने महिला पुरुष सहित पशुओं का किया नि:शुल्क इलाज**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** सशस्त्र सीमा बल 50वी वाहिनी बलरामपुर द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औदही कला में आयोजित की गई। जहां पर कैम्प लगाकर एसएसबी जवानों द्वारा 237 महिला पुरुष सहित कई पशुओं का नि:शुल्क इलाज किया गया है।

वहीं शहीद कुनाल किशोर के नाम पर वालीबाल प्रतियोगिता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जो फाइनल मैच भावपुर उर्फ गुलरी व गांधी आदर्श के बीच खेला गया। जिसमें गांधी आदर्श विद्यालय की टीम 18-25 से विजयी हुई, जिसे मेडल देकर सम्मानित किया गया। एसएसबी द्वारा भारतीय सीमा के ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को इलेक्ट्रिशियन, प्लम्बर, कम्प्यूटर, आदि का प्रशिक्षण देकर करीब 75 युवाओं को प्रमाणपत्र वितरण किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एसएसबी के जवान भारत नेपाल सीमा पर चौबीस घंटे तैनात होकर हमारे देश की रक्षा करने के साथ ही समय समय पर सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय लोगों को स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक करते रहते हैं। जिसके लिए उन्हें धन की भी आवश्यकता होती है। ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन हेतु हम सरकार से मांग करेंगे कि सरकार द्वारा इसके लिए फंड उपलब्ध कराया जाये। वहीं विशिष्ट अतिथि उपमहानिरीक्षक गोरखपुर मुन्ना सिंह ने मुख्यातिथि को अंगवस्त्र व उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर संजय कुमार (कमाण्डेन्ट 50 वी वाहिनी) दीपक सिंदे उप कमाण्डेन्ट, डा0 चंदन तालुकदार कमाण्डेण्ट चिकित्साअधिकारी (SVO), डा0 पार्थ दितीय कमान अधिकारी, अजय कुमार (चिकित्साधिकारी पचपेडवा), डा0 भारवेन्द्र सहायक कमाण्डेन्ट चिकित्साधिकारी, अजय कुमार सहायक कमाण्डेन्ट , नगर पंचायत अध्यक्ष बढ़नी सुनील अग्रहरी, एस पी अग्रवाल, अनिल अग्रहरी, प्रधान प्रतिनिधि अशोक अग्रहरी, महेश कुमार यादव, अजय प्रताप यादव,कन्हैया लाल मित्तल, ध्रुव चतुर्वेदी, नवसाद आलम, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# बांसी ब्लॉक में स्वच्छ भारत मिशन में बड़ा घोटाला

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** बांसी ब्लॉक के ग्राम पंचायत हयात नगर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने सामुदायिक शौचालय की स्थिति दयनीय है। ग्राम

**बंद पड़ा सामुदायिक शौचालय, पानी की नहीं व्यवस्था, केयरटेकर को दिया जा रहा वेतन**

पंचायत में लाखों रुपए की लागत से बना यह शौचालय आज शोपीस बन कर रह गया है सामुदायिक शौचालय की स्थिति बदहाल। जमीनी हकीकत यह है कि शौचालय कभी चालू ही नहीं किया गया। इसके बावजूद कागजों में इसका संचालन दिखाया जा रहा है। शौचालय की हालत बेहद खराब है। दरवाजा टूटा हुआ है और मकड़ियों ने जाले बना रखे हैं। यहां तक कि शौचालय में नल खराब पढ़ा है पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। अधिकारी कार्यालय में बैठकर ही मॉनिटरिंग कर रहे हैं और सरकार को गुमराह कर रहे हैं। ग्राम पंचायत में शौचालय के मरम्मत नाम पर 70,315 रूपये का 7 सितम्बर 2024 को हुआ भुगतान जब कि। ग्रामीणों का कहना है कि जब से शौचालय बना चालू ही नहीं हुआ और कोई साफ-सफाई नहीं हो रही, तो भुगतान कैसे हो रहा मरम्मत के नाम पर ब्लॉक के सचिव व प्रधान, जेई फर्जी भुगतान कर के हो रहे हैं मालामाल, लाखों रूपये खर्च कर के बनाया गया सामुदायिक शौचालय जिसका उपयोग न होकर ग्रमीण खुले में शौच करने के लिए हो रहे हैं मजबूर, जिससे बिमारी फैलने की डर बना रहता है। सवाल यह उठ रहा है कि जिम्मेदार अधिकारी जांच करगे या कुंभकर्णी नींद सोते रहेगे।

# मच्छरों की दवा छिड़काव न होने से क्षेत्रवासी परेशान

अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** गर्मी प्रारम्भ होते ही लोटन क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिसका मुख्य वजह गंदे पानी का जमाव, बजबजाती हुई नालियां मच्छरों का पनाहगार हो गया है। जो शाम होते ही मधुमक्खी की तरह लोगों को डंक मारने लगती है।इस की वजह से लोग बीमार भी पड़ने लगे है विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के लगभग सभी ग्राम पंचायतों व टोले पर पिछले कई वर्षो से ऐंटी लार्वा का छिड़काव नहीं हुआ है। जिसके चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। गांवों की साफ सफाई भी नहीं के बराबर है।जाम पड़ी नालियां, कूड़ा कचरा तथा गंदे पानी के जमाव से दिनरात मच्छरों की संख्या बढ़ती जा रही है। दिन छुपते ही मच्छर मधुमक्खी की तरह लोगों को काटने लगती है। जिससे लोगों को उठना, बैठना मुश्किल हो जाता है। तमाम ग्रामीणों ने कहा कि मच्छरों के काटने से तमाम तरह की घातक बीमारी होने का डर सता रहा है। वर्षो से मच्छर मरने वाले दवा का छिड़काव न होना व साफ सफाई पर ध्यान न देना सरकार के मंशा पर पानी फेरा जा रहा है।

# योग ज्ञान मुद्रा लोकार्पण: गौतम बुद्ध करुणा अहिंसा ममता का संदेश है देता : नेता प्रतिपक्ष

## सिद्धार्थनगर गौतम बुद्ध धरती व कालानमक से बनाये है अलग पहचान : सांसद

अवधनामा संवाददाता



**इटवा सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर के नगर पंचायत इटवा में महादेव नगर चौराहे पर योग की ज्ञान मुद्रा की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। गुरुवार को विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने इसका उद्घाटन किया। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि सिद्धार्थनगर गौतम बुद्ध की जन्मस्थली के रूप में जाना जाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के योग को बढ़ावा देने के प्रयास से कई देशों ने इसे अपनाया है। इससे लोगों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का लाभ मिल रहा है। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि योग की मुद्रा से लोगों को गौतम बुद्ध की जन्मस्थली की अनुभूति होगी। सुन्दरता चहल पहल व मुद्राओं से प्रभावित लोग प्रेरणा भी लेंगे। नगर पंचायत के चेयरमैन विकास जायसवाल ने आशा व्यक्त की कि इस मूर्ति से प्रेरित होकर लोग योग को अपने जीवन में शामिल करेंगे। कार्यक्रम में चेयरमैन विकास जायसवाल ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर एडीएम उमाशंकर, एसडीएम कुणाल और ईओ संदीप कुमार, आकाश शर्मा, दीपनारायण त्रिपाठी, कृष्णा मिश्रा, सच्चिदानंद पांडेय, गुड्डू यादव, पप्पू गोंड, अजय पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, सहज राम, घनश्याम जायसवाल, पप्पू उपाध्याय, सत्यम मोदनवाल, राहुल चौरसिया राकेश विश्कर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# शिक्षक समस्याओं को लेकर बीएसए से मिला संगठन का प्रतिनिधिमंडल

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र एवं महामंत्री कलीमुल्लाह के नेतृत्व में प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह से मिलकर शिक्षा, शिक्षक, एवं विद्यालय संबंधी समस्याओं को अवगत कराते हुए समाधान की मांग की। वार्ता के दौरान प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह से संघठन के प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि इस बार मध्यान्ह भोजन हेतु खाद्यान्न का आवंटन मात्र 10त्न विद्यालयों को ही हुआ है। जबकि लगभग सभी विद्यालयों में खाद्यान्न की आवश्यकता है। गत चार माह से विद्यालयों को कन्वर्जन कॉस्ट, फल, सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन तथा रसोइयों को मानदेय नहीं मिला है। बोर्ड परीक्षा को देखते हुए बाल्य देखभाल एवं अन्य अवकाश पर रोक लगने की वजह से तमाम शिक्षक जिन्हें वास्तव में अवकाश की आवश्यकता है उन्हें अवकाश नहीं मिल रहा हैं। वास्तविक शिक्षकों के अवकाश को स्वीकृत किए जाने की मांग की गई। प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खाद्यान्न संबंधी समस्या पर जिला समन्वयक मध्याह्न भोजन डीपी श्रीवास्तव को मांग पत्र के सापेक्ष खाद्यान्न का एक समानुपात में आवंटित करने का निर्देश दिया, तथा खाद्यान्न आवंटन की पत्रावली अवलोकन हेतु प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही एक सप्ताह पूर्व बजट प्राप्त होने के बाद भी कन्वर्जन कॉस्ट फल सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन और रसोइया मानदेय न भेजे जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला समन्वयक को तत्काल भेजने का निर्देश दिया। अवकाश संबंधी मामले में उन्हें बताया कि सभी अवकाश मै स्वयं स्वीकृत करता हूं, अस्वीकृत की दशा में उसके कारण का भी उल्लेख करता हूं, बोर्ड की परीक्षा चल रही है, यदि किसी अध्यापक को वास्तव में अवकाश की आवश्यकता है, तो वह उचित प्रमाण के साथ आवेदन करें, उन अवकाशों को स्वीकृत किया जाएगा। जनपद में शिक्षकों की अन्य तमाम समस्याओं पर चर्चा के दौरान उन्होंने बताया इस वक्त बोर्ड की परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने सभी से विद्यालयों में गुणवत्तायुक्त निपुण शिक्षा के साथ साथ सकुशल बोर्ड की परीक्षा को सम्पन्न कराने में सभी शिक्षकों से सहयोग का अनुरोध किया। वार्ता के दौरान के दौरान जिला अध्यक्ष अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र, महामंत्री कलीमुल्लाह, के एलावा बुद्धिराम, राजेश कुमार यादव, बालजीत कुमार, संजय आनन्द, धर्मेंद्र सिंह, आशीष भारती, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

# महेश प्रताप श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित हुई स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की बैठक



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** गुरुवार को नगर पंचायत डुमरियागंज सभागार में अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव की अध्यक्षता में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के दृष्टिगत रखते हुए सभी सुपरवाइजरों एवं कार्यालय स्टाफ के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव ने कहा कि हम सभी को मिलकर नगर पंचायत डुमरियागंज की रैकिंग को प्रदेश स्तर पर अच्छी करने के लिए सभी को प्रयास करना है। जिसके लिए प्रत्येक वार्ड में सड़क, नाली, नाला की साफ सफाई सहित अन्य कार्य करने को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने सिटीजन फीडबैक को बढाने के लिए नगर के सभी नागरिकों से अपील किया। अधिशासी अधिकारी ने स्वच्छता मानकों, नागरिक सहभागिता के महत्व पर ज़ोर देते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत नगर में डोर टू डोर कचरा से संग्रहण, कचरे का वर्गीकरण, सार्वजनिक स्थलो की सफाई और सिटीजन फीडबैक को और बेहतर बनाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान कासिम मेंहदी, महंथ मिश्रा, अर्पित दूबे, राम गोपाल, राजेश, हैदर, कन्हैया सहित कार्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# महिलाओं के उत्पीड़न के मामले पर महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही ने की सुनवाई



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देश पर राजकीय गेस्ट हाउस सभागार में आयोजित महिला जनसुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्या ऋतु शाही ने महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई की। महिला जनसुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्या ऋतु शाही द्वारा सुभावती देवी पत्नी वीपत थाना नगर, बिन्दु भारती पत्नी शिव प्रसाद थाना वाल्टरगंज, राधेश्याम पुत्र बाबूराम थाना भानुपर, भुवनेश्वरी देवी पत्नी लाल जी त्रिपाठी थाना सोनहा, गीता मिश्रा पत्नी युगुल किशोर थाना कलवारी, आकांक्षा श्रीवास्तव, अली हसन थाना पैकोलिया, ललिता देवी पत्नी गौरी शंकर दूबे थाना परसरामपुर, सोनी यादव पत्नी कनिक राम यादव थाना पैकोलिया, प्रीती चौधरी पत्नी विवेक चौधरी थाना कोतवाली, वन्दना गोस्वामी पत्नी मंगरू थाना रूधौली, सुदामा देवी पत्नी धनश्याम थाना कलवारी, आशा देवी पत्नी गीतारे थाना कप्तानगंज, परमीला वर्मा पुत्री फूलचन्द्र थाना कप्तानगंज, पूजा जायसवाल पत्नी अमित थाना सोनहा, लक्ष्मी गौड़ थाना लालगंज, सुमन पत्नी महेन्द्र थाना रूधौली, संगीता देवी पत्नी राजेन्द्र प्रसाद थाना पुरानी बस्ती, दीपिका पत्नी अनिल कुमार, कंचन पत्नी वीरेन्द्र थाना कोतवाली, अंजली चौधरी पत्नी स्व. रमन चौधरी थाना कलवारी, अनीता पत्नी सूर्यलाल थाना छावनी, अफसाना पत्नी अकबर अली थाना परसरामपुर, मोहब्बता पत्नी कतारू यादव थाना लालगंज, गुड़िया पत्नी शिव कुमार थाना परसरामपुर तथा प्रियंका श्रीवास्तव से सम्बन्धित आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गयी।

# बस्ती मंडल में विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए मंडलायुक्त ने की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती मंडल के मंडलायुक्त अखिलेश सिंह ने आज आयुक्त सभागार में मंडल के विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री, डिजिटल क्रॉप सर्वे, स्वास्थ्य, टीकाकरण, आईजीआरएस, पशुपालन, छात्रवृत्ति, बोर्ड परीक्षा और मध्याह्न भोजन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। मंडलायुक्त ने डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने पाया कि बस्ती जिले का मंडल में 39वां स्थान है, जो कि चिंताजनक है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को इस कार्य में तेजी लाने और अगले 15 दिनों में लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया। मंडलायुक्त ने मंडल के सभी अधिकारियों को ई-ऑफिस प्रणाली को शीघ्रता से लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे कार्यालयों में पारदर्शिता और दक्षता आएगी। उप निदेशक अर्थ और संख्या ने बताया कि इस कार्य के लिए जिला स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही एक बैठक आयोजित की जाएगी। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को आईजीआरएस शिकायतों का समय पर निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डिफाल्टर श्रेणी में आने से मंडल की रैंकिंग प्रभावित होती है। अपर आयुक्त प्रशासन ने भी इस मामले में अधिकारियों को सतर्क रहने की सलाह दी। अपर निदेशक पशुपालन ने बताया कि मंडल में गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान चलाया जा रहा है। इससे गोशालाओं में संरक्षित पशुओं के चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी। मंडलायुक्त ने बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की भी समीक्षा की। और सुरक्षा और सतर्कता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में छात्रवृत्ति वितरण, मध्याह्न भोजन योजना और अन्य विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को सभी योजनाओं को समय पर पूरा करने और जनता को उनका लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया।

**कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-2, ऐशबाग, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक :-2404/ई.ई.-2/एल.जे.एस. दिनांक : - 27/02/2025

**(अल्पकालीन निविदा सूचना)**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदाये आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 06/03/2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-2 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनाँक 06/03/2025 को अधिशासी अभियन्ता, जोन-2 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से प्राप्त की जायेगीं। प्राप्त सभी निविदायें दिनाँक 06/03/2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Reboring of 1.50 HP Submersible pump at Peepe Wali Gali, Chaudhry Gadhiya, Yahiyaganj Ward, LKo | 3300.00 | Rs. 200 | 7 दिवस |

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-2**
**जलकल विभाग, नगर निगम,**
**लखनऊ**

## परीक्षा प्रणाली में कैसे करें सुधार?

देश के सभी राज्यों मे छात्रों की परीक्षा का दौर शुरू है। यह हमारी परीक्षा प्रणाली का दोष है कि परीक्षाओं को लेकर न केवल छात्र, बल्कि अभिभावक और अध्यापक भी तनाव में आ जाते हैं। इस मुद्दे की बारीकी में विवेचना की जरूरत है। परीक्षाओं की शुरुआत 19वीं सदी में एक फ्रांसीसी दार्शनिक ने की थी, जिनका नाम सर हेनरी फिशेल था। वह इंडियाना यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका के प्रोफेसर थे। वह अमेरिका के एक व्यापारी थे। उनका दर्शन दो प्रकार की घटनाओं (बाहरी और आंतरिक) की जांच पर आधारित था। उनका मूल विचार यह है कि किसी व्यक्ति को किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले चीजों (घटनाओं, व्यक्तियों आदि) की बहुत सावधानी से जांच करनी चाहिए। इसलिए, वह जांच के दर्शन को अपनाने वाले पहले दार्शनिकों में से एक हैं। लेकिन यह कहना कि उन्होंने परीक्षा प्रणाली का आविष्कार किया या यहां तक कि चीजों की जांच करने का विचार उनके दिमाग में आया, इससे बहुत अलग है। उन्होंने छात्रों के दिमाग का आकलन करने के लिए परीक्षाएं शुरू करने के अपने विचार को भी अभिव्यक्त किया। उन्होंने किसी की जानकारी, शिक्षा, प्रतिभा, उत्कृष्टता आदि की जांच करना जरूरी समझा। क्योंकि जब कोई बच्चा कॉलेज में पहली बार स्कूल में होता था, तो वह बिना परीक्षा दिए ही एक क्लास से दूसरी क्लास में चला जाता था। लेकिन उसने एक साल में कितना अध्ययन किया, यह पता नहीं लगा सका कि उसने अपने पाठ्यक्रम के बारे में कितनी जानकारी हासिल की है। हेनरी फिशेल ने जो सबसे पहली परीक्षा शुरू की, वह छात्रों के सामान्य ज्ञान के बारे में जानने के लिए थी। हमारे देश में परीक्षा की खोज सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने की थी। उन्होंने 1948 में एक रिपोर्ट के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए परीक्षा प्रणाली की आवश्यकता पर जोर दिया था, जिससे उन्होंने एक समिति की स्थापना की।

इसके बाद, इसे 'राधाकृष्णन समिति' कहा गया और इसका सुझाव भारत सरकार ने मान लिया, जिससे भारत में प्रथम परीक्षा प्रणाली की शुरुआत हुई। भारत की वर्तमान शिक्षा प्रणाली को परतंत्र काल की शिक्षा प्रणाली माना जाता है। यह ब्रिटिश शासन की देन मानी जाती है। इस प्रणाली को लॉर्ड मैकाले ने जन्म दिया था। इस प्रणाली की वजह से आज भी सफेद कॉलरों वाले लिपिक और बाबू ही पैदा हो रहे हैं। इसी शिक्षा प्रणाली की वजह से विद्यार्थियों का शारीरिक और आत्मिक विकास नहीं हो पाता है। हमारा भारत 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ था। हमारे कर्णधारों का ध्यान नई शिक्षा प्रणाली की तरफ गया क्योंकि ब्रिटिश शिक्षा प्रणाली हमारी शिक्षा प्रणाली के अनुकूल नहीं थी। आजादी के बाद शिक्षा प्रणाली में सुधार लाने के लिए अनेक समितियां बनाई गई। देश में एक विशाल योजना बनाई गई जो तीन साल के भीतर 50 फीसदी शिक्षा का प्रसार कर सके। सैकेंडरी शिक्षा का निर्माण किया गया। बाद में बेसिक शिक्षा समिति बनाई गई जिसका उद्देश्य भारत में बेसिक शिक्षा का प्रसार करना था। अखिल भारतीय शिक्षा समिति की सिफारिश की वजह से बच्चों में बेसिक शिक्षा को अनिवार्य कर दिया गया था। शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन लाने के लिए कोठारी आयोग की स्थापना की गई।

**महाकुंभ में प्रयागराज पहुंचने वालों की संख्या ने निश्चित तौर पर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। लेकिन इस महाकुंभ में हमने ये भी देखा कि जो प्रयाग नहीं पहुंच पाए, वो भी इस आयोजन से भाव-विभोर होकर जुड़े। कुंभ से लौटते हुए जो लोग त्रिवेणी तीर्थ अपने साथ लेकर गए, उस जल की कुछ बूंदों ने भी करोड़ों भक्तों को कुंभ स्नान जैसा ही पुण्य दिया। कितने ही लोगों का कुंभ से वापसी के बाद गांव-गांव में जो सत्कार हुआ, जिस तरह पूरे समाज ने उनके प्रति श्रद्धा से सिर झुकाया, वो अविस्मरणीय है। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ।**

# एकता का महाकुंभ, युग परिवर्तन की आहट

महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा। 22


नरेन्द्र मोदी

जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे, और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी।

तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है, जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वो प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह ही है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की वो प्रेरणा देता है। बीते 45 दिन, प्रतिदिन, मैंने देखा, कैसे देश के कोने-कोने से लाखों-लाख लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे हैं। संगम पर स्नान की भावनाओं का ज्वार, लगातार बढ़ता ही रहा। हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था- संगम में स्नान। मां गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी। प्रयागराज में हुआ महाकुंभ का ये आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पॉलिसी एक्सपर्ट्स के लिए, नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है।

पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी। बस, लोग महाकुंभ चल पड़े...और पवित्र संगम में डुबकी लगाकर धन्य हो गए। मैं वो तस्वीरें भूल नहीं सकता...स्नान के बाद असीम आनंद और संतोष से भरे वो चेहरे नहीं भूल सकता। महिलाएं हों, बुजुर्ग हों, हमारे दिव्यांग जन हों, जिससे जो बन पड़ा, वो साधन करके संगम तक पहुंचा। और मेरे लिए ये देखना बहुत ही सुखद रहा कि बहुत बड़ी संख्या में भारत की आज की युवा पीढ़ी प्रयागराज पहुंची। भारत के युवाओं का इस तरह महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए आगे आना, एक बहुत बड़ा संदेश है। इससे ये विश्वास दृढ़ होता है कि



भारत की युवा पीढ़ी हमारे संस्कार और संस्कृति की वाहक है और इसे आगे ले जाने का दायित्व समझती है और इसे लेकर संकल्पित भी है, समर्पित भी है।

इस महाकुंभ में प्रयागराज पहुंचने वालों की संख्या ने निश्चित तौर पर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। लेकिन इस महाकुंभ में हमने ये भी देखा कि जो प्रयाग नहीं पहुंच पाए, वो भी इस आयोजन से भाव-विभोर होकर जुड़े। कुंभ से लौटते हुए जो लोग त्रिवेणी तीर्थ अपने साथ लेकर गए, उस जल की कुछ बूंदों ने भी करोड़ों भक्तों को कुंभ स्नान जैसा ही पुण्य दिया। कितने ही लोगों का कुंभ से वापसी के बाद गांव-गांव में जो सत्कार हुआ, जिस तरह पूरे समाज ने उनके प्रति श्रद्धा से सिर झुकाया, वो अविस्मरणीय है। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो बीते कुछ दशकों में पहले कभी नहीं हुआ। ये कुछ ऐसा हुआ है, जो आने वाली कई-कई शताब्दियों की एक नींव रख गया है। प्रयागराज में जितनी कल्पना की गई थी, उससे कहीं अधिक संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे। इसकी एक वजह ये भी थी कि प्रशासन ने भी पुराने कुंभ के अनुभवों को देखते हुए ही अंदाजा लगाया था। लेकिन अमेरिका की आबादी के करीब दोगुने लोगों ने एकता के महाकुंभ में हिस्सा लिया, डुबकी लगाई।

आध्यात्मिक क्षेत्र में रिसर्च करने वाले लोग करोड़ों भारतवासियों के इस उत्साह पर अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि अपनी विरासत पर गौरव करने वाला भारत अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। मैं मानता हूं, ये युग परिवर्तन की वो आहट है, जो भारत का नया भविष्य लिखने जा रही है।

साथियों, महाकुंभ की इस परंपरा से, हजारों वर्षो से भारत की राष्ट्रीय चेतना को बल मिलता रहा है। हर पूर्णकुंभ में समाज की उस समय की परिस्थितियों पर ऋषियों-मुनियों, विद्वत् जनों द्वारा 45 दिनों तक मंथन होता था। इस मंथन में देश को, समाज को नए दिशा-निर्देश मिलते। महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा।

22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी-देवता जुटे, संत-महात्मा जुटे, बाल-वृद्ध जुटे, महिलाएं-युवा जुटे, और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी। तीर्थराज प्रयाग के इसी क्षेत्र में एकता, समरसता और प्रेम का पवित्र क्षेत्र श्रृंगवेरपुर भी है, जहां प्रभु श्रीराम और निषादराज का मिलन हुआ था। उनके मिलन का वो प्रसंग भी हमारे इतिहास में भक्ति और सद्भाव के संगम की तरह ही है। प्रयागराज का ये तीर्थ आज भी हमें एकता और समरसता की वो प्रेरणा देता है।

बीते 45 दिन, प्रतिदिन, मैंने देखा, कैसे देश के कोने-कोने से लाखों-लाख लोग संगम तट की ओर बढ़े जा रहे हैं। संगम पर स्नान की भावनाओं का ज्वार, लगातार बढ़ता ही रहा। हर श्रद्धालु बस एक ही धुन में था- संगम में स्नान। मां गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी हर श्रद्धालु को उमंग, ऊर्जा और विश्वास के भाव से भर रही थी। प्रयागराज में हुआ महाकुंभ का ये आयोजन, आधुनिक युग के मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए, प्लानिंग और पॉलिसी एक्सपर्ट्स के लिए, नए सिरे से अध्ययन का विषय बना है। आज पूरे विश्व में इस तरह के विराट आयोजन की कोई दूसरी तुलना नहीं है, ऐसा कोई दूसरा उदाहरण भी नहीं है। पूरी दुनिया हैरान है कि कैसे एक नदी तट पर, त्रिवेणी संगम पर इतनी बड़ी संख्या में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे। इन करोड़ों लोगों को ना औपचारिक निमंत्रण था, ना ही किस समय पहुंचना है, उसकी कोई पूर्व सूचना थी।

## शिक्षा, साक्षरता और संस्कार राष्ट्र के विकास के मजबूत पहिए

संजीव ठाकुर

शिक्षा और संस्कार किसी भी विकसित राष्ट्र की पृष्ठभूमि हो सकते हैं। एक शिक्षित राष्ट्र एक महान राष्ट्र बन सकता है। सुसंस्कृत देश को एक सभ्य शांत और शालीन राष्ट्र माना जाता है जो वैश्विक शांति स्थापना का पक्षधर होने की दिशा में निरंतर प्रगतिशील होता है। भारत देश की गिनती ऐसे ही सभ्य संस्कारी राष्ट्र के रूप में होती है और ऐसी भावना तथा संकल्पनाओं को हमने कई सोपानों में प्रमाणित भी किया है। सबसे पहले हमें शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को पहचानना होगाद्य शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैंद्य शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प हैद्य जिसके अंतर्गत पढ़ना लिखना समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक हैद्य साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना उसे इसका कोई संबंध नहीं रह जाता हैद्य साक्षरता सदैव रोजगार मूलक स्त्रियों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता हैद्य शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती है। ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षो के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा है। सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है। पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में है। ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाएद्य शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है।जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है। वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण है। महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है। परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

# तमिलनाडु में हिंदी विरोध की घिनौनी राजनीति

**तमिल अस्मिता, द्रविड़ गौरव और केंद्र के कथित प्रभुत्व के खिलाफ रही तमिलनाडु की राजनीति ने तीन-भाषा के फॉर्मूले को लागू नहीं किया। तमिलनाडु आज भी दो-भाषा नीति (तमिल और अंग्रेजी) पर अड़ा हुआ है और हिंदी के खिलाफ भावना यहां गहरी हैं। तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने कहा कि केंद्र एक और भाषा युद्ध के बीज बो रहा है। और हम लोग इस युद्ध के लिए तैयार हैं। डीएमके कैडर को लिखे एक पत्र में सीएम स्टालिन ने केंद्र की ओर इशारा करते हुए कहा कि आप अभी भी इसे थोप रहे हैं, इसलिए हम अभी भी इसका विरोध कर रहे हैं।**

नई शिक्षा नीति (एनईपी) और त्रिभाषा फॉर्मूले को लेकर तमिलनाडु में फिर विवाद गहरा गया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के बाद अभिनेता कमल हासन ने आरोप लगाया है कि तमिलनाडु पर 'हिंदी थोपने' की कोशिश की जा रही है। उनका कहना है कि वह बहुभाषी होने के पक्षधर हैं, लेकिन राज्य में हिंदी को अनिवार्य करना स्वीकार्य नहीं


डॉ. ओपी त्रिपाठी

है। तमिलनाडु के नेताओं, अभिनेताओं और दूसरे नुमाइंदों के ऐसे तर्कों के कारण त्रिभाषा फॉर्मूला लागू करना मृगमरीचिका बना हुआ है। कस्तूरीरंगन कमेटी पहले ही सिफारिश कर चुकी है कि तमिलनाडु समेत सभी गैर-हिंदी भाषी राज्यों के सेकंडरी स्कूलों में एक क्षेत्रीय भाषा और अंग्रेजी के अलावा हिंदी पढ़ाई जानी चाहिए।

नई शिक्षा नीति को लेकर तमिलनाडु का कई मसलों पर विरोध है। लेकिन द्रविड अभिमान पर गठित हुए इस राज्य की मुख्य आपत्ति तीन-भाषा फॉर्मूला को लेकर है।

केंद्र सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति यानी एनईपी 2020 के तहत प्रस्तावित तीन-भाषा नीति एक शैक्षणिक ढांचा है। आसान शब्दों में कहें तो इसका अर्थ यह है कि बच्चों को तीन भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए। अगर पहली भाषा की बात करें तो यह आमतौर पर छात्र की मातृभाषा या राज्य की क्षेत्रीय भाषा होगी। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु में तमिल, महाराष्ट्र में मराठी। दूसरी भाषा में कोई अन्य भाषा हो सकती है। लेकिन केंद्र सरकार अक्सर हिंदी को इस संदर्भ में प्रोत्साहित करती है, खासकर गैर-हिंदी भाषी राज्यों में, ताकि राष्ट्रीय एकता मजबूत हो। हालांकि, यह अनिवार्य नहीं है और राज्य अपने हिसाब से दूसरी भाषा चुन सकते हैं। तमिलनाडु का सख्त विरोध इसी बिंदू पर है।

तीसरी भाषा आमतौर पर अंग्रेजी या कोई अन्य विदेशी भाषा (जैसे फ्रेंच, जर्मन) हो सकती है, ताकि बच्चे ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर अपनी मौजूदगी दर्ज करा सकें। गैर-हिंदी भाषी राज्यों में यह हिंदी भी हो सकती है, जबकि हिंदी भाषी राज्यों में कोई अन्य भारतीय भाषा (जैसे तमिल, तेलुगु) चुनी जा सकती है। यह नीति खास तौर पर कक्षा 1 से 8 तक लागू करने पर जोर देती है, ताकि बच्चे अपनी मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा के साथ-साथ अन्य भाषाओं में भी दक्षता हासिल कर सकें। तमिल अस्मिता, द्रविड़ गौरव और केंद्र के कथित प्रभुत्व के खिलाफ रही तमिलनाडु की राजनीति ने तीन-भाषा के फॉर्मूले को लागू नहीं किया। तमिलनाडु आज भी दो-भाषा नीति (तमिल और अंग्रेजी) पर अड़ा हुआ है और हिंदी के खिलाफ भावना यहां गहरी हैं। तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने कहा कि केंद्र एक और भाषा युद्ध के बीज बो रहा है। और हम लोग इस युद्ध के लिए तैयार हैं। डीएमके कैडर को लिखे एक पत्र में सीएम स्टालिन ने केंद्र की ओर इशारा करते हुए कहा कि आप अभी भी इसे थोप रहे हैं, इसलिए हम



अभी भी इसका विरोध कर रहे हैं। अगर आपने इसे नहीं थोपा होता, तो हम इसका विरोध नहीं करते, हिंदी अक्षरों को नहीं हटाते। तमिलनाडु के लोगों की खास पहचान आत्मसम्मान है। हम कभी किसी को इसे भड़काने नहीं देंगे।

सीएम स्टालिन ने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान यादव से पूछे जाने चाहिए थे, जो हिंदी थोपने की कोशिश कर रहे हैं। आप काशी तमिल संगमम और कुंभ मेला आयोजित कर रहे हैं और यहां से लोगों को ले जा रहे हैं। क्या आपने उनकी सहायता के लिए तमिल और अन्य भाषाओं में नाम बोर्ड लगाए हैं? आपको पूछना चाहिए था कि क्या भारतीय भाषाओं के साथ समान व्यवहार किया जाता है और ऐसे बोर्ड लगाए जाते हैं।

स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु किसी विशेष भाषा के खिलाफ नहीं है और किसी भी भाषा को सीखने की इच्छा रखने वाले किसी भी व्यक्ति के रास्ते में नहीं आएगा, लेकिन वह किसी भी अन्य भाषा को मातृभाषा तमिल पर हावी होने और उसे नष्ट करने की अनुमति नहीं देने के लिए दृढ़ संकल्प है। स्टालिन ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित एक पत्र में कहा, यही कारण है कि हम द्विभाषी नीति (तमिल और अंग्रेजी) का पालन कर रहे हैं। स्टालिन ने डीएमके कार्यकर्ताओं को कहा है कि हिंदी के वर्चस्व के खिलाफ संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक कि इसे समाप्त नहीं कर दिया जाता, हम एक ऐसे आंदोलन के वंशज हैं जिसकी सिद्धांतवादी सेना ने तमिल की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। डीएमके के आरोपों से केंद्र सीधे इनकार करती है। केंद्र का कहना है कि एनईपी के जरिये किसी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपी जा रही है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मुख्यमंत्री स्टालिन को एक पत्र लिखकर कहा, मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि किसी भी राज्य या समुदाय पर कोई भी भाषा थोपने का सवाल ही नहीं उठता। एनईपी 2020 भाषायी स्वतंत्रता के सिद्धांत को कायम रखता है और यह सुनिश्चित करता है कि छात्र अपनी पसंद की भाषा में सीखना जारी रखें।

भाषा को लेकर संकीर्ण सोच से ऊपर उठने के बजाय राज्य के नेता इस मुद्दे पर राजनीति चमकाने में जुटे हैं। तमिलनाडु में हिंदी विरोध का लंबा इतिहास है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने दक्षिण भारत में वर्ष 1918 में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की थी। वे हिंदी को भारतीयों को एकजुट करने वाली भाषा मानते थे। तब ही तमिलनाडु में हिंदी विरोध शुरू हो गया था। ब्रिटिश औपनिवेशिक काल में तमिलनाडु को मद्रास प्रेसिडेंसी कहा जाता था। तब 1937 में सी. राजगोपालाचारी की सरकार ने स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य किया तो तमिलनाडु में इसके खिलाफ तीन साल तक आंदोलन चला। फैसला वापस लेने पर आंदोलन तो खत्म हो गया, पर इसने राज्य में हिंदी विरोध के जो बीज बोए थे, वे जब-तब अंकुरित होने लगते हैं। क्षेत्रीय पार्टियां राजनीतिक फायदे के लिए इन्हें खाद-पानी मुहैया कराती रहती हैं। तमिलनाडु के स्कूलों में 1967 से दो-भाषा फॉर्मूले (तमिल और अंग्रेजी) का पालन किया जा रहा है।

त्रिभाषा फॉर्मूले के तहत हिंदी वहां क्षेत्रीय पार्टियों के लिए आंख की किरकिरी बनी हुई है। शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने के इस नीति के मकसद के बावजूद ये पार्टियां पुराना राग नहीं छोड़ना चाहतीं। द्रमुक की मौजूदा सरकार पर केंद्र की यह चेतावनी भी बेअसर रही कि जब तक तमिलनाडु एनईपी को पूरी तरह लागू नहीं करेगा उसे समग्र शिक्षा निधि की 2952 करोड़ रुपए की राशि जारी नहीं की जाएगी। तमिलनाडु सरकार हिंदी के पठन-पाठन के दरवाजे इसलिए बंद रखना चाहती है, क्योंकि उसे लगता है कि एक बार दरवाजे खुले तो राजनीति का रंग-रोगन बदल जाएगा। नई शिक्षा नीति हिंदी थोपने के बजाय विद्यार्थियों को एक अतिरिक्त भाषा सीखने का अवसर दे रही है। दक्षिणी राज्यों में त्रिभाषा फॉर्मूले का रास्ता बनाने के लिए फूंक-फूंककर कदम रखना होगा।

## रिश्ते

जाड़े की गरम धूप है,
दो कुर्सियां निकाली हैं,
साथ में गर्म चाय है।
सुनो ना मेरे साथी,
संग बैठ चाय पीते हैं,
भाग दौड़ वाली जिंदगी से,
फुर्सत के कुछ पल चुराते हैं।
आओ न......
हाथों में हाथ डाले,
जिंदगी के पत्ते पलटते हैं।
कुछ अपनी कहना,
कुछ मेरी सुनना।
क्या खोया क्या पाया
का हिसाब लगाते हैं।
संग बैठ
रिश्तो का आकलन
करते हैं।
कुछ अच्छे रिश्ते,
कुछ नाराज रिश्ते,
कुछ अच्छे दोस्त,
कुछ रूठे हुए दोस्त,
ऐसे ही रिश्तों का,
जखीरा लिए चलते हैं।
नए रिश्तों के
आगमन की तैयारी करते हैं।
देखो न.........
हवाओं में जो खुशबू है,
कह रही है ......
जिन्हें हम पसंद नहीं,
उसकी चिंता क्या करना।
जिंदगी है इसे जीना है,
काटना नहीं।
अच्छी यादों का पिटारा,
साथ लिए चलते हैं।
आओ न...
हम हमारे अकेलेपन को,
पीछे छोड़ देते हैं,
और संग मुस्कुरा लेते हैं।
चाय की चुस्कियों के संग, जिंदगी
को फिर से जी लेते हैं।


कंचन

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# केजरीवाल अब राज्यसभा में दहाड़ेंगे

**यूं तो श्री केजरीवाल ने 2014 में भी लोकसभा में दस्तक देने का ख्वाब संजोया था। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सबसे कद्दावर नेता एवम् पीएम पद के घोषित प्रत्याशी नरेंद्र मोदी के खिलाफ वाराणसी में ताल ठोकी थी। हालांकि लोकसभा के इस आम चुनाव का नतीजा अरविंद केजरीवाल समेत अमूमन सभी सियासीदां पहले से ही जानते थे। राजनीतिक पंडितों ने जैसा सोचा था, वाराणसी का परिणाम वैसा ही आया।**

सियासी उड़ान में भी अनगिनत ख्वाहिशें होती हैं। एक सपना टूटा तो दूसरे ड्रीम का ताना-बाना तैयार हो जाता है। आप के राष्ट्रीय कन्वीनर श्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली चुनाव में परास्त होने के बाद अब पंजाब से राज्यसभा पहुंचेंगे। इसके लिए शतरंज की गोटियां बिछने लगी हैं। आप के राज्यसभा मेंबर एवम् पंजाब के उद्योगपति श्री संजीव अरोड़ा को पार्टी ने पंजाब विधानसभा की


प्रो. श्याम सुंदर भाटिया

रिक्त लुधियाना वेस्ट सीट से लड़ाने का अहम फैसला लिया है। इस आशय का ऐलान भी आप की ओर से 26 फरवरी को कर दिया गया है। हालांकि श्री अरोड़ा का राज्यसभा में कार्यकाल 2028 तक है। स्वाभाविक है, श्री अरोड़ा के इस्तीफे से यह सीट खाली हो जाएगी। आप की रणनीति है, वह अपने सीनियर लीडर श्री केजरीवाल की बड़ी आसानी से राज्यसभा में ताजपोशी करा देगी। इससे साफ है, श्री अरविंद केजरीवाल अब केंद्र की पॉलिटिक्स करेंगे। उल्लेखनीय है, विधायक गुरप्रीत सिंह गोगी के निधन के बाद लुधियाना वेस्ट सीट पर उपचुनाव होना है। श्री गोगी का 11 जनवरी, 2025 को अपने घर पर रिवॉल्वर साफ करते हुए गोली लगने से देहावसान हो गया था। हालांकि अभी चुनाव आयोग की तरफ से उपचुनाव की तारीख का ऐलान नहीं किया गया है। कयास लगाए जा रहे हैं, बिहार विधानसभा चुनाव के साथ यहां भी वोटिंग हो सकती है। बिहार में नवंबर में इलेक्शन ड्यू है। यूं तो श्री केजरीवाल ने 2014 में भी लोकसभा में दस्तक देने का ख्वाब संजोया था। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सबसे कद्दावर नेता एवम् पीएम पद के घोषित प्रत्याशी श्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ वाराणसी में ताल ठोकी थी। हालांकि लोकसभा के इस आम चुनाव का नतीजा श्री अरविंद केजरीवाल समेत अमूमन सभी सियासीदां पहले से ही जानते थे। राजनीतिक पंडितों ने जैसा सोचा था, वाराणसी का परिणाम वैसा ही आया। श्री केजरीवाल 3.71 लाख मतों के अंतर से हार गए, बाकी कांग्रेस और बसपा उम्मीदवारों की तो जमानत जब्त हो गई थी। केंद्र शासित दिल्ली में श्री केजरीवाल की 10 बरस की सरकार को सत्ता का नशा, मंत्रिमंडल का कदाचार, बड़बोलापन, अपरिपक्व सियासत, सरकारी आवास को शीशमहल बनाने के संग-संग अंततः नई शराब नीति ले डूबी। आप के तीन बड़े चेहरों- खुद श्री अरविंद केजरीवाल के अलावा श्री मनीष सिसोदिया और श्री सतेंद्र जैन की नाव चुनावी सुनामी में डूबने के बाद पार्टी कोमा से बाहर निकलने को छटपटा रही है। वैसे तो पंजाब में सत्तारुढ़ होने के बाद आप को नेशनल पार्टी का दर्जा मिल गया है, लेकिन दिल्ली में सत्ता से बेदखली के बाद केवल पंजाब पर ही पार्टी की नैया पार कराने की आस टिकी है। फिलहाल दिल्ली आतिशी मार्लेना के हवाले है। वह लीडर ऑफ ऑपोजिशन हैं। पंजाब की बागडोर श्री भगवंत मान संभाले हुए हैं।



जंगपुरा से हार के बाद श्री सिसोदिया पर पंजाब सरकार के सुपरविजन का जिम्मा है। भविष्य में पंजाब की राजनीति भी किस करवट बैठेगी, कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। इससे पूर्व यह दायित्व श्री राघव चड्ढा निभा रहे थे। श्री चड्ढा के राज्यसभा में जाने के बाद पंजाब का यह उत्तरदायित्व खाली चल रहा है। भविष्य में पंजाब की राजनीति भी किस करवट बैठेगी, कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। फिलहाल तो पार्टी के आला लीडर्स ने यह कहकर सबके मुंह बंद कर दिए हैं, श्री सिसोदिया और पंजाब के सीएम के बीच जबर्दस्त बॉन्डिंग है। पंजाब में बंपर जीत के बाद अप्रैल, 2022 में आप के पांच उम्मीदवार राज्यसभा के लिए चुने गए थे। इनमें एलपीयू के चांसलर श्री अशोक कुमार मित्तल, दिग्गज उद्योगपति श्री संजीव अरोड़ा, प्रख्यात क्रिकेटर श्री हरभजन सिंह, सीए श्री राघव चड्ढा, देश-विदेश में शिक्षाविद रहे डॉ. संदीप पाठक शामिल हैं। इन सभी का कार्यकाल 2028 तक है। सूत्र यह बताते हैं, इनमें से पार्टी के लिए सॉफ्ट टारगेट श्री संजीव अरोड़ा रहे हैं। पंजाब के सियासी गलियारों में यह भी चर्चा आम है, श्री संजीव अरोड़ा बाई इलेक्शन जीतते हैं तो उन्हें बतौर उपहार कैबिनेट मंत्री का पद मिलेगा, लेकिन देश-विदेश तक फैले कारोबार में अति व्यस्त श्री अरोड़ा को यह नज़राना सहज स्वीकार होगा, फ़ौरीतौर पर यकीन नहीं होता है। दूसरी ओर अपने पति के इंतकाल के बाद गुरप्रीत सिंह गोगी की पत्नी सुखचैन गोगी चुनाव लड़ने का स्वप्न देख रही हैं। यदि उन्होंने बागी तेवर अपनाए तो क्या होगा?

उल्लेखनीय है, श्री संजीव अरोड़ा से पूर्व आप अपनी राज्यसभा मेंबर एवम् दिल्ली महिला आयोग की चेयरपर्सन श्रीमती स्वाति मालीवाल से भी इतीफा चाहती थी, लेकिन पार्टी साम, दाम, दंड, भेद की नीति के बावजूद विफल रही थी, बल्कि श्री केजरीवाल के पीए विभव कुमार पर दबंगई के आरोप लगे थे। आरोपी को जेल तक जाना पड़ा था। यह बात दीगर है, श्री केजरीवाल के खासमखास समझे जाने वाले विभव कुमार अब पंजाब सरकार के लिए काम कर रहे हैं। सियासत हो या उद्योग या कोई भी दीगर फील्ड, हर सेक्टर में अंततः चाह तो ऊंची उड़ान की ही होती है। यदि श्री केजरीवाल खुद या उनकी पार्टी अपर हाऊस में भेजना चाहती है, तो किसी को ऐतराज नहीं होना चाहिए। श्री अरविंद केजरीवाल की अब दिल्ली या पंजाब से एमएलए बनने की कोई ख्वाहिश नहीं रखते हैं और न ही आप की केंद्रीय काउंसिल चाहती है। श्री केजरीवाल की पार्टी के आला नेता भी उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में देखना चाहते हैं। दूसरी ओर विपक्षी दल मौजूदा समय में बिखरे- बिखरे से नज़र आ रहे हैं। इसी टूट का लाभ उठाकर एनडीए ने हरियाणा से लेकर दिल्ली तक अपनी सरकार बना ली हैं। यह बात दीगर है, एनडीए ने हरियाणा में तीसरी बार सत्ता में वापसी की है, तो हाल ही में दिल्ली में भाजपा ने ढाई दशक बाद अपनी सरकार बनाने में कामयाब रही है।

2025 के अंत में बिहार की 243 सीटों पर चुनाव प्रस्तावित हैं, जबकि 26 के मिड में वेस्ट बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम में चुनाव होंगे, लेकिन इंडिया गठबंधन को एक नेशनल कन्वीनर की दरकार है। इंडी गठबंधन को आतुर बिहार के सीएम नीतीश कुमार तो चुनाव से पूर्व ही विपक्ष को झटका देकर फिर से भाजपा की शरण में चले गए थे। वेस्ट बंगाल की सीएम सुश्री ममता बनर्जी इंडी में शामिल ही नहीं हुई थीं। दिल्ली में कांग्रेस का तीसरी बार सूपड़ा साफ होने पर इंडी दलों को एनर्जेटिक नेशनल कन्वीनर की दरकार है। हालांकि बंगाल की शेरनी कहे जाने वाली ममता दीदी ने खुद यह ऐलान करके सबको चौंका दिया, वह इंडी गठबंधन की अगुवाई करने को तैयार हैं। ऐसे में यदि श्री अरविंद केजरीवाल अपर हाऊस में पहुंचते हैं तो आप के संग-संग इंडी गठबंधन का भी भविष्य उज्जवल दिखाई देता है।

# अंसल सुशांत गोल्फ सिटी का 6.78 करोड़ का बिजली का बिल बकाया

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की सबसे बड़ी टाउनशिप अंसल सुशांत गोल्फ सिटी का 6.78 करोड़ रुपये का बिजली बिल बकाया होने की दशा में शुक्रवार को कनेक्शन काट दिया जाएगा। राजभवन खंड के अधिशासी अभियंता अनुज कुमार ने टाउनशिप प्रबंधन को शुक्रवार 10 बजे तक यह बिल जमा करने का अल्टीमेटम दिया है। साथ ही, शुक्रवार को बकाएदारों का बिजली काटो अभियान चलेगा। इस दौरान जिन उपभोक्ताओं पर दो माह की करीब 5000 रुपये की देनदारी है उनके घर और दुकान में अंधेरा हो जाएगा।

लखनऊ सेंट्रल जोन के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल ने बताया कि अंसल सुशांत गोल्फ सिटी को अधिशासी अभियंता ने नोटिस जारी कर दी है। इस नोटिस में कुल 6.78 करोड़ रुपये की देनदारी, जिसमें

■ **कल काट दिया जाएगा कनेक्शन**



जनवरी माह में उपभोग की गई 3.16 करोड़ रुपये की बिजली के एवज में एक भी धेला जमा नहीं किया है। नोटिस में अधिशासी अभियंता ने अंसल सुशांत गोल्फ सिटी में रहने वाले करीब 5000 परिवारों एवं मॉल के कारोबारियों को चेतावनी दी कि सुबह 10 बजे तक बिल जमा न होने पर कनेक्शन को काट दिया जाएगा।

अमौसी जोन मुख्य अभियंता रजत जुनेजा एवं गोमतीनगर जोन के मुख्य अभियंता सुशील गर्ग ने बताया कि शुक्रवार सुबह से बकाएदारों की बिजली काटने की मुहिम शुरु होगी जिन उपभोक्ताओं ने जनवरी के बिल का भी भुगतान नहीं किया है और उन पर 5000 और इससे ज्यादा की रकम बकाया तो बिजली काट दी जाएगी। जिन उपभोक्ताओं पर यह रकम बकाया वह शुक्रवार को बिल जमा करने के बाद घर एवं दुकान पर दस्तक देने वाली टीमों को जमा बिल की प्रतिलिपि मुहैया कराएं नहीं तो कनेक्शन कट सकता है।

### ट्रांजैक्शन एडवाइजर के टेंडर पर फिर उठाया सवाल

उत्तर प्रदेश में दक्षिणांचल व पूर्वांचल 42 जनपदों के निजीकरण हेतु ट्रांजेक्शन एडवाइजर हेतु टेंडर भरे जाने की अंतिम तारीख जहां 3 मार्च को नजदीक आ गई है वहीं उपभोक्ता परिषद ने एक बार फिर उत्तर प्रदेश सरकार से मांग उठाई है की उत्तर प्रदेश में कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट (हितों का टकराव) के मानक में शिथिलता प्रदान किया जाना भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय सहित केंद्रीय सतर्कता आयोग के आदेशों का खुला उल्लंघन ही नहीं अनेकों मामलों में सुप्रीम कोर्ट में पारित आदेश का भी उल्लंघन है ऐसे में कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट के मानक को शिथिलता दिए जाने के बाद टेंडर को भरने की छूट देना अपने आप में आने वाले समय में ऊर्जा इतिहास में एक बड़ा मामला साबित हो सकता है। भारत देश में पहले ऐसा मामला है जहां कंसल्टेंट के टेंडर में कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट में छूट दी गई है जिस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री को तत्काल से सज्ञान लेना चाहिए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कंसल्टेंट के मामले में कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट एक महत्वपूर्ण मानक होता है उसमें पहले कठोर प्रावधान करना और उसके बाद उसमें शिथिलता प्रदान करना यह अपने आप में आने वाले समय के लिए ऊर्जा सेक्टर में इस बात के लिए हमेशा चर्चा में मामला आएगा।

## ब्रज प्रेस क्लब का होली महोत्सव 2 मार्च को

**मथुरा।** एन यू जे आई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ब्रज प्रेस क्लब द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष दो मार्च दिन रविवार को 10:00 बजे से 12:00 बजे तक डैंपियर नगर स्थित हीरा क्रिस्टल होटल के सभागार में होली मिलन महोत्सव आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम में राधा कृष्ण के स्वरूप के साथ फूलों की होली होगी। इस अवसर पर बृज क्षेत्र के सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक, एवं सोशल मीडिया के पत्रकार एवं सभी जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के प्रमुख एवं प्रशासनिक तथा पुलिस के अधिकारी एक साथ एक दूसरे को होली महोत्सव की शुभकामनाएं देंगे। उन्होंने बृज क्षेत्र के समस्त प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के पत्रकारों से होली मिलन समारोह में समय से पहुंचने का आह्वान किया। इसमें समाज में पत्रकार और समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा तथा कार्यक्रम का समापन लंच के साथ संपन्न होगा।

# केएम के पहला वार्षिकोत्सव कृदय-2025 में पहुंचेंगे केन्द्रीय राज्यमंत्री

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय अपना पहला वार्षिकोत्सव 'कृदय 2025' के रूप में 24 फरवरी से 2 मार्च2025 के बीच में मना रहा है। जिसमें मेडीकल के यूजी-पीजी डाक्टर्स, अन्य कोसर्स के छात्र-छात्राएं खेलकूद, साहित्य, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। वार्षिकोत्सव में 01 मार्च और 02 मार्च को प्रसिद्ध गायक अजय हुड्डा और खुशी वालियान, हेमंत ब्रजवासी अपनी आवाज व डांस से छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करेंगे। इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी बघेल और विधायक श्रीकांत शर्मा होंगे। जिसको लेकर आज केएम विश्वविद्यालय के सभागार में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया।

विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी के निर्देशानुसार पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने बताया कि यह



■ **हजारों की संख्या में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्रों का अजय हुड्डा, खुशी वालियान और हेमंत**

केएम का पहला वार्षिकोत्सव कृदय-2025 है, विवि में अध्ययरत मेडीकल छात्र व अन्य कोर्सस के छात्रों की प्रतिभा को और निखारने के लिए खेलकूद प्रतियोगिता, साहित्य, भारतीय संस्कृति की कला और रचनात्मक जेसे कार्यकमों का आयोजन कृदय 2025 में किया गया है। इन प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के तीन हजार छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर रहे है। 01 मार्च के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मथुरा के विधायक श्रीकांत शर्मा और 02 मार्च के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री, पंचायती राज एवं मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय प्रो. एस.पी. सिंह बघेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करके आए विजेताओं को पुरूस्कृत करेंगे। विवि के प्रतिकुलपति डा. शरद अग्रवाल ने बताया कि कृदय 2025 के आयोजन में खेल, लिटररी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए फैकल्टी के सभी सदस्य और प्रतिभागी स्टूडेंट भारतीय संस्कृति के विभिन्न रूप अपनी कला का प्रदर्शन किया जाएगा। जिसको लेकर कृदय 2025 के भव्य आयोजन का शुभारंभ 01 मार्च को मुख्य अतिथि मथुरा-वृंदावन के विधायक एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा करेंगे।

# गऊदान से होती है मोक्ष की प्राप्ति : सुशील वर्मा



**अवधनामा संवाददाता**

**चौमुहां( मथुरा)।** गऊदान करने से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। सभी कष्ट दूर होकर समृद्धि आती है। पितृ खुश रहते हैं। नवगृहों को शांति मिलती है। अक्षय फल और भगवानश्रीकृष्ण का आर्शीवाद भी मिलता है। ये विचार गुरुवार को भगवान श्री लक्ष्मी नारायण धाम के महामंत्री सुशील वर्मा, गुरुदास ने व्यक्त किए। वो हाईवे स्थित प्रस्तावित स्वर्ण मंदिर प्रांगण में गऊदान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि गऊदान से मंगल एवं शनि का प्रकोप कम होता है। आर्थिक तंगी दूर होती है। मृत्यु के बाद का रास्ता भी सुगम होता है। तभी गाय दान को सबसे बडा दान माना गया है। समाजसेविका प्रेमवती ने कहा कि इंसान को जीवन में गाय, गंगा और गीता के पथ पर चलना चाहिए। गऊ दान ही मोक्ष का रास्ता खोलती है। उन्होने भावुक होते हुए कहा कि आज सालों की इच्छा को कान्हा ने अपनी जन्म एवं कर्मभूमि के उस स्थान पर जहां सृष्टि रचियता बृह्मा जी तपोस्थली है।

# आगरा ने हरियाणा को हराकर जीता खिताब

## राज्य स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में देर रात तक चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** ताजखानपुर बहादुरपुर में आयोजित दो दिवसीय हाजी नसीर खान नस्सर व रिजवान सईद सुल्तानपुरी की याद में आयोजित दो दिवसीय महिला पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। देर रात तक चली इस प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि आसिफ जिला पंचायत सदस्य एवं विशिष्ट अतिथि जिला वॉलीबॉल संघ के उपाध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा, कुलदीप वर्मा एडवोकेट, सचिव शिव नारायन सिंह, मुनेंद्र मिश्र रहे उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया सरवर खान, वदूद खान एवं जीशान की अगुआई में आयोजित इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन सायंकाल से राज्य स्तरीय महिला वर्ग की डे नाइट प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें सुल्तानपुर स्टेडियम,



आगरा, हरियाणा, लखनऊ, वाराणसी और जौनपुर की टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें रोमांचक मुकाबले देर रात तक चले, सुल्तानपुर को हरियाणा और जौनपुर को लखनऊ की टीमें ने पहले ही पूल से बाहर का रास्ता दिखा दिया, आगरा, हरियाणा, लखनऊ, वाराणसी की टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहला सेमीफाइनल हरियाणा और वाराणसी के बीच खेला गया जिसमें संघर्षपूर्ण मुकाबले में हरियाणा ने तीन सेटों के मुकाबले में 2-1 से जीत दर्ज की। दूसरा सेमीफाइनल आगरा और लखनऊ के बीच खेला गया जिसमें आगरा ने सीधे सेटों में 2-0 से जीत हासिल किया, फाइनल मुक़ाबला हरियाणा और आगरा के बीच खेला गया जिसमें आगरा ने 2-1 से मैच को जीत लिया, कीर्ति गुर्जर, जानशी, निशि, और अनन्या ने बढ़िया प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीता विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा ट्राफी और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। निर्णायक आसिफ,सोनू सिंह दिनेश मिश्रा नाना रहे, संचालन इमरान, रमजान पहलवान और महफूज खान ने किया ऑफिशियल अनस अब्बास, सैयद नूर अली, मोहम्मद अली रहे। प्रतियोगिता में मुख्य सहयोगी अनस अब्बास इजहार खान, महफूज खान, इशार उर्फ टीपू, नौशाद खान,मुन्ना कालिया, आकिब रहे, व्यवस्था में, अरकम खान, तौकीर खान, रशीद खान, तमजीद, तौहीद, मो आरिफ़, सोहेल खान रहे। इस अवसर पर मोहम्मद अली, अनिल यादव, अनिल शर्मा, तौसीफ खान बाली, मेराज अहमद, रमज़ान पहलवान, सिकंदर, कामिल, सहित सैकड़ों दर्शक व खेल प्रेमियों ने मैच का आनंद लिया।

■ **लखनऊ की टीमें ने पहले ही पूल से बाहर का रास्ता दिखा दिया**

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेलर में घुसी कार, छह घायल, तीन की हालत नाजुक



**कूरेभार, सुल्तानपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सोमवार को कूरेभार थाना क्षेत्र के माइलस्टोन 118 के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर एक ट्रेलर में जा घुसी ,जिससे कार में सवार छह यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही यूपीडा के अधिकारी तत्काल एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। पुलिस प्रशासन मुस्तैद थानाध्यक्ष कूरेभार शारदेंदु द्विवेदी ने बताया कि घायलों का इलाज कराया जा रहा है और ज़रूरत के अनुसार उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर किया जाएगा। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### सुल्तानपुर से अमेठी को जोड़ेगा रेलवे

**सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर और अमेठी के बीच एक नई रेल लाइन का प्रस्ताव हाल के दिनों में चर्चा में आया है। यह परियोजना न केवल इन दोनों जिलों को जोड़ेगी, बल्कि शाहगंज-ऊंचाहार रेल परियोजना के तहत जौनपुर, सुल्तानपुर, अमेठी, प्रतापगढ़ और रायबरेली जैसे पांच जिलों के लोगों को भी सीधा लाभ पहुंचाएगी। इस परियोजना के तहत पांचों जिलों के 115 गांवों से गुजरने वाली रेल लाइन के लिए सर्वेक्षण और वित्तीय प्रबंध पूरा कर लिया गया है।इस परियोजना का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह संजय गांधी के एक पुराने सपने को साकार करने की दिशा में एक कदम है। उनकी पत्नी मेनका गांधी ने इस परियोजना को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।पूर्व केंद्रीय मंत्री सुल्तानपुर सांसद रही मेनका गांधी के प्रयास से इस परियोजना को स्वीकृति मिली है।

### काशीराम की भव्य शोभा यात्रा 15 मार्च को

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन द्वारा गट वर्षो भी भाति दिनांक 15 मार्च 2025 को भारत में राजनैतिक क्रांति की अग्रदूत सामाजिक न्याय के पुरोधा बहुजन नायक मान्यवर कांसीराम के जन्मदिवस पर आयोजित आगामी बहुजन एकता मार्च का संयोजक सर्व सहमति से युवा क्रांतिकारी विचारकअजय सनवाल को आयोजित मनोनीत किया गया मनोनयन उपरांत पदाधिकारियो ने अजय सनवाल का पटका उड़ा कर स्वाफा बांध माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया इस मौके पर बहुजन एकता मार्च की नव मनोनीत संयोजक अजय सनवाल ने कहा कि बहुजन एकता मार्च में सभी वर्गों की हिस्सेदारी ही बहुजन एकता मार्च को ऐतिहासिक बनाएगी साथ ही सभी का आभार व्यक्त किया। भाई अजय सनवाल मनोनयन पर स्वागत करने वालों में रमेश सैनी सी वी विकल सतीश बघेल मुकेश सैनी नेताजी सोनू हरसाना नरेश संतोष शुक्ला हरेंद्र ऊदल बाजना सिद्धांत भाटिया राहुल डागौर राजग़ाबर विवेक कुमार आकाश बाबू राजवीर नेताजी एड अरविंद कुमार सिंह सुमित राजू कोमल प्रसाद विक्रांत सिंह एड देवेंद्र कुमार प्रताप कुमार विशंभर दयाल कर्दम आदि ने स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया।

### भरतपुर रिसासत की धरोहरों से हटाएं अवैध कब्जे

**मथुरा।** राष्ट्रीय जाट महासभा के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को भरपुर रियासत की गोवर्धन स्थित एतिहासिक धरोहरों को बचाने के लिए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन दिया। महासभा के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में लिखा कि भरतपुर रियासत के राजा महाराजाओं की गोवर्धन धाम में समाधियां, कुसुम सरोवर गोवर्धन, मानसी गंगा के तट पर गंगा बाग में छतरियां जो कि पुरातत्व विभाग के अंतर्गत आती हैं उन पर अवैध कब्जे हो रहे हैं उनको रोका जाए। पदाधिकारियों ने मांग की कि इन को देखने आने वाले पर्यटकों के लिए देखने की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए ,एक टिकट काउंटर की भी व्यवस्था होनी चाहिए, लाइटिंग पुरातत्व विभाग की तरफ से लगवाई गई थी लेकिन सुचारू रूप से काम नहीं कर रही हैं इनको सहीं कराया जाए, कुसुम सरोवर पर गुलाब बाग में साफ सफाई करवाई जाए।

# एआइपीएमएम ने चलाया पसमांदा जागरुकता अभियान

■ **सेक्युलर दलों ने पसमांदा मुसलमानों को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया: अफजल अंसारी**



**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार पसमांदा जागरूकता अभियान के तहत तिकोनिया पार्क, सुल्तानपुर में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गफ्फार घोसी ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष खालिद मंसूरी ने किया।

मुख्य वक्ता के रूप में मध्य उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अफजल अंसारी ने कहा कि ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज पिछड़े, दलित और गरीब मुसलमानों के हक की लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों की कुल आबादी में 85 प्रतिशत पसमांदा मुसलमान हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें नेतृत्व से वंचित रखा जाता है।

श्री अंसारी ने तथाकथित धर्मनिरपेक्ष (सेक्युलर) दलों पर सवाल उठाते हुए कहा कि आजादी के बाद से पसमांदा मुसलमानों को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया गया और उनके भीतर डर पैदा किया गया कि अगर उन्होंने इन दलों को वोट नहीं दिया तो वे सुरक्षित नहीं रहेंगे। लेकिन अब इस भय की राजनीति को खत्म करने का समय आ गया है। श्री अंसारी ने कहा वक्फ संशोधन बिल को लेकर हो रही राजनीति पर कहा कि कुछ लोग इस बिल को लेकर पसमांदा मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं। यह वही लोग हैं जिन्होंने तीन तलाक बिल के समय भी डर का माहौल बनाया था, लेकिन उसका कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा। कहा कि वक्फ संपत्तियों पर आज भी धन्ना सेठों का कब्जा है, जिससे केवल चंद लोगों को फायदा मिल रहा है। उन्होंने सवाल किया कि अब तक वक्फ संपत्ति से कितने विश्वविद्यालय, अस्पताल और कल्याणकारी संस्थान बने हैं? अब पसमांदा मुसलमान अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रहे हैं और अपने हक की लड़ाई खुद लड़ने के लिए आगे आ रहे हैं। पसमांदा जागरूकता अभियान का उद्देश्य पसमांदा समाज में राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक चेतना लाना है, ताकि वे अपने अधिकारों के लिए संगठित हो सकें। इस अवसर पर अयोध्या मंडल अध्यक्ष जलील अहमद, जिला सचिव नसीब अली, कमाल अहमद, सिराज अहमद, तौफीक अहमद, किफायतुल्लाह, मकबूल इदरीसी, अब्दुल हमीद, अब्दुल खालिक, इदरीस, अहमद अली, मोहम्मद अहमद, जुनैद, असदउल्लाह, मो. नसीम, अनवर, जावेद सहित कई अन्य पदाधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# पीडीए हमारी आपकी जिंदगी में नई रोशनी लायेगा



**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जनपद हरदोई की गोपामऊ विधानसभा के बरगदिया गांव सभा में पीडीए का कार्यक्रम फूलचंद वर्मा जिला उपाध्यक्ष के द्वारा आयोजित किया गया इस पीडीए जनपद पंचायत चौपाल में जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह पाल प्रभारी गोपाल एवं जिला उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य राजाराम यादव एवं सपा नेता गिरिजा शंकरपाल उपस्थित रहे आज की चौपाल कार्यक्रम का अध्यक्षता भगवान दीन ने की कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फूलचंद वर्मा ने कहा की 2027 में पीडीए के नेतृत्व में ही विधानसभा का चुनाव लड़ा जाएगा और पीडीए समाज ही अपने समाज के व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाएगा और वह अखिलेश यादव होंगे जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह पाल ने कहा कि आज शोषित पीड़ित वंचित समाज से धन और शिक्षा दोनों छीनी जा रही है जब उनके पास यही नहीं बचेगा तो गुलाम होने से उनको कोई नहीं बचा पाएगा प्रभारी राहुल गुप्ता ने कहा पीडीए कि हमारी एकता का संदेश है और पीडीए समाज को एकजुट रहना है और समाज में फैली हुई कुरीतियां से दूर अपनी शिक्षा और संघर्ष संगठित होने के दम पर 2017 मे समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी है।

# बल्दीराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिजिटल एक्सरे सेवा शुरू



**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर, बल्दीराय।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिजिटल एक्सरे सुविधा शुरू हो गई है। जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है। अब मरीजों को एक्सरे के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं होगी। यह सुविधा पिछले एक माह से संचालित हो रही है और प्रतिदिन करीब दो दर्जन मरीजों का एक्सरे किया जा रहा है।एक्सरे टेक्नीशियन कतारू गुप्ता ने बताया कि डिजिटल एक्सरे मशीन से मरीजों को अधिक स्पष्ट और तेज़ नतीजे मिल रहे हैं, जिससे डॉक्टरों को सही निदान में सहायता मिल रही है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ.रमेश यादव ने बताया कि अब अस्पताल में सभी प्रकार की जांचों के साथ डिजिटल एक्सरे की सुविधा भी उपलब्ध है। इससे स्थानीय निवासियों को समय पर उपचार मिल सकेगा और अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिलेगी। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से बल्दीराय क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाएं और मजबूत हुई हैं। स्थानीय लोगों ने इस सुविधा की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

■ **मरीजों को मिली राहत**

## दिनेश चंद्र बने अंबेडकर शोभायात्रा के अध्यक्ष

**मथुरा।** डॉ भीमराव अंबेडकर समाज सुधार समिति रजिस्टर्ड फरह मथुरा 26 फरवरी को समिति के एक आवश्यक बैठक मैरिज होम फरह में हुई जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मा किरोड़ी लाल ने की बैठक में 14 अप्रैल वर 2 में कस्बा फरह में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव समारोह समिति के गठन पर चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मिति से दिनेश चंद्र प्रवक्ता सेठ प्रेम सुखदास भगत इंटर कॉलेज फरह को समिति का अध्यक्ष तथा अशोक प्रधान विशू व लाल सिंह प्रधान सनौरा संरक्षक, रामवीर सिंह नेताजी महासचिव अशोक कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष चेतराम ,विष्णु कुमार उपाध्यक्ष सुनील कुमार व दर्याबसिंह कोषाध्यक्ष मोहन सिंह, पुष्पेंद्र सिंह संगठन मंत्री बनाए गए बैठक में कालीचरन सुमन, विनोद कुमार आजाद, अचल सिंह, सत्य प्रकाश केशव रणधीर सिंह रणजीत सिंह ओम प्रकाश आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन समिति के महासचिव बनी सिंह सागर द्वारा किया गया।

# पूजा-पाठ कर विधायक मानवेन्द्र सिंह रानू ने किया पेट्रोल पंप का उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**

**बिलग्राम(हरदोई)।** विधायक मानवेन्द्र सिंह रानू ने महाशिवरात्रि पर्व विशेष पर जनपद हरदोई के सेमरा सांडी रोड पर सादिकपुर कुंदरौली में आयोजित एक भव्य समारोह में एचपी पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया। वैदिक रीति रिवाज के साथ नैमिषारण्य धाम के पुरोहित सूरज अवस्थी ने पूजन अर्चन कराते हुए पेट्रोल पंप का उद्घाटन महाशिवरात्रि पर्व के दिन शुभारंभ कराया, जो इस आयोजन को और भी विशेष बनाता है। इस अवसर पर विधायक ने पेट्रोल पंप के संचालक शिवम शुक्ला को शुभकामनाएं दीं और उनके व्यवसायिक उद्यम के लिए समर्थन की बात की।



आज के युग में, पेट्रोल पंपों का उद्घाटन न केवल आर्थिक विकास का संकेत है, बल्कि यह क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी प्रदान करता है। पेट्रोल पंप की स्थापना से स्थानीय समुदाय को विभिन्न सेवाएं मिलने लगती हैं, जैसे कि ईंधन की खपत, वाहन मरम्मत, और अन्य संबंधित सेवाएं। इसके अलावा, यह व्यवसाय स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहित करता है और उत्पादों की उपलब्धता में सुधार लाता है।

महाशिवरात्रि का पर्व हिन्दू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन भगवान शिव की पूजा अर्चना की जाती है, और यह दिन नए आरंभ के लिए भी शुभ माना जाता है। इस दिन पेट्रोल पंप का उद्घाटन महाशिवरात्रि के धार्मिक महत्व को और बढ़ाता है। विधायक मानवेन्द्र सिंह रानू ने इस अवसर पर अपनी बातों में यह उल्लेख किया कि यह उद्घाटन न केवल एक व्यावसायिक कदम है, बल्कि यह समाज को एकजुट करने का एक माध्यम भी है। इसके अतिरिक्त, हरदोई जैसे क्षेत्रों में पेट्रोल पंपों की कमी को देखते हुए, इस नए पंप की स्थापना स्थानीय लोगों के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# सिख समाज ने जताई समाजवादी पार्टी में आस्था



**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** जिले में सिख समाज के लोगों ने समाजवादी पार्टी में आस्था जताते हुए पार्टी की पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) रणनीति को मजबूती देने का संकल्प लिया। समाजवादी पार्टी के ज़िला उपाध्यक्ष तेजिंदर सिंह बग्गा ने कहा कि सिख समाज पूरी तरह से पार्टी के साथ है और 2027 में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग मौजूद रहे। प्रमुख रूप से रविंदर सिंह राजपाल,मन्नत राजपाल, मनप्रीत सिंह बग्गा, दर्शदीप सिंह, गुरमीत सिंह, अमन सिंह, आकाश सिंह बग्गा सहित अन्य गणमान्य लोग इस बैठक में शामिल हुए। तेजिंदर सिंह बग्गा ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है,जो हर वर्ग के लोगों को समान रूप से सम्मान और अधिकार देती है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले चुनाव में सिख समाज पार्टी के समर्थन में पूरी ताकत से काम करेगा और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प को साकार करेगा। बैठक में मौजूद सिख समाज के लोगों ने समाजवादी पार्टी की नीतियों की सराहना की।

■ **2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प**

अवधनामा



# फायर ब्रिगेड ने दिखाई तत्परता हवेली दरवाजा के एयरटेल टावर में आग लगने से बची



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** महोबा के हवेली दरवाजा चौराहे के पास स्थित एयरटेल टावर के समीप गुरुवार को कचरे में लगी मामूली आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें आसपास के पेड़.पौधों को झुलसाते हुए टावर की दीवारों तक पहुंच गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पास के ही कुछ लोगों ने फायर बिग्रेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड के अधिकारी।देवेश तिवारी के नेतृत्व में तुरंत मौके पर टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। समय पर कार्रवाई न होने पर टावर में रखे जनरेटर, डीजल टैंक और करोड़ों रुपये की मशीनें नष्ट हो सकती थीं। जनपद का मोबाइल नेटवर्क भी निष्क्रिय हो सकता था । स्थानीय निवासी रमजान के अनुसार, सुबह कचरे में हल्की आग जल रही थी, जिसे लोगों ने नजरअंदाज कर दिया। तेज धूप और सूखे कचरे के कारण आग ने भयंकर रूप ले लिया। आग के चलते टावर के आसपास के पेड़.पौधे झुलस गए और एनसीआई टावर की दीवारों पर लगे पौधे भी जलने की कगार पर पहुंच गए।

फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से बड़ी दुर्घटना टल गई।जिससे स्थानीय लोगों ने देवेश तिवारी और उनकी टीम की सराहना की। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है, और पास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देखी जा रही है। हाल के दिनों में, उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। फायर ब्रिगेड टीम के अनुसार धूप की तीव्रता बढ़ने लगी है।जलती हुई सिगरेट या राख आदि को बुझा कर के ही कचरे में डाले तथा इन घटनाओं से स्पष्ट होता है कि कचरे और सूखे पदार्थों के निपटान में सावधानी बरतना आवश्यक है, ताकि इस प्रकार की आगजनी की घटनाओं से बचा जा सके।

# एमएलसी ने कबरई तक 18 किमी गड्ढा युक्त सड़क का उठाया मुद्दा



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** सदन में विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग कबरई से महोबा तक गडढा युक्त एंव अतियंत क्षतिग्रस्त सड़क होने से प्रदेश की सबसे बड़ी पत्थर मंडी प्रभावित हो रही है। पत्थर मंडी में हजारों काम करने वाले श्रमिकों के सामने रोजी रोटी का संकट बढ गया है। क्षेंत्र के मरीजों एंव आम लोगों को महोबा से बांदा प्रयागराज एंव कानपुर लखनऊ आने जाने में करीब 18 किलों मीटर लंबी जर्जर सड़क मुसीबत बनी हुई है। विधान परिषद सदस्य ने नियम 110 के तहत सूचना में सदन का ध्यान आक्रष्ट कराते हुए बताया कि जर्रर सड़क के चलते अक्सर दुर्घटनाएं हो रही है, तमाम लोग घायल भी हो रहे है, कई लोगों की सड़क दुर्घना में मौत भी हो चुकी है। उक्त सड़क की मरम्मत ना होने के कारण क्षेत्र वासियों में आक्रोश व्याप्त है। एमएलसी ने लोकमत के सुनिश्चित विषय पर सदन का ध्यान आकर्षित कराते हुए जनहित में महोबा से कबरई तक लगभग 18 किलों मीटर क्षतिग्रस्त मार्ग को आविलंभ बना कर सदन में वक्तव्य एंव चर्चा कराए जाने मांग की है। साथ ही सड़क का निर्माण न होने वाली समस्याओं से भी अवगत कराया है।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ धार्मिक कार्यक्रम

**ललितपुर।** ग्राम बड़ा कल्याणपुरा में नव्य भव्या श्री सोमेश्वर शिव पंचायतन प्रसाद महोत्सव में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामवासी एवं नगरवासियों ने समलित होकर धर्म लाभ लिया। कलश यात्रा में सागर की धपला पार्टी एवं राई सहरा पार्टी, नाथ पार्टी एवं आकाशीय पुष्प वर्षा छोटी छोटी बच्चियों ने तलवार बजी एवं अखाड़े का शानदार प्रस्तुति दी ऊंट और घोड़े आकर्षण का केंद्र रहे। कलश यात्रा श्रीसोमेश्वर धाम मन्दिर प्रांगण से प्रारंभ होकर हनुमानजी मन्दिर, श्रीराम राजा मंदिर और चतुर्भुज मंदिर होते हुए श्रीसोमेश्वर धाम मन्दिर प्रांगण में पहुंची। तत्पश्चात श्रीशिव महापुराण की कथा पं.बद्री पाठक शास्त्री की अमृतवाणी से प्रारंभ हुई। साथ में पं.बाबूलाल द्विवेदी प्रतिष्ठाचार्य द्वारा मंदिर पूजन एवं शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम भी चलता रहा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान उर्मिला देवी पं.दुर्गा प्रसाद पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने में समस्त ग्राम वासियों का संपूर्ण सहयोग रहा।

# बाल विवाह को खत्म करने के लिए लोगों ने ली शपथ




**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल।** बाल अपराधों के खिलाफ जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी सम्भल में लगातार अभियान चला रहे है इसी क्रम में गुरुबार को अभियान को गति प्रदान करते हुए प्रयत्न संस्था और जिला प्रोबेशन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के सहयोग से पंवासा ब्लॉक के हैबतपुर गांव में ग्राम प्रधान तसलीम अहमद के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बाल विवाह न करने की शपथ ली इस अवसर पर संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी ने कहा की बच्चे देश का भविष्य हैं और देश के भविष्य को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है एवं लोगों को बाल अपराधों के विषय में जानकारी देते हुए बताया की हमारे आसपास हो रहे किसी भी बाल अपराध की जानकारी संबंधित नंबरों जिसमें चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, पुलिस 112 पर दे सकते है। जिससे की जनपद सम्भल को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। बाल विवाह एक सामाजिक अपराध है इसको जड़ से खत्म करने के लिए हम सबको मिलकर अबाज उठानी होगी, इस अवसर पर ग्राम प्रधान तसलीम अहमद, आंगनवाड़ी नुजहत प्रवीण एवं टीम के फील्ड कोर्डिनेटर फरज़ंद अली वारसी, सिराज अहमद एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# जिले में नोडल अधिकारी ने डीएम के साथ किया निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** जनपद के नोडल अधिकारी एंव सचिव वित्त विभाग उत्तर प्रदेश शासन शाहिद मंजर अब्बास रिजवी ने जिलाधिकारी मृदुल चौधरी के साथ निर्माणाधीन जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिसमें निर्माणाधीन भवन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की, साथ ही निरीक्षण के समय प्रथम तल की छत की ढलाई का कार्य पूर्ण हो चुका है, फिनिशिंग का कार्य चल रहा है। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिए कि भवन निर्माण के दौरान ही वृक्षारोपण के लिए बाउंड्री वाल के किनारे किनारे की जगह पर वृक्षारोपण करवाना सुनिश्चित करें। भवन निर्माण में बनने वाले टॉयलेट की ढलाई इस तरह की जाए की जल का भराव ना हो। नोडल अधिकारी ने कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए कि गुणवत्तापूर्ण सामग्री का प्रयोग किया जाये तथा टाइल्स की क्वालिटी चेक करके ही लगाई जाए। गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का सुझौता नही किया जाएगा।

होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकरी कार्यालय का भवन निर्माण का बारीकी से निरीक्षण कर कार्यदाई संस्था को दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एंव राजस्व राम प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी हरेन्द्र कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी पंकज यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला एड्स नियंत्रण समिति द्वारा मिनी स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**ललितपुर।** जिला एड्स नियंत्रण समिति द्वारा आई.टी.आई के पास स्थित कांशीराम कॉलोनी में एक दिवसीय विशाल मिनी कैम्प का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ जिला क्षयरोग/एड्स नियंत्रण अधिकारी डा.आर.एन. सोनी के द्वारा किया गया। तत्पश्चात स्थानीय एक संस्था द्वारा संचालित लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना प्रबंधक हरेंद्र रिछारिया द्वारा एच.आई.वी., एड्स के प्रति जागरूक किया जिसमें कारण, लक्षण और बचाव के उपायों पर चर्चा की। आई.सी.टी.सी. काउन्सलर राजकुमारी द्वारा सभी उपस्थित कॉलोनी वालों की काउंसिलिंग की गई। मौशमी बीमारियों के बचाव हेतु डा.भीमसिंह ने जांच करते हुए नीरज चतुर्वेदी द्वारा निश्शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। लेब टेक्निशियन अमित पुरोहित द्वारा टीवी की जांच करने हेतु हॉस्पिटल में बलगम की जांच कराने की सलाह दी गई। अरविन्द शर्मा द्वारा एच.आई.वी.की जांच की गई। इस कैम्प में मनोज गुप्ता, विजय बहादुर सिंह पाल, संजय सिंह, भावना ने सहयोग देकर कैम्प को सफल बनाया।

# इंडस वैली स्कूल के बच्चों के लिए शरू होगी अकादमी : आशीष नेहरा

- पूर्व भारतीय क्रिकेट ने पत्रकार वार्ता में बताई अकादमी खुलने की बात



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर आशीष नेहरा ने गुरूवार को कहा कि राठ में क्रिकेट अकाडमी शुरू करने के वह अब महोबा मे अकाडमी शुरू कर रहे है। जिससे यहां के युवाओं खासकर इंडस वैली पब्लिक स्कूल के छात्रों को क्रिकेट सीखने का बेहतर मौका मिलेगा। उन्होने कहा कि जितनी अधिक से अधिक हेल्प होगी वह यहां के लोगों की अवश्य करेंगे। कहा कि यही बच्चे कल देश और प्रदेश के लिए क्रिकेट खेल कर महोबा जिले का नाम रोशन करेंगे।

पूर्व क्रिकेट आशीष नेहरा गुरूवार को इंडस वैली पब्लिक स्कूल महोबा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होने कहा कि बच्चों में प्रतिभाव की कमी नही है, जरूरत है उन्हे प्लेट फार्म देने की। बच्चों की इच्छा पर निर्भर करता है कि बच्चों की किस खेल की प्रति रूचि है उन्हे उसी खेल को खेलना चाहिए। उन्होने कहा कि बच्चों को खेल खेलना चाहिए। खेल से जहां शरीर स्वस्थ और चुस्त दुरुस्त रहता है वहीं पढाई में भी काफी हेल्प मिलती है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कहा कि चाहे खेल हो या पढाई छात्रों को आगे बढने के लिए अतिरिक्त मेहनत करने की जरूरत होती है। तभी बच्चे अपने लक्ष में सफल होते है। उन्होने कहा कि बुंदेलखंड उन्हे काफी पसंद है वह अक्सर बुंदेलखंड में आते रहते है। इससे पहले भी वह राठ, महोबा सहित बुंदेलखंड के कई स्थानों पर आ चुके है। उन्होने बताया कि अब महोबा के इंडस वैली स्कूल के बच्चों के लिए अकाडमी शुरू की जा रही है। इस मौके पर इंडस वैली के चेयरमैन विशाल सिंह और स्कूल के प्रधानाचार्य गुलमीत सिंह भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई की गयी।पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### कोतवाली पुलिस ने पकड़ा बाइक चोर



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस ने थाने पर पंजीकृत धारा 303(2), 317(2) बीएनएस में प्रकाश में आये अभियुक्त मोहल्ला हरदीला निवासी सुरेन्द्र कुशवाहा पुत्र जाहर कुशवाहा को एक अदद चोरी की गयी मोटर साईकिल संख्या आर.जे. 18 एन.एस. 4781 सहित हवाई पट्टी के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही प्रचलित है। बताया गया है कि राजस्थान राज्य के जिला भरतपुर अंतर्गत थाना भुसावर के ग्राम हाथौड़ी निवासी नरेन्द्र कुमार पुत्र वीरबल सिंह ने तहरीर देकर बताया था कि उसकी अज्ञात चोर द्वारा ऑफिस के बाहर से मोटर साइकिल चोरी हो गयी थी। सूचना के आधार पर थाना कोतवाली ललितपुर पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर घटना के सफल अनावरण हेतु टीमे गठित कर धरातलीय सूचना, सीसीटीवी कैमरो व अन्य एकत्रित साक्ष्यों की मदद से प्रकाश में आये अभियुक्त सुरेन्द्र कुशवाहा उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। बाइक चोर को पकडने वाली पुलिस टीम में उ.नि. सुशील कुमार त्रिपाठी व उ.नि. भूपेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# भाजपा ने दलित-पिछड़ों का जीवन अंधकारमय कर दिया: महेश



- पीडीए यात्रा पहुंची ललितपुर, जनसभा के जरिए पीडीए को मजबूत करने का आह्वान

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर पूरे प्रदेश में पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को एकजुट करने के उद्देश्य से पीडीए यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा गुरूवार को सपा के प्रदेश सचिव/यात्रा प्रभारी महेश कश्यप के कुशल नेतृत्व में झांसी से चलकर ललितपुर पहुंची। ललितपुर पहुंचने के पहले यात्रा का जिले के बॉर्डर झररघाट से भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने यात्रा का फूलमालाओं और पुष्पवर्षा करते हुये जोरदार उदघोष करते हुये किया गया। समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया व वरिष्ठ नेता विनोद रायकवार के संयुक्त नेतृत्व में पीडीए यात्रा की ललितपुर नगर में भव्यता से अगुवानी की गयी। यात्रा शहर से होते हुये मोहल्ला तालाबपुरा पहुंची। तालाबपुरा पहुंचते ही यात्रा जनसभा में परिवर्तित हो गयी, जहां मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव/यात्रा प्रभारी महेश कश्यप के साथ ललितपुर के वरिष्ठ सपा कार्यकर्ताओं ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि समाजवादी पार्टी इस समय एक मजबूत विपक्ष की भूमिका का निर्वाह्न राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कुशल मार्गदर्शन में बेहतर तरीके से कर रही है। वर्तमान सत्तादल की गलत नीतियों का विरोध करते हुये समाजवादी पार्टी आमजन के अधिकारों को दिलाने का काम कर रही है। उन्होंने आह्वान किया कि समय आ गया है कि अपने अधिकारों को और भी सुरक्षित करने के लिए पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक एक मंच पर आयें। यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में मुख्यमंत्री रहते हुये अखिलेश यादवजी द्वारा तमाम जनहितैषी योजनाओं का संचालन किया गया था, जिन्हें सत्ता में आते ही भाजपा ने बंद कर दिया। अब समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों तक शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। इसके लिए समाजवादी पार्टी संघर्षरत है। वरिष्ठ सपा नेता विनोद रायकवार ने कहा कि आगामी समय में जिला पंचायत के चुनाव आ रहे हैं, जिसमें प्रदेश की जनता ऐसे दमनकारी नीतियों को अपनाने वाले सत्ताधीशों को उनके अंजाम तक पहुंचाने का कार्य करें। इस दौरान के.के.यादव, विजय यादव, खुशालचंद्र साहू, गोविन्द यादव, रीतेश नाहर, सतीश रायकवार, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, गजेंद्र यादव, अभि जैन, आरिफ कुरैशी, रामप्रताप, महेन्द्र टिकैत, प्रताप यादव एड., विनोद रायकवार, चारू जैन, रानू मंसूरी, यादवेन्द्र, कैफी, रोबन, मोनू, इंदर यादव चुनगी, राजेन्द्र बजर्रा, शैलेन्द्र यादव, जावेद, प्रियंक, चंद्रपाल, ब्रजेश, शेखर यादव आदि उपस्थित रहे।

# भूमिधर आराजी पर जबरन अवैध निर्माण करने का आरोप



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम कड़ेसराकलां के मजरा मनेरा में रहने वाले भागीरथ पुत्र सुजान व प्रेम पत्नी भगवानदास ने संयुक्त रूप से एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को भेजा है। पत्र में उन्होंने बताया कि उनकी भूमिधर आराजी पर दबंगों द्वारा अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसे रोके जाने की आवश्यकता है। आगे बताया कि गांव के दबंग हरभजन पुत्र काशीराम द्वारा पीड़ित की भूमिधर आराजी संख्या 1619 रकवा 0.433 हे. पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। जब अवैध निर्माण किये जाने से रोका तो उक्त लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गयी। पीड़ित ने मामले की सूचना तत्काल डायल 112 पर पुलिस को दी, जिससे पुलिस मौकेपर आयी, परन्तु उक्त लोगों पर कार्यवाही नहीं की गयी। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग काफी आपराधिक किस्म के लोग हैं और जबरन अवैध निर्माण किया जा रहा है। पीड़ित ने परिवार समेत मुख्यालय पहुंच कर डीएम-एसपी को शिकायती पत्र भेजते हुये तत्काल निर्माण कार्य रोके जाने की मांग उठायी है।

# डीएम ने उद्यमियों को समस्याओं को दूर करने का दिया आश्वासन

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकाारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया, जिसमें बिन्दुबार समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष उद्योगपतियों ने उठाया और जिलाधिकारी ने इन समस्याओं को दूर करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया सबसे पहले यूपीसीडा से सम्बन्धित समस्याओं पर विचार किया गया, उद्योगपतियों ने जिलाधिकारी के समक्ष यह समस्या उठाई थी, औद्योगिक क्षेत्र जलेसर रोड फिरोजाबाद में पेयजल की कोई व्यवस्था नही है इसके लिए दो टयूववैल स्वीकृत करने की कृपा करें, इस पर एक्सईन यूपीसीडा ने बताया कि यहां पर मृदा परीक्षण के बाद कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है और शीघ्र ही यहां पर पेयजल की व्यवस्था करा दी जाएगी।

जिलाधिकाारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया, जिसमें बिन्दुबार समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष उद्योगपतियों ने उठाया और जिलाधिकारी ने इन समस्याओं को दूर करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया सबसे पहले यूपीसीडा से सम्बन्धित समस्याओं पर विचार किया गया, उद्योगपतियों ने जिलाधिकारी के समक्ष यह समस्या उठाई थी, औद्योगिक क्षेत्र जलेसर रोड फिरोजाबाद में पेयजल की कोई व्यवस्था नही है इसके लिए दो टयूववैल स्वीकृत करने की कृपा करें, इस पर एक्सईन यूपीसीडा ने बताया कि यहां पर मृदा परीक्षण के बाद कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है और शीघ्र ही यहां पर पेयजल की व्यवस्था करा दी जाएगी। इसी प्रकार उपायुक्त उद्योग द्वारा समिति को अवगत कराया गया है कि यूपीसीडा द्वारा बेल्ट व पार्को हेतु आरक्षित भूमि पर बारवेड वायर फैन्सिंग स्थापित करने के सम्बन्ध में है, इस पर यूपीसीडा के एक्सईएन ने बताया कि एक सप्ताह में कार्य प्रारम्भ हो जाएगा और तीन माह में इसे पूरा कर लिया जाएगा। इसी तरह इस बैठक मे टीटीजेड क्षेत्र में रामगढ़ तथा दबरई के मध्य नवीन औद्योगिक क्षेत्र व औद्योगिक आस्थान स्थापित कराये जाने के सम्बन्ध में मुददा उठा, जिलाधिकारी ने कहा कि अब इन मुददों से आगे बढकर प्लेज औद्योगिक पार्क इत्यादि स्थापित करने के बारें में सोचा जाये, जिससे सूबे के आर्थिक विकास एवं रोजगार सृजन मे सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की भूमिका को बढाया जा सके।

# रमज़ान में गो सेवा करने का आह्वान



**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल।** भारतीय सद्भावना मंच की राष्ट्रीय संयोजक ने सम्भल पहुंचकर मुस्लिम समुदाय के बीच देश प्रेम और एकता की अलख जगाते हुए संवाद स्थापित किया। भारतीय सद्भावना मंच के सम्मान एवं प्रेस वार्ता में कई अन्य पदाधिकारियों के साथ शामिल हुयी राष्ट्रीय संयोजक साध्वी मां कल्पना अरुंधति ने बोलते हुए कहा कि पवित्र रमजान का महीना शुरू हो रहा है। इसी तरह गो सेवा ओर दूसरे कार्यो में भी मुस्लिम समुदाय के लोग आगे आकर सेवा करें। आपसी भाईचारा बनाए रखें। कोई धर्म इकतेलाफ नहीं सिखाता बल्कि इत्तेफाक सिखाता है और मिलजुलकर रहने का संदेश देता है। साध्वी मां कल्पना अरुंधति ने भारतीय सद्भावना मंच के संयोजक डॉ. इंद्रेश कुमार आरएसएस के संदेश से भी लोगों को रूबरू कराया। साथ ही आपसी भाईचारे से रहने और पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब व भगवान राम व आदम हव्वा के पैग़ाम पर भी विस्तार से रोशनी डाली। इस मौके पर ठाकुर ध्यानपाल सिंह सह संयोजक, भैया गुलफाम हुसैन जिला संयोजक संभल ने भी अपने विचार प्रकट किए। अंत में संभल नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही जामई ने सभी का आभार प्रकट किया।

# त्रिमूर्ति शिव जयन्ती पर निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन




**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय वरदानी भवन में 89 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती (शिवरात्रि) पावन पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। नृसिंह मंदिर रामलीला मैदान से शोभायात्रा प्रारंभ हुई। जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए वरदानी भवन सिविल लाइन पहुंची। सुबह यात्रा में शिव-शंकर की सुंदर मनमोहक झांकी सजाई गई तथा बीके भाई-बहनों के हाथ में शिव परमपिता परमात्मा पिता का झंडा तथा स्लोगन की तपतियां लेकर चले और नगर वासियों को शिव जयंती की बधाई। शिव परमात्मा का संदेश दिया स्लोगन तथा नारे लगाए गए। वरदानी भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम चले। जिसमें शिव परमात्मा का सत्य-परिचय तथा सच्ची महाशिवरात्रि नाटक का मंचन विद्यालय के बच्चों के द्वारा किया गया। सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी ने सत्य का बोध बताते हुए कहा कि शिवरात्रि क्यों मनाई जाती है? यह परमात्मा शिव के सृष्टि पर अवतरित होने का प्रतीक है। ज्ञान को दिन और अज्ञान को रात कहा गया है। जिस समय भगवान शिव विश्व का कल्याण करने अर्थात् पतित, भ्रष्टाचारी, विकारी, दुखी सृष्टि को सुख, शांति, पवित्रता, खुशी, आनंद, ज्ञान, शक्ति से समर्थ बनाने आते है। तब मानव मात्र ईश्वरीय समझ से समझदार बनकर बुराई से मुख मोड़ लेता है और अच्छाई से मित्रता करता है। इसी का प्रतीक है। रात्रि में अवतरित होना और अंधकार का नाश कर प्रकाशमय संसार बनाना। यह कार्य निराकार शिव जी जिन्हें त्रिमूर्ति भी कहते है। वह कलयुगी मानवीय शरीर में प्रवेश करते हैं और उन्हीं मानव का नाम परिवर्तित होकर प्रजापिता ब्रह्मा पड़ता है। परमपिता शिव ब्रह्मा, विष्णु, शंकर देवताओं के भी रचयिता है। इसी कारण से उन्हें त्रिमूर्ति शिव कहा जाता है। ब्रह्माजी द्वारा दैवी सृष्टि की स्थापना करते है, शंकरजी के द्वारा आसुरी सृष्टि का संहार परिवर्तन करते है और विष्णुजी के द्वारा आने वाली दैवी सृष्टि की पालना कराते है। तभी तो उन्हें परमशक्ति परमात्मा कहते है। तो प्यारे भाई-बहनों शिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य को जान अपने जीवन को सुखमय और खुशहाल बनाएं। मंच संचालिका राजयोगिनी बीके मायारानी दीदीजी ने सभी को प्रतिज्ञा दिलाते हुए कहा की हम सभी सदा परमात्मा स्नेह में समाते हुए मनजीत जगजीत बनेंगे। तत्पश्चात सभी को प्रसाद ब्रह्माभोग स्वीकार कराया गया। जिसमें बीके किरण दीदी, गीता दीदी, प्रीती दीदी, रूबी दीदी, प्रियंका बहन, निशा बहन, पूजा बहन, शिवानी बहन, रजनी बहन, सुधा बहन, सोना बहन, निक्की बहन, प्रिया बहन, यशिका बहन, बीके विद्यासागर भाई, शहर के गणमान्य डा.श्रीराम साहू, कुंजबिहारी उपाध्याय, ओम प्रकाश गुप्ता, मनोज जोशी, नितिन निरंजन, किशोर भाई, रामस्वरूप साहू, केशव प्रसाद पांडेजी, राधेश्याम ताम्रकार, मनीष दुबे, कैलाश नारायण, लक्ष्मी नारायण साहू एवं अनेक भाई-बहन उपस्थित रहे।

# दहेज उत्पीड़न का शिकार हुईं भारतीय मुक्केबाज पति पर लगाए गंभीर आरोप, दर्ज कराई एफआईआर

**नई दिल्ली।** दोनों की शादी 2022 में हुई थी। स्वीटी ने हरियाणा के हिसार में अर्जुन



पुरस्कार विजेता हुड्डा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। हिसार के महिला थाने की एसएचओ सीमा ने गुरुवार को बताया, स्वीटी बूरा द्वारा अपने पति दीपक हुड्डा के खिलाफ दी गई शिकायत के आधार पर 25 फरवरी को एफआईआर दर्ज की गई है।

अर्जुन पुरस्कार विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन मुक्केबाज स्वीटी बूरा ने एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अपने कबड्डी खिलाड़ी पति दीपक हुड्डा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। स्वीटी ने अपने पति और उनके परिवार पर दहेज के लिए मारपीट करने का आरोप लगाया है।

**दीपक हुड्डा पर लगा दहेज उत्पीड़न का आरोप**

दोनों की शादी 2022 में हुई थी। स्वीटी ने हरियाणा के हिसार में अर्जुन पुरस्कार विजेता हुड्डा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। हिसार के महिला थाने की एसएचओ सीमा ने गुरुवार को बताया, स्वीटी बूरा द्वारा अपने पति दीपक हुड्डा के खिलाफ दी गई शिकायत के आधार पर 25 फरवरी को एफआईआर दर्ज की गई है। जब उनसे पूछा गया कि क्या हुड्डा को अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया है तो सीमा ने कहा, हमने उन्हें दो-तीन बार नोटिस दिया लेकिन वह नहीं आए।

जब पीटीआई ने हुड्डा से संपर्क किया तो उन्होंने अपने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए अपनी अनुपस्थिति का बचाव किया। उन्होंने कहा कि इस आघात का उनके स्वास्थ्य पर असर पड़ा है। हुड्डा ने कहा, मैंने चिकित्सा प्रमाण पत्र जमा कर दिया है और बाद की तारीख मांगी है। मैं निश्चित रूप से वहां (पुलिस थाने) जाऊंगा लेकिन मैं अपनी पत्नी के खिलाफ कोई नकारात्मक टिप्पणी नहीं करूंगा। मुझे उनसे मिलने की अनुमति नहीं दी गई है।

**स्वीटी ने किया मामले पर टिप्पणी से इनकार**

संपर्क किए जाने पर स्वीटी ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। जब हुड्डा के खिलाफ आरोपों के बारे में पूछा गया तो महिला थाने की एसएचओ ने बताया कि 'अधिक दहेज के लिए' प्रताड़ित करने और मारपीट करने के आरोप लगाए। बूरा द्वारा लगाए गए आरोपों का जिक्र करते हुए सीमा ने कहा, एक लग्जरी कार की मांग की गई थी और उसे पूरा भी किया गया लेकिन उसका पति उसे पीटता है, साथ ही पैसों की भी मांग करता है।

**2024 में चुनाव हार गए थे हुड्डा**

भारतीय न्याय संहिता की धारा 85 के तहत मामला दर्ज किया गया है जो किसी महिला के पति या उसके रिश्तेदार द्वारा उसके साथ क्रूरता करने से संबंधित है। हुड्डा ने रोहतक जिले के महम निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में 2024 हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ा था लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वह 2016 में दक्षिण एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और 2014 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय कबड्डी टीम का हिस्सा थे। उन्होंने प्रो कबड्डी लीग में भी हिस्सा लिया है।

# रियो में अज्ञात शख्स ने अर्जेंटीना के दो फैंस को गोली मारी, रिकोपा सुदामेरिकाना मैच से पहले की घटना

**रियो डी जेनेरियो रियो।** के स्वास्थ्य सचिवालय ने एक बयान में कहा कि पीड़ितों में से एक का मिगुएल कोटो अस्पताल में ऑपरेशन किया जा रहा है और दूसरे की हालत स्थिर है जो लौरेंको जॉर्ज अस्पताल में है।

रिकोपा सुदामेरिकाना फाइनल के दूसरे चरण से पहले रियो डी जिनेरियो में अर्जेंटीना के दो फुटबॉल प्रशंसकों को गोली मार दी गई। यह मैच मेहमान टीम रेसिंग और स्थानीय बोटाफोगो के बीच खेला जाना है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि बुधवार को दोनों प्रशंसक शहर के पश्चिमी हिस्से में बारा दा तिजुका के क्षेत्र में एक समुद्र तट पर थे जब उन्हें लूट लिया गया और एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें गोली मार दी।

रियो के स्वास्थ्य सचिवालय ने एक बयान में कहा कि पीड़ितों में से एक का मिगुएल कोटो अस्पताल में ऑपरेशन किया जा रहा है और दूसरे की हालत स्थिर है जो लौरेंको जॉर्ज अस्पताल में है। टीवी फुटेज में दिखाया गया कि उनमें से एक को



रियो अग्निशमन विभाग के हेलीकॉप्टर से अस्पताल ले जाया गया।

रियो पुलिस जांच कर रही है और कहा कि कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। रेकोपा सुदामेरिकाना खिताब कोपा लिबर्टाडोरेस (बोटाफोगो) और कोपा सुदामेरिकाना (रेसिंग) के विजेताओं के बीच खेला जाता है। पिछले सप्ताह अर्जेंटीना की टीम ने ब्यूनस आयर्स में बोटाफोगो को 2-0 से हराया था। दूसरा चरण गुरुवार को निल्टन सैंटोस स्टेडियम में होगा।

# रिटायरमेंट के बाद खेल के मैदान पर उतरीं बरेली की शालिनी, 64 साल की उम्र में टेबल टेनिस में बनाई पहचान

**बरेली।** अक्सर लोग रिटायरमेंट के बाद आराम करना पसंद करते हैं, लेकिन बरेली की शालिनी ने इस धारणा को तोड़ते हुए टेबल टेनिस में नई पहचान बनाई है। आशीष रॉयल पार्क निवासी शालिनी गोयल जनवरी 2021 में केंद्रीय विद्यालय से सेवानिवृत्त हुईं थीं। इसके बाद अपने खाली समय का सदुपयोग करने, खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से सक्रिय रखने के लिए उन्होंने टेबल टेनिस से खेल में कदम रखा। उन्होंने खेल के प्रति अपने रुझान को पहचाना और रिटायरमेंट के बाद इसे गंभीरता से अपनाया। रिटायरमेंट के बाद शालिनी ने टेबल टेनिस खेल की शुरुआत सोसाइटी के क्लब में खेलने से की।

शालिनी ने बिना किसी पेशेवर कोचिंग के टेबल टेनिस खेलना सीखा। उन्होंने अपनी लगन और आत्मविश्वास के दम पर कठिन अभ्यास किया और अपनी तकनीक को निखारा। धीरे-धीरे उन्होंने स्थानीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू किया और सफलता हासिल की। उनकी मेहनत, समर्पण रंग लाई



और उन्होंने खेलो मास्टर्स जैसी प्रतियोगिताओं में चैंपियन का तमगा हासिल किया।

इससे पूर्व साल 2020 में हुई टेबल टेनिस (कर्मचारी) राष्ट्रीय खेल-कूद प्रतियोगिता में महिला ओपन एकल वर्ग प्रतियोगिता में रजत पदक अपने नाम किया। सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने वर्ष 2022 में हुई उत्तर प्रदेश मास्टर्स टेबल टेनिस चैंपियनशिप में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने दिल्ली में हुई खेलो मास्टर्स प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया। बैंकॉक में हुई एशिया पेसिफिक वेटरेन टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भी प्रतिभाग किया। हाल ही में वह इंदौर में आयोजित हुई नेशनल टेबल टेनिस वेटरन चैंपियनशिप में खेलकर आई हैं।

शालिनी का कहना है कि जीवन में कुछ भी नया सीखने के लिए कोई उम्र नहीं होती। उन्होंने कहा कि लोग सोचते हैं कि उम्र बढ़ने के बाद कुछ नया सीखना संभव नहीं होता, लेकिन ऐसा नहीं है। रिटायरमेंट के बाद समय का सही उपयोग करना बहुत जरूरी होता है। उन्होंने बताया कि टेबल टेनिस ने उन्हें फिट, सक्रिय बनाने के साथ-साथ एक नई पहचान भी दी।

# बेटी को बेरहमी से पीटता था दीपक: विश्व बॉक्सिंग चैंपियन स्वीटी बूरा की मां बोलीं-संपत्ति हड़पना चाहता है दामाद

**हिसार (हरियाणा)।** विश्व बॉक्सिंग चैंपियन स्वीटी बूरा और उनके पति दीपक हुड्डा के रिश्तों में खटास आ गई है। स्वीटी का मां सुरेश का आरोप है कि दामाद दीपक हुड्डा उनकी बेटी को बेरहमी से पीटता था। दामाद बेटी की प्रॉपर्टी को हड़पना चाहता है। वहीं, स्वीटी बूरा का आरोप है उनका पति दीपक हुड्डा उन्हें कमरे में बंद कर प्रताड़ित करता था। पति ने इतने सितम किए कि मैं अब थोड़ी सी आवाज सुनकर भी डर जाती हूं। इस मामले में महिला थाने में दीपक और उनकी बहन पूनम के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

विश्व बॉक्सिंग चैंपियन स्वीटी बूरा की मां सुरेश ने महिला थाने में पुलिस को दी गई शिकायत में दामाद दीपक हुड्डा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जनवरी में जब स्वीटी को अर्जुन अवार्ड मिला था तो उसके ससुराल हम गए थे। उस समय भी हमारे सामने बेटी को दीपक ने पीटा था। स्वीटी बूरा की मां ने बताया कि दीपक के साथ शादी के समय उनकी बेटी ओलंपिक खेल चुकी थी। दीपक हुड्डा उस समय राष्ट्रीय पर ही केवल खेलता था। दीपक के घर की माली हालत ठीक नहीं थी। इसके बावजूद हमने स्वीटी की शादी

> **आरोप**
>
> **विश्व बॉक्सिंग चैंपियन स्वीटी बूरा की मां सुरेश ने महिला थाने में पुलिस को दी गई शिकायत में दामाद दीपक हुड्डा पर गंभीर आरोप लगाए हैं।**



दीपक के साथ की। आरोप है कि शादी के दौरान दीपक ने महंगी फारच्यूर्नर मांगी थी। स्वीटी के प्रयास से ही दीपक हुड्डा को अर्जुन अवार्ड मिला था।

विश्व बॉक्सिंग चैंपियन स्वीटी बूरा ने आरोप लगाया कि उनका पति दीपक हुड्डा उन्हें कमरे में बंद कर पीटता था। दिल्ली की सड़कों पर कार से उतारकर कई बार लोगों के सामने बेरहमी से पीटा। स्वीटी बूरा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि वह बॉक्सिंग प्लेयर है। मगर, शादी के बाद उस पर बॉक्सिंग छोड़ने का दबाव बनाया जाने लगा। उसने घर के कामकाज को लेकर कभी विरोध नहीं किया।

इतना जरूर है कि पति से कहा कि मुझे कुछ करिअर बनाने के लिए समय दें। मगर, पति दीपक ने इसे ईगो का सवाल बना लिया। इसके बाद वह उसे जलील करने लगा। दीपक की बहन पूनम ने उससे कहा कि कई परिवार ऐसे थे कि जो दीपक से अपनी बेटी की शादी होने पर दो करोड़ तक खर्च करने को तैयार थे। कम खर्च की वजह से उनकी इलाके में इज्जत कम हो गई है।

**घर से 5-6 दिन गायब रहता था दीपक, पूछने पर नाराज हो जाता था**

स्वीटी बूरा ने बताया कि शादी के बाद उसने देखा कि दीपक ज्यादातर समय घर से बाहर रहता है। वह 5-6 दिन के बाद घर आता है। जब वह उससे पूछती हैं कि कहां थे तो वह गुस्से में आ जाता। उसे धमकाते कि वह खेल में बड़ा नाम है। बहुत बड़ा नेता है। उसे कई कार्यक्रमों में जाना पड़ता है। इसलिए वह घर नहीं आ सकता।

## आईओसी को विश्व मुक्केबाजी से अस्थाई मान्यता मिली

**लुसाने।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने बुधवार को विश्व मुक्केबाजी को अस्थायी मान्यता दे दी जिससे अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) अब बेमानी हो गया।

इससे अब 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में मुक्केबाजी के बरकरार रहने की उम्मीदें भी बढी है चूंकि अब इस खेल के कामकाज का संचालन विश्व मुक्केबाजी के हाथ में होगा।

आईबीए की मान्यता 2023 में रद्द कर दी गई थी। आईओसी ने एक बयान में कहा, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड ने आज एक बैठक के बाद अस्थायी तौर पर विश्व मुक्केबाजी को अंतरराष्ट्रीय महासंघ के तौर पर मान्यता दी है।

# भूमि के फिल्मी करियर और दम लगा के हईशा को भी पूरे हुए 10 साल, थिएटर में देखी फिल्म, लिखा नोट

**मुंबई।** भूमि पेडनेकर ने अपनी मां के साथ थिएटर में फिल्म दम लगा के हईशा देखी और प्रशंसकों




से बातचीत भी की। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर कई वीडियो भी शेयर किए।

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने आयुष्मान खुराना के साथ फिल्म दम लगा के हईशा से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। यह रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म ठीक आज से 10 साल पहले 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। इस खास मौके पर अभिनेत्री ने एक लंबा नोट लिखा और फिल्म अपने परिवार के साथ सिनेमाघरों में देखी।


भूमि ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म दम लगा के हईशा के कई सीन शेयर करते हुए लिखा, दम लगाके हईशा को 10 साल पूरे। आयुष्मान खुराना 10 साल पहले, मैंने पहली बार दम लगा के हईशा देखी थी। पूरी तरह से नर्वस, एक भावनात्मक गड़बड़ी क्योंकि मुझे विश्वास नहीं हो रहा था कि मैं एक फिल्म में हूं। मैं वहां अपने बचपन के सपने को पूरा होते देख रही थी। अब 10 साल बाद, मैंने इसे फिर से एक थिएटर में उन लोगों के साथ देखा, जिन्हें मैं प्यार करती हूं और जो फिल्म को पसंद करते हैं। आयुष्मान खुराना मेरे सबसे अच्छे सह-अभिनेता,मित्र होने के लिए धन्यवाद। आपके बिना यह नहीं कर पाती। भूमि ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह सिनेमाघरों में प्रशंसकों से बातचीत करती नजर आ रही हैं। भूमि ने लिखा, कल आए और इस खूबसूरत फिल्म को फिर से देखने वाले सभी लोगों का बहुत-बहुत शुक्रिया। यह बहुत खास था। हंसी, रोना और फिल्म देखने की खुशी जिसने सभी को इतना गहराई से इंप्रेस किया, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। शुक्रिया आप मेरे बैक बोन हो। काम की बात करें तो भूमि फिलहाल अर्जुन कपूर और रकुल प्रीत सिंह के साथ फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी में नजर आ रही हैं।

# एंड्रयू और ट्रिस्टन के ऊपर से हटा बैन, अमेरिका के लिए हुए रवाना, मानव तस्करी का था इल्जाम

**मुंबई।** एंड्रयू टेट और ट्रिस्टन टेट के ऊपर से अमेरिका ने पाबंदी हटा ली है। उन पर मानव तस्करी करने और रेप करने के इल्जाम थे। उनके ऊपर से किस कानून के तहत पाबंदी हटी है इसकी जानकारी नहीं है। इंफ्लुएंसर भाई एंड्रयू टेट और ट्रिस्टन टेट ने रोमानिया छोड़कर अमेरिका का रुख किया है। अधिकारियों के मुताबिक उनके ऊपर से यात्रा प्रतिबंध हटा लिया गया है। इन भाइयों पर मानव तस्करी और महिलाओं का यौन शोषण करने के लिए आपराधिक गिरोह बनाने का इल्जाम है।

यह साफ नहीं है कि किन शर्तों के तहत टेट्स को रोमानिया छोड़ने की इजाजत दी गई। टेट्स राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थक हैं और उनके ऑनलाइन लाखों फॉलोवर्स हैं।

आंतरिक मामलों के मंत्रालय के एक अधिकारी ने नाम न बताने की



शर्त पर बताया कि यह फैसला वकीलों पर निर्भर है। एंड्रयू टेट और ट्रिस्टन टेट के पास अमेरिका और ब्रिटेन की नागरिकता है। इन दोनों को रोमानिया की राजधानी में साल 2022 में दो रोमानियन औरतों के साथ गिरफ्तार किया गया था।

भाइयों का जाना तब हुआ जब रोमानिया के विदेश मंत्री एमिल हुरेज़ेनु ने इस महीने कहा कि मौजूदा ट्रम्प प्रशासन के तहत एक अमेरिकी अधिकारी ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में रोमानिया में भाइयों के कानूनी मामले में रुचि जाहिर की थी। मंत्री ने जोर देकर कहा कि यह दबाव के जैसा नहीं था।

एंड्रयू टेट पर पीड़ितों में से एक के साथ दुष्कर्म करने का भी इल्जाम लगा था, जबकि उनके भाई ट्रिस्टन पर दूसरों को हिंसा के लिए उकसाने का आरोप लगा था। रोमानियाई कानून के तहत, ट्रॉयल तुरंत शुरू नहीं किया गया। मामला अदालत के पास प्रारंभिक जांच के लिए भेजा जाता है, जहां एक न्यायाधीश के पास वैधता सुनिश्चित करने के लिए मामले की फाइलों का निरीक्षण करने के लिए 60 दिन का समय होता है।

अभियोजकों के अनुसार, चारों ने कथित रूप से रोमानिया, ब्रिटेन और अमेरिका में मानव तस्करी के लिए एक आपराधिक ग्रुप बनाया। अभियोजक के बयान में कहा गया, पीड़िताओं को विदेशी नागरिकों ने विवाह करने का झांसा दिया। सात पीड़ितों की पहचान की गई थी। बयान के अनुसार, मार्च 2022 में दो घटनाओं के संबंध में एक संदिग्ध पर दुष्कर्म का आरोप लगाया गया।

# इंटर रिलीजन मैरिज के बाद प्रियामणि हुई थीं ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार? बोलीं- हमारे बच्चे...

**मुंबई।** प्रियमणि और मुस्तफा राज की सगाई 2016 में हुई थी और एक साल बाद उन्होंने 2017



में बेंगलुरु में शादी कर ली थी। मुस्तफा के साथ अपनी इंटर रिलीजन शादी के बाद झेली गई नकारात्मकता के बारे में खुलकर बातचीत की है।


साउथ अभिनेत्री प्रियामणि ने 2017 में फिल्म मेकर मुस्तफा राज से शादी की थी। उनके लिए यह मौका जश्न मनाने का था, लेकिन उनकी इंटर रिलीजन मैरिज ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार हो गईं। हाल ही में एक इंटरव्यू में प्रियामणि ने खुलासा किया कि सोशल मीडिया पर लव जिहाद के नाम पर मजाक ने उन्हें कितना परेशान किया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू में प्रियामणि ने कहा, ÷जब मैंने अपनी सगाई की अनाउंसमेंट की तो मैं बस इस खुशी के पल को उन लोगों के साथ शेयर करना चाहती थी। लेकिन मुझे नहीं पता कि किस वजह से बेवजह नफरत फैलनी शुरू हो गई और लव जिहाद के आरोप लगने लगे। उन्होंने यहां तक कह दिया कि जब कल हमारे बच्चे होंगे तो वे ISIS में शामिल हो जाएंगे।÷

प्रियामणि ने आगे कहा, ÷मैं समझती हूं कि मैं मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी हूं। लेकिन आप किसी ऐसे व्यक्ति पर हमला क्यों करना चाहते हैं, जो इन चीजों का हिस्सा ही नहीं है? शुरुआत के 2 से 3 दिनों तक यह मुझ पर भारी पड़ा क्योंकि मुझे बहुत सारे संदेश मिलते रहे। अब भी, अगर मैं उनके साथ कुछ पोस्ट करती हूं, तो दस में से नौ कमेंट हमारे धर्म या जाति के बारे में होते हैं। हालांकि, प्रियामणि ने बताया कि उन्होंने कभी भी ऑनलाइन ट्रोल्स का जवाब नहीं दिया, क्योंकि वह उन्हें एक मिनट की प्रसिद्धि नहीं देना चाहती थीं।

काम की बात करें तो प्रियामणि को हाल ही में मलयालम थ्रिलर ऑफिसर ऑन ड्यूटी में देखा गया था, जो इस महीने की शुरुआत में रिलीज हुई थी। पिछले साल, वह हिंदी फिल्मों मैदान और आर्टिकल 370 में भी नजर आई थीं। वह अगली बार जन नायकन में नजर आएंगी।

# हॉलीवुड एक्टर जीन हैकमैन और उनकी पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, घर में मृत पाए गए



**मुंबई।** हॉलीवुड जगत से चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। मशहूर अभिनेता जीन हैकमैन और उनकी पत्नी बेट्सी, न्यू मैक्सिको स्थित अपने घर में मृत पाए गए हैं। फिलहाल मामले की जांच चल रही है। हॉलीवुड जगत से चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। मशहूर अभिनेता जीन हैकमैन और उनकी पत्नी बेट्सी, न्यू मैक्सिको स्थित अपने घर में मृत पाए गए हैं। 95 वर्षीय एक्टर जीन हैकमैन और उनकी पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की खबर ने सभी को हैरान कर दिया है। फिलहाल मामले की जांच चल रही है। ऑस्कर विजेता मशहूर अभिनेता जीन हैकमैन और उनकी पत्नी कल बुधवार को अपने न्यू मैक्सिको स्थित घर में मृत पाए गए। सांता फे पुलिस ने द सन को यह बताया है और जीन हैकमैन व उनकी पत्नी के निधन की पुष्टि की है। इन दोनों के अलावा अभिनेता का कुत्ता भी घटनास्थल पर मृत पाया गया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, अधिकारियों ने बताया कि ऑस्कर विजेता अभिनेता जीन हैकमैन और उनकी पत्नी बुधवार को न्यू मैक्सिको स्थित अपने घर में मृत पाए गए। हालांकि, अधिकारियों ने उनकी मौत की परिस्थितियों के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी है। फिलहाल जांच जारी है।

सांता फे काउंटी शेरिफ कार्यालय के प्रवक्ता डेनिस एविला ने कहा कि बुधवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर 1:45 बजे घर की जांच करने के अनुरोध पर पुलिस वहां पहुंची और पाया कि हैकमैन, उनकी पत्नी बेट्सी अराकावा और कुत्ता मृत हैं। हैकमैन हॉलीवुड जगत के चर्चित सितारों में शुमार थे। साल 1971 में विलियम फ्रेडकिन की थ्रिलर फिल्म द फ्रेंच कनेक्शन में जिमी %पोपेय% डॉयल की भूमिका के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का ऑस्कर मिला। साल 1992 में क्लिंट ईस्टवुड की वेस्टर्न फिल्म अनफॉरगिवेन में लिटिल बिल डैगेट की भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का ऑस्कर मिला।

## इम्तियाज की रोमांटिक सीरीज ओ साथी रे की घोषणा

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स और इम्तियाज अली रोमांटिक वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है ओ साथी रे। इस सीरीज में अदिति राव हैदरी, अविनाश तिवारी और अर्जुन रामपाल नजर आएंगे। इस सीरीज का निर्देशन आरिफ अली करेंगे।

अमर सिंह चमकीला के बाद, नेटफ्लिक्स और फिल्म निर्माता इम्तियाज अली वेब सीरीज ओ साथी रे लेकर आ रहे हैं। विंडो सीट फिल्म्स और रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है। सीरीज में अदिति राव हैदरी, अविनाश तिवारी और अर्जुन रामपाल नजर आएंगे। नेटफ्लिक्स ने शेयर किया खास वीडियो।

इम्तियाज अली - जो तमाशा, रॉकस्टार, जब वी मेट और लव आज कल जैसी बेहतरीन फिल्मों के निर्देशन के लिए जाने जाते हैं। अब वह एक रोमांटिक वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं।

# अभिषेक बनर्जी ने ममता संग मतभेद की अटकलों को नकारा




**कोलकाता।** इस बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने टीएमसी बैठक में दावा किया कि जब तक चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं होगा, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं भाजपा नेताओं को भगवा कॉमरेड कहूंगी। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने अपनी बुआ और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मतभेद की अटकलों को महज अफवाह करार दिया है। उन्होंने मंगलवार को उन खबरों को खारिज कर दिया कि पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी के साथ उनके मतभेद हैं। उन्होंने ममता के प्रति अपनी वफादारी का दावा किया। उन्होंने कोलकाता में पार्टी सम्मेलन में कहा, मैं टीएमसी का वफादार सिपाही हूं और मेरी नेता ममता बनर्जी हैं।

इस बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने टीएमसी बैठक में दावा किया कि जब तक चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं होगा, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते। ज्ञानेश कुमार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त करने पर ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा निर्वाचन आयोग को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। ममता बनर्जी ने 2026 के विधानसभा चुनाव में कुल 294 में से 215 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य रखा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दमदार प्रदर्शन की वजह से भाजपा की सीटों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट देखने को मिलेगी। भाजपा ने 2021 के विधानसभा चुनाव में 77 सीट जीत थीं। बैठक में ममता बनर्जी ने कहा कि मैं भाजपा नेताओं को भगवा कॉमरेड कहूंगी।

# हाईकोर्ट पहुंचा मुंबई हमले से बरी व्यक्ति, पुलिस मंजूरी प्रमाणपत्र के लिए दायर की याचिका

**संगठन**

**आरोप था कि फहीम और अहमद आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयाब की मदद कर रहे थे, जिसने 26 नवंबर 2008 को हमले किए।**



**मुंबई।** मुंबई के 26/11 हमले के मामले में बरी फहीम अंसारी ने आजीविका के लिए ऑटोरिक्शा चलाने के लिए पुलिस मंजूरी प्रमाणपत्र की मांग करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने दावा किया कि अधिकारियों ने उन्हें आतंकवादी संगठन का सदस्य होने के आरोप में प्रमाणपत्र देने से इनकार कर दिया, जो उनके मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। मुंबई के 26/11 आतंकवादी हमले के मामले में बरी हो चुके फहीम अंसारी ने आजीविका के लिए ऑटोरिक्शा चलाने के लिए पुलिस मंजूरी प्रमाणपत्र (क्लियरेंस सर्टिफिकेट) की मांग करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एक विशेष अदालत ने मई 2010 में पाकिस्तानी आतंकवादी अजमल कसाब को दोषी ठहराया था और सबूतों की कमी के कारण फहीम अंसारी और सबाउद्दीन अहमद को बरी कर दिया था। इन दोनों पर साजिश में शामिल होने का आरोप था। आरोप था कि फहीम और अहमद आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयाब की मदद कर रहे थे, जिसने 26 नवंबर 2008 को हमले किए। इस हमले में 166 लोग मारे गए थे और सैकड़ों लोग घायल हुए थे। सुप्रीम कोर्ट और बॉम्बे हाईकोर्ट ने बाद में दोनों को बरी कर दिया। हालांकि, अंसारी को उत्तर प्रदेश के एक अन्य मामले में दोषी ठहराया गया और 10 साल की सजा सुनाई गई। अंसारी ने पिछले महीने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की, जिसमें उन्होंने कहा कि उसे अपनी आजीविका के लिए ऑटोरिक्शा चलाने के लिए पुलिस से मंजूरी प्रमाणपत्र की आवश्यकता है। याचिका में अंसारी ने बताया कि अधिकारियों ने उन्हें प्रमाणपत्र देने से इनकार कर दिया क्योंकि उन पर एक आतंकवादी संगठन का सदस्य होने का आरोप था। अंसारी ने अपनी याचिका में इसको मनमाना, अवैध और भेदभावपूर्ण बताया और कहा कहा कि यह उनके आजीविका के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। याचिका में कहा गया, याचिकाकर्ता (अंसारी) को बिना किसी कानूनी बाधा के लाभकारी रोजगार में शामिल होने का अधिकार है।

याचिका में यह भी कहा गया कि सिर्फ इसलिए कि अंसारी पर 26/11 आतंकवादी हमले के मामले में मुकदमा चला था, यह उन्हें रोजगार के अवसरों से वंचित नहीं कर सकता, खासकर जब उन्हें सभी अदालतों ने बरी कर दिया है। अंसारी ने अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की कि उन्हें पुलिस मंजूरी प्रमाणपत्र जारी किया जाए।

## हिंदी एक मास्क है, संस्कृत उसका छिपा हुआ चेहरा, भाषा को लेकर जारी विवाद के बीच बोले मुख्यमंत्री स्टालिन



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन भाषा को लेकर छिड़े विवाद के बीच बड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा- राज्य हिंदी को थोपने की अनुमति नहीं देगा और तमिल और उसकी संस्कृति की रक्षा करेगा।तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने एक बार फिर केंद्र सरकार के खिलाफ हिंदी थोपने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य हिंदी को थोपने की अनुमति नहीं देगा और तमिल और उसकी संस्कृति की रक्षा करेगा। सीएम स्टालिन ने अपने पत्र में कहा, हम हिंदी थोपने का विरोध करेंगे। हिंदी एक मास्क है, संस्कृत उसका छिपा हुआ चेहरा है। डीएमके सरकार केंद्र सरकार पर यह आरोप लगाती रही है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत तीन भाषा के फॉर्मूले के जरिए हिंदी थोपने की कोशिश की जा रही है, जिसे केंद्र ने नकारा है। सीएम स्टालिन ने पत्र में दावा किया कि बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे उत्तर भारतीय राज्यों में बोली जाने वाली कई भाषाओं जैसे मैथिली, ब्रजभाषा, बुंदेलखंडी और अवधी को हिंदी के प्रभुत्व ने नष्ट कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि 25 से ज्यादा उत्तर भारतीय भाषाओं को हिंदी और संस्कृत के प्रभुत्व ने खत्म कर दिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एनईपी में संस्कृत को बढ़ावा दिया जा रहा है और राज्य सरकारों में इसे लागू करने की कोशिश हो रही है। सीएम स्टालिन ने कहा कि अगर तमिलनाडु ने तीन भाषा नीति को स्वीकार किया, तो तमिल को नजरअंदाज किया जाएगा और भविष्य में संस्कृत का प्रभुत्व होगा। उन्होंने यह भी कहा कि एनईपी के प्रावधानों के अनुसार, अन्य भारतीय भाषाओं को संस्कृत के अलावा पढ़ाया जाएगा, और तमिल जैसी भाषाओं को ऑनलाइन पढ़ाया जाएगा।

# पुणे में सड़क पर शख्स पर जानलेवा हमला, मोटरसाइकिल को लगाई आग



**पुणे।** पुलिस के मुताबिक, आरोपी और शिकायतकर्ता के बीच किसी मुद्दे पर विवाद हुआ और आरोपी ने कथित तौर पर उसकी पिटाई कर दी। जब वह शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस स्टेशन जा रहा था, तो आरोपी ने उसे रोका और उसकी मोटरसाइकिल की टंकी से थोड़ा पेट्रोल निकाला और उसमें आग लगा दी। शिकायतकर्ता मौके से भागने में कामयाब रहा।

पुणे में एक व्यक्ति पर हमला करने और उसकी मोटरसाइकिल में आग लगाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने यह भी दावा किया है कि आरोपी ने उसे आग लगाने की कोशिश की, लेकिन वह भाग निकला। घटना बुधवार शाम को कटराज इलाके में हुई और इसका वीडियो वायरल हो गया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) नेता और बारामती की सांसद सुप्रिया सुले ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए कहा कि यह पुणे में बिगड़ती कानून व्यवस्था का एक और उदाहरण है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी और शिकायतकर्ता के बीच किसी मुद्दे पर विवाद हुआ और आरोपी ने कथित तौर पर उसकी पिटाई कर दी। जब वह शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस स्टेशन जा रहा था, तो आरोपी ने उसे रोका और उसकी मोटरसाइकिल की टंकी से थोड़ा पेट्रोल निकाला और उसमें आग लगा दी। शिकायतकर्ता मौके से भागने में कामयाब रहा। हालांकि, शिकायतकर्ता को जलाने का कोई प्रयास नहीं किया गया। पुलिस के पास घटना का सीसीटीवी फुटेज है। अधिकारी ने बताया कि भारती विद्यापीठ पुलिस स्टेशन में तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उन्हें दंगा करने सहित बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। जांच जारी है।

शहर के स्वर्गेट बस स्टेशन पर बस के अंदर एक महिला के साथ दुष्कर्म को लेकर मचे हंगामे के बीच यह घटना हुई। सांसद सुले ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि पुणे शहर में गुंडे बेलगाम हो गए हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि मोटरसाइकिल में आग लगाने से पहले पुलिस को सड़क पर विवाद की सूचना मिली थी। उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को टैग करते हुए लिखा, अगर पुलिस समय पर वहां पहुंच जाती, तो यह घटना टल जाती।

# पदोन्नति का संकट, 350 से अधिक कमांडेंट की औसत आयु 50-55 साल, इस उम्र में बॉर्डर पर कैसे करें लीड

**पड़ाव**

**बल के पूर्व अफसरों ने यह सवाल उठाया है कि उम्र के इस पड़ाव पर कमांडेंट स्तर के ये अधिकारी बॉर्डर पर किस तरह से ऑपरेशन को लीड करते होंगे।**

**नई दिल्ली।** बीएसएफ में सीआरपीएफ की तरह ही पदोन्नति को लेकर कैडर अधिकारियों में रोष व्याप्त है। यूपीएससी से सीधी भर्ती के जरिए बीएसएफ में बतौर सहायक कमांडेंट के पद पर आने वाले अधिकारियों को मुश्किल से 14 साल में पहली पदोन्नति मिल रही है। बीएसएफ, जिसे इंडियास फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेन्स कहा जाता है, के कैडर अफसरों के




लिए पदोन्नति का संकट गहराता जा रहा है। हालत ऐसी हो गई है कि बल में साढ़े तीन सौ से अधिक कमांडेंट ऐसे हैं, जिनकी आयु 50-55 साल के बीच है। गिने चुने ही कमांडेंट ऐसे होंगे, जिनकी आयु पचास साल के पार नहीं पहुंची है। बल के पूर्व अफसरों ने यह सवाल उठाया है कि उम्र के इस पड़ाव पर कमांडेंट स्तर के ये अधिकारी बॉर्डर पर किस तरह से ऑपरेशन को लीड करते होंगे। बीएसएफ में पदोन्नति का संकट, यह अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सहायक कमांडेंट के पद पर भर्ती हुआ व्यक्ति 14 साल में डीसी, 21 वर्ष में टूआईसी और इसके बाद सीओ बनने के लिए उसे 10 साल लग रहे हैं। अगर यही रफ्तार जारी रही तो अनेक कैडर अधिकारी बिना डीआईजी और आईजी बने ही रिटायर हो जाएंगे। बीएसएफ का पिछला कैडर रिव्यू 21 सितंबर 2016 को हुआ था। उसके बाद अभी तक कैडर रिव्यू नहीं हो सका। कैडर रिव्यू पर रिपोर्ट देने के लिए अब बीएसएफ डीजी ने 12 सदस्यीय एक कमेटी गठित की है। यह कमेटी 31 मार्च 2025 तक अपनी रिपोर्ट देगी।

बीएसएफ में ग्रुप ए जीडी के चौथे कैडर रिव्यू के लिए इसी माह एक कमेटी गठित की गई है। यह कमेटी कैडर रिव्यू को लेकर बीएसएफ डीजी को अपनी रिपोर्ट देगी। बीएसएफ में पदोन्नति को लेकर कैडर अफसरों में रोष क्यों हैं, पदोन्नति में किस वजह से देरी हो रही है, इसका दूरगामी परिणाम क्या होगा और फोर्स में पदोन्नति को लेकर जो ठहराव बना हुआ है, उसे कैसे दूर किया जा सकता है। इसके अलावा कैडर अफसरों को समय पर पदोन्नति न मिलने के कारण किस तरह के वित्तीय फायदों से वंचित रहना पड़ता है। बल में वीआरएस कम से कम कैसे हो, आदि बातें भी रिपोर्ट में शामिल रहेंगी। इस कमेटी का चेयरमैन संजय सिंघल आईपीएस, एसडीजी एचआर को बनाया गया है। सदस्यों में मकरंद देउस्कर आईपीएस, आईजी पर्स, दिनेश कुमार बूरा आईजी, उमेद सिंह डीआईजी, युवराज दुबे, कमांडेंट अमिताभ पवार, टूआईसी अनुभव कुमार, मणिशंकर झा, डिप्टी कमांडेंट रविंद्र बलूनी, भारत राज, सहायक कमांडेंट कुमार अभिषेक, रमन कुमार और इंस्पेक्टर जीडी अमूल कुमार शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बीएसएफ के पिछले कैडर रिव्यू को 21 सितंबर 2016

## अमेरिका में दुर्घटना के बाद जिंदगी और मौत से जूझ रही भारतीय छात्रा

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) सांसद सुप्रिया सुले ने परिवार के समर्थन में माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर पोस्ट किया और विदेश मंत्री एस जयशंकर से नीलम शिंदे के पिता को वीजा दिलाने में मदद का अनुरोध किया है। अमेरिका में कोमा में भारतीय छात्रा के परिवार ने केंद्र सरकार से मदद की गुहार लगाई है। परिवार उसके साथ रहने के लिए वीजा की मांग कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक, विदेश मंत्रालय ने मामले का संज्ञान लिया है। अमेरिकी पक्ष आवेदक के परिवार को जल्दी वीजा देने की औपचारिकताओं पर विचार कर रहा है। दरअसल, 35 साल की नीलम शिंदे 14 फरवरी को कैलिफोर्निया में दुर्घटना का शिकार हो गई थीं। इसके बाद से उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। चार पहिया वाहन की टक्कर से नीलम शिंदे के सीने और सिर में फ्रैक्चर और चोटें आई हैं।

# फ्रांस भी चाहता है यूक्रेन के खनिज भंडार तक पहुंच: रक्षामंत्री लेकोर्नू




**पेरिस।** फ्रांस भी यूक्रेन के महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच की मांग कर रहा है और इस संबंध में महीनों से बातचीत जारी है। फ्रांसीसी रक्षा मंत्री ने कहा कि वह अपने देश के लिए खनिजों की आपूर्ति में विविधता चाहते हैं।

फ्रांसीसी रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने गुरुवार को कहा कि फ्रांस भी यूक्रेन के महत्वपूर्ण खनिज भंडार तक पहुंच की मांग कर रहा है और इसको लेकर महीनों से बातचीत जारी है। उनके इस बयान से संकेत मिलता है कि इस दौड़ में अमेरिका ही नहीं, बल्कि फ्रांस भी शामिल है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की कल व्हाइट हाउस में अमेरिका के साथ एक खनिज समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को इसकी घोषणा की। लेकोर्नू ने फ्रांस इन्फो को बताया कि फ्रांस भी यूक्रेन के साथ चर्चा कर रहा है, जिसका मकसद अमेरिका की तरह ही महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति को विविध बनाना है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि फ्रांस किन खनिजों की मांग कर रहा है। यूक्रेन ने अमेरिका को धरती के विभिन्न दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति करने की पेशकश की है, जिसमें बैटरियों के लिए लिथियम और परमाणु उर्जा, चिकित्सा उपकरण और हथियारों के लिए यूरेनियम शामिल हैं।

फ्रांस के रक्षा मंत्री ने आगे कहा, हम अपने देश की जरूरतों के लिए इस मुद्दे पर बात कर रहे हैं। हमारे रक्षा उद्योग को आने वाले वर्षों में कुछ कछ कच्चे माल तक पहुंच की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उन्हें (यूक्रेन के साथ) चर्चा शुरू करने का निर्देश दिया था। लेकोर्नू ने कहा कि उन्होंने अपने यूक्रेनी समकक्ष के साथ सीधे बातचीत की है, ताकि दुर्लभ खनिजों के स्रोत वाले देशों की संख्या बढ़ाई जा सके।

## मुझे जान से मारने की मिल रही धमकियां, ट्रंप कैबिनेट की पहली बैठक में एलन मस्क ने किया बड़ा खुलासा

**वाशिंगटन।** ट्रंप कैबिनेट की पहली बैठक में अरबपति और सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख एलन मस्क ने बड़ा खुलासा किया है। राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से योजनाओं की जानकारी मांगे जाने के दौरान मस्क ने बताया कि उन्हें बड़े पैमाने पर जान से मारने की धमकियां मिल रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहली कैबिनेट बैठक में अरबपति बिजनेसमैन एलन मस्क ने भी हिस्सा लिया है। बता दें कि, एलन मस्क सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख हैं और उनकी नीतियों के चलते काफी विरोध हो रहा है। वहीं कैबिनेट की बैठक के दौरान जब ट्रंप ने मस्क से उनकी योजनाओं के बारे में बताने को कहा, तो उन्होंने खुलासा किया कि, मुझे लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही है। इस दौरान एलन मस्क ने मजाकिया लहजे में खुद को सरकारी टेक सपोर्ट कहा।

# क्या है फाइव आइज: जिससे कनाडा को बाहर करने की तैयारी में क्यों ट्रंप प्रशासन

**अमेरिका।** फाइव आइज अलायंस क्या है? इसकी शुरुआत कैसे हुई? अमेरिका में कनाडा को इस गठबंधन से निकालने की चर्चा क्यों शुरू हुई और यह कहां तक पहुंची है? फाइल आइज अलायंस काम कैसे करता है और कनाडा की खुफिया क्षमताओं में इसकी क्या भूमिका है? कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में इस गठबंधन से कनाडा को किस तरह की मदद मिली थी? आइये जानते हैं...अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की सरकार बनने के बाद से ही कुछ देशों में हलचल मची है। इनमें सबसे अहम नाम अमेरिका के मित्र और सहयोगी देशों के हैं। हालांकि, जिस एक देश को ट्रंप ने सबसे ज्यादा निशाना बनाया है, वह अमेरिका के उत्तर में उसका सबसे करीबी पड़ोसी देश- कनाडा। चाहे आयात शुल्क लगाने से जुड़ी

**गठबंधन**

**अगर कनाडा आगामी समय में इस गठबंधन से बाहर होता है, तो इसके कई दूरगामी असर हो सकते हैं।**

धमकियां हों या कनाडा से लगी सीमाओं पर अतिरिक्त सख्ती बरतने की चेतावनी या फिर कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने से जुड़ा तंज। ट्रंप हर एक मौके पर कनाडा पर हावी होने की कोशिश में रहे हैं। हालांकि, जिस ताजा मामले पर अमेरिका की तरफ से कनाडा के लिए सख्त रुख अख्तियार करने का इशारा किया गया है, वह उसकी सुरक्षा को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। मामला है कनाडा को एक ऐसे फाइव आइज अलायंस से बाहर करने की




चर्चा का। अगर कनाडा आगामी समय में इस गठबंधन से बाहर होता है, तो इसके कई दूरगामी असर हो सकते हैं। खासकर कनाडा की खुफिया और निगरानी क्षमताओं पर नकारात्मक असर पड़ना तय है।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर यह फाइव आइज अलायंस क्या है? इसकी शुरुआत कैसे हुई? अमेरिका में कनाडा को इस गठबंधन से निकालने की चर्चा क्यों शुरू हुई और यह कहां तक पहुंची है? फाइल आइज अलायंस काम कैसे करता है और कनाडा की खुफिया क्षमताओं में इसकी क्या भूमिका है? कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में इस गठबंधन से कनाडा को किस तरह की मदद मिली थी? आइये जानते हैं...

दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी और उसका साथ देने वाले देशों से निपटने के लिए अमेरिका और ब्रिटेन ने एक खुफिया नेटवर्क स्थापित किया। अटलांटिक महासागर से बंटे इन दोनों देशों ने अलग-अलग तकनीकों से हजारों किलोमीटर दूर खुफिया जानकारी साझा करना शुरू किया था।

# ऑस्ट्रिया में नया गठबंधन बनाएगा सरकार

**नाकाम**

**जिस चुनाव में दूर-दक्षिणपंथी (कट्टर विचारधारा वाली) पार्टी ने जीत हासिल की थी, लेकिन वह सरकार बनाने में नाकाम रही।**

**वियना।** ऑस्ट्रिया में एक नया गठबंधन सरकार बन रही है, जिसमें दक्षिणपंथी चुनाव जीतने वाली पार्टी शामिल नहीं होगी। बता दें कि, तीन पार्टियों ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्होंने एक नए सेंटर-लेफ्ट गठबंधन सरकार बनाने के लिए समझौता किया है। यह समझौता पांच महीने बाद हुआ है, जब एक दक्षिणपंथी पार्टी ने चुनाव जीतने के बाद प्रशासन बनाने में विफल रही थी।


ऑस्ट्रिया में तीन पार्टियों ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्होंने मिलकर एक नई समझौते वाली सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। यह फैसला चुनाव के पांच महीने



बाद आया है। जिस चुनाव में दूर-दक्षिणपंथी (कट्टर विचारधारा वाली) पार्टी ने जीत हासिल की थी, लेकिन वह सरकार बनाने में नाकाम रही। कंजर्वेटिव ऑस्ट्रियन पीपल्स पार्टी, सेंटर-लेफ्ट सोशल डेमोक्रेट्स और लिबरल नेओस ने बयान में कहा कि उन्होंने सरकार चलाने के लिए एक कार्यक्रम पर सहमति बना ली है। यह सरकार बनाने में अब तक का सबसे लंबा समय (129 दिन) लगा, जो 1962 के बाद से अब तक का रिकॉर्ड है। वहीं पीपुल्स पार्टी नेता क्रिश्चियन स्टॉकर को नया चांसलर (प्रधानमंत्री) बनने की उम्मीद है। तीनों पार्टियां अपने गठबंधन का पूरा कार्यक्रम गुरुवार को सार्वजनिक करेंगी। सितंबर 29 के चुनाव में पहली बार फ्रीडम पार्टी (जो प्रवासियों के खिलाफ और यूरोपीय संघ विरोधी है) सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। लेकिन तीन मुख्यधारा की पार्टियों (पीपुल्स पार्टी, सोशल डेमोक्रेट्स और नेओस) ने इसे सरकार में शामिल न करने का फैसला किया। यह तीसरी बार है जब तीन मुख्यधारा की पार्टियां दक्षिणपंथी, एंटी-इमिग्रेशन और यूरोस्केप्टिक फ्रीडम पार्टी के बिना सरकार बनाने की कोशिश कर रही हैं। 29 सितंबर को हुए चुनाव में फ्रीडम पार्टी ने पहली बार सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत के रूप में उभरने के बाद सरकार बनाने की कोशिश की थी।

पहली बार इन तीनों पार्टियों ने सरकार बनाने की कोशिश जनवरी में की थी, लेकिन वह विफल रही। इसके बाद, तत्कालीन चांसलर कार्ल नेहमर ने इस्तीफा दे दिया। इसके बाद, राष्ट्रपति ने फ्रीडम पार्टी के नेता हर्बर्ट किकल को सरकार बनाने के लिए कहा था।

# पहले शेख हसीना अब यूनुस के खिलाफ छात्र समूह?



**ढाका।** बांग्लादेश के छात्र समूह ने अगस्त 2024 में शेख हसीना को सत्ता से बाहर करने के लिए जो आंदोलन चलाया था, वही समूह शुक्रवार को नई बांग्लादेश की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए एक नई राजनीतिक पार्टी लॉन्च करेगा। इस समूह के एक प्रमुख नेता, नाहिद इस्लाम, ने मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार से इस्तीफा दे दिया है ताकि वे इस नई पार्टी का नेतृत्व कर सकें। बांग्लादेश में जिस छात्र समूह ने पिछले साल अगस्त में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटाने के लिए आंदोलन किया था, वह इस शुक्रवार को एक नया राजनीतिक दल शुरू करने जा रहा है। इस समूह के आयोजकों का कहना है कि उनका उद्देश्य नए बांग्लादेश की आकांक्षाओं को पूरा करना है। इससे पहले इस समूह के प्रमुख नेताओं में से एक, नाहिद इस्लाम, नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार से इस्तीफा देकर इस नए राजनीतिक दल का नेतृत्व करेंगे। यह पार्टी राजधानी ढाका में संसद भवन के दक्षिण में मौजूद माणिक मिया एवेन्यू से एक भव्य रैली के साथ अपनी यात्रा शुरू करेगी। जातिओ नागोरिक समिति की प्रवक्ता सामंता शेरमीन ने कहा कि पिछले साल जुलाई 2024 में हुए जन आंदोलन के बाद बांग्लादेश में नई उम्मीदें और सपने जन्मे हैं। इन आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए छात्रों ने एक नया राजनीतिक दल बनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने महसूस किया है कि वर्तमान राजनीतिक दलों की विचारधारा पूरे बांग्लादेश की जनता का सही प्रतिनिधित्व नहीं करती।

# फलस्तीन समर्थकों ने बर्नार्ड कॉलेज की इमारत में जबरन घुसकर किया हंगामा, एक कर्मचारी घायल

**नई दिल्ली।** बुधवार को कफियेह स्कार्फ और मास्क पहने हुए फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने न्यूयॉर्क के बर्नार्ड कॉलेज के मिलबैंक हॉल में जबरन प्रवेश कर हंगामा किया। कॉलेज ने बताया कि जहां हंगामा किया गया वहीं डीन का कार्यालय है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। बुधवार को कफियेह स्कार्फ और मास्क पहने हुए फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने न्यूयॉर्क के बर्नार्ड कॉलेज के मिलबैंक हॉल में जबरन प्रवेश कर हंगामा किया। कॉलेज ने बताया कि जहां हंगामा किया गया वहीं डीन का कार्यालय है। कांलेज प्रशासन ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने हंगामे के दौरान एक स्कूल कर्मचारी पर हमला किया। बर्नार्ड की अध्यक्ष लॉरा रोसेनबरी ने एक बयान में कहा कि प्रदर्शनकारी रात में मिलबैंक हॉल से ÷बिना किसी और घटना के चले गए।

उन्होंने कहा, ÷लेकिन हम स्पष्ट कर दें कि हमारे समुदाय की सुरक्षा के प्रति उनकी उपेक्षा पूरी तरह से अस्वीकार्य है।÷ स्कूल ने चेतावनी दी थी कि यदि छात्र रात 9:30 बजे तक नहीं गए तो अधिकारी हमारे परिसर की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त, आवश्यक कदम उठाने के लिए



बाध्य हो सकते हैं। कोलंबिया स्टूडेंट्स फॉर जस्टिस इन पैलेस्टाइन नामक छात्र समूह ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि प्रशासन की ओर से गुरुवार दोपहर उनसे मिलने पर सहमति जताए जाने के बाद प्रदर्शनकारी तितर-बितर हो गए। समूह के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने फलस्तीन समर्थक कार्रवाई के लिए दंडित सभी छात्रों के लिए माफी, रोसेनबरी और डीन लेस्ली ग्रिनेज के साथ बैठक और दो छात्रों के निष्कासन को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने दिन में पहले एक्स पर पोस्ट किया, ÷हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जातीं। फलस्तीन को आजाद करो।÷ बर्नार्ड के रणनीतिक संचार उपाध्यक्ष रॉबिन लेविन ने एक बयान में कहा कि प्रदर्शनकारियों की ओर से हमला किए जाने के बाद एक कर्मचारी को अस्पताल भेजा गया, हालांकि उन्होंने कोई और ब्यौरा नहीं दिया। लेविन ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने अन्य लोगों को भी बिना पहचान के परिसर में आने के लिए प्रोत्साहित किया।

लेविन ने कहा, ÷बर्नार्ड प्रशासन ने पहले प्रदर्शनकारियों से मिलने की पेशकश की- ठीक वैसे ही जैसे हम अपने समुदाय के सभी सदस्यों से मिलते हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए सिर्फ एक साधारण शर्त रखी गई कि अपने मास्क हटा दें। उन्होंने मना कर दिया। हमने मध्यस्थता की भी पेशकश की है।

# राज्यमंत्री की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग में जौनपुर महोत्सव आयोजित किये जाने हेतु बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव की अध्यक्षता में निरीक्षण भवन, लोक निर्माण विभाग में जौनपुर महोत्सव आयोजित किये जाने हेतु बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में वर्ष 2024-25 में जौनपुर महोत्सव आयोजित किये जाने हेतु 10 मार्च 2025 से 12 मार्च 2025, स्थान शाही किला, जौनपुर प्रस्तावित किया गया। 10 मार्च 2025 में वृहद रूप में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से विवाह के इच्छुक वर वधु का सामूहिक विवाह होना प्रस्तावित है। 11 मार्च 2025 में कवि सम्मेलन और 12 मार्च 2025 में राजकीय विभागों की प्रदर्शनी प्रस्तावित है। जौनपुर महोत्सव में स्थानीयद्ध कलाकारों को प्रोत्साहित करने हेतु रंगमंच प्रदान किये जाने हेतु प्रस्ताव किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक के संयुक्त तत्वाधान में जनपद के छात्रों व स्थानीय कलाकारों के चयन हेतु प्रस्ताव किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जौनपुर महोत्सव के संदर्भ में जनपद के समस्त अधिकारियों के उत्तरदायित्व निर्धारण व विशद रूप रेखा हेतु 01 मार्च 2025 में कलेक्ट्रेट सभागार, समय सायं 05:00 बजे बैठक आहूत की गयी हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, परियोजना निदेशक कृष्ण करूणाकर पाण्डेय, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण नीरज कुमार, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र विश्वकर्मा, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थूलाल, जिला पर्यटन अधिकारी मीनाक्षी यादव और अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, श्याम मोहन अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सर्किल नगर व लालगंज के समस्त विवेचकों का ओ0आर कर दिये गये दिशा-निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पुलिस लाइन में जनपद के सदर व सगडी सर्किल में नियुक्त समस्त विवेचकों का ओ0आर0 कर विवेचना की प्रगति के संबंध में समीक्षा की गई साथ ही आंशिक विवेचना एवं पुनः विवेचना के लंबित अभियोगों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेन्द्र लाल, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर अनन्त चन्द्रशेखर, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लालगंज शुभम अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी बूढनपुर किरनपाल सिंह व अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरैनी में विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम बांदा द्वारा प्रतिभाग किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। शिविर में जिला कार्यक्रम प्रबंधक कुशल यादव उपस्थित रहे। शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह शिविर लोगों की मानसिक रोगों की जागरूकता के लिए हर वर्ष लगाया जाता है ताकि घर घर तक मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम को प्रचारित किया जा सके।यदि आपको नकारात्मक विचार आता हों, बहुत अधिक गुस्सा आता हो, एक ही विचार मन में बार-बार आता हो, अत्यधिक सफाई करने का मन करता हो, अपने आप से बातें करता है, हिस्टीरिया या मिर्गी के दौरे आते हो, नींद ना आनी वाली समस्याएं रहती हो तो वह मानसिक रोगी हो सकता है* मानसिक रोग से बचाव के लिए प्रातः उठकर 2 किलोमीटर तक टहलना चाहिए योग प्राणायाम करना चाहिए परिवार के साथ समय बिताना चाहिए। अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरैनी डॉ अजय विश्वकर्मा ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता हेतु आशाओं द्वारा भी जागरूक कराया जा रहा है। मॉनिटरिंग ऑफिसर नरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इस समय भाग दौड़ भरी जिंदगी में अपने स्वास्थ्य के लिए समय नहीं निकल रहा है अत्यधिक लोग फास्ट फूड का इस्तेमाल करते हैं, तेल मसाला से बनने वाले खाद्य पदार्थ का सेवन करते हैं जिससे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी खराब रहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### राह चलते कंटेनर का टायर फटने से लगी आग



जौनपुर (खुटहन) बनुआडीह गांव में शाहगंज वाया प्रयागराज मार्ग पर गुरुवार की भोर सामान लोड कर जा रहे कंटेनर के पीछे का टायर फट जाने से आग लग गई। आग की उठती लपटें देख चालक वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। कंटेनर सहित उस पर लदा बजाज कंपनी का लाखों की कीमत का आटो पार्ट्स जल गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाई। इसी थाना क्षेत्र के दरना गांव निवासी रिंकू यादव कंटेनर का चालक है। वह नागपुर से आटो पार्ट्स लोड कर नेपाल जा रहा था। रात में उक्त बाजार के पास अचानक पिछला टायर तेज आवाज के साथ फट गया। वह गाड़ी रोक रहा था कि टायर में आग लग गई। वह वाहन से कूदकर आग पर पानी फेंक बुझाने का प्रयास करता रहा। लेकिन आग बढ़ती हुई पीछे ट्राली में लदे सामानों तक पहुंच गई। कागज और दफ्ती के बंडलो में पैक किया गया सामान भी धू- धू कर जलने लगा। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम आने तक लाखों का सामान जल गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### थाना बक्शा पुलिस द्वारा अपहरण के मुकदमा में आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**जौनपुर।** जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान व क्षेत्राधिकारी सदर देवेश सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 बृजेश मिश्रा मय हमराही कर्मचारीगण के द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0 अ.सं.-56/25 धारा 137 (2), 87 बी.एन.एस का अपहृता के आरोपी अभियुक्त शिवम गौतम पुत्र सोहनलाल गौतम निवासी मुस्तफाबाद थाना बक्शा जौनपुर उम्र करीब 18 वर्ष को मुखबीर की सूचना पर लखौवां बाजार के पास से गुरूवार को समय 10.30 बजे गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम उ0नि0 बृजेश कुमार मिश्रा हे0का0 अमित सिंह हे0का0 कृष्णमुरारी यादव थाना बक्शा आदि लोग थे।

# साक्षात्कार के दौरान बॉडी लैंग्वेज का भी होता है मूल्यांकन



अवधनामा संवाददाता

**साक्षात्कार के दौरान बॉडी लैंग्वेज विषयक व्याख्यान का हुआ आयोजन**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा गुरुवार को साक्षात्कार के दौरान बॉडी लैंग्वेज विषयक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के दौरान व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह ने प्रतिभागियों को बॉडी लैंग्वेज की विभिन्न बारीकियां से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि किसी भी अभ्यर्थी के लिए संचार कौशल बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है। जब हम साक्षात्कार की प्रक्रिया में सम्मिलित होते है तो हमारे ज्ञान के साथ-साथ हमारे बॉडी लैंग्वेज का भी मूल्यांकन होता है। उन्होंने कहा कि बॉडी लैंग्वेज की साक्षात्कार में महत्वपूर्ण भूमिका है। कंपनियां साक्षात्कार के दौरान कई बॉडी लैंग्वेज के विशेषज्ञों को साक्षात्कार टीम में विशेष रूप शामिल करती हैं जो आपको बारीकी से देखते हैं। उन्होंने कहा कि साक्षात्कार के दौरान आई कॉन्टेक्ट का बहुत बड़ा महत्व है जब भी आप इंटरव्यू दे रहे हो तो सभी बोर्ड मेंबर के तरफ देखकर धैर्य के साथ जवाब देना चाहिए।केंद्रीय ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रोफेसर अविनाश पाथर्डीकर ने प्रो अजय प्रताप सिंह का स्वागत किया एवं विषय के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राशन कार्डधारक की ई-केवाईसी 30 जून से पूर्व करा लें

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** जिला पूर्ति अधिकारी बांदा श्री उबैदुर्रहमान ने बताया है कि अपर आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, लखनऊ के कार्यालय पत्रांक 779/ई-केवाईसी/2023 लखनऊ दिनांक 14 फरवरी, 2025 के द्वारा पूर्व में जारी पत्र सं0-5180/ई-केवाईसी/2023 दिनांक 13.12.2024 एवं शत-प्रतिशत राशनकार्ड लाभार्थियों की ई-केवाईसी कराये जाने हेतु शासनादेश संख्या-1237/29-6-24-ई-2792/20 20, दिनांक 14.08. 2024 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार ई-केवाईसी अभियान की निर्धारित समयावधि को अग्रिम 03 माह हेतु विस्तारित किया गया है। उक्त आदेशों के कम में जनपद में प्रचलित समस्त कार्डधारकों / लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि वह अपने परिवार के समस्त सदस्यों की ई-केवाईसी 30 जून, 2025 से पूर्व ई-पॉश मशीन के माध्यम से कराना सुनिश्चित करें।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री चलाने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**भारी संख्या में निर्मित अर्ध निर्मित तमंचा के साथ उपकरण बरामद**



**तहबरपुर,आजमगढ़।** पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त टीम द्वारा अवैध शस्त्र फैक्ट्री चलाने वाले 01 शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 5 अदद पूर्ण निर्मित तमंचा .315 बोर, 02 अदद पूर्ण निर्मित पुराना तमंचा 12 बोर व एक अदद मिश कारतूस .315 बोर , 03 अदद अर्ध निर्मित तमंचा .315 बोर (बाडी) व 6 अदद नाल अर्धनिर्मित तथा तमंचा बनाने में लगने वाले कुल 167 अदद सामानध्औजार (01 अदद ड्रिल मशीन व 10 अदद ड्रिल मशीन का बीट (वर्मा), 02 अदद ड्रिल मशीन का पाना, 01 अदद ग्राइण्डर मशीन व ग्राइण्डर मशीन का रेगमार्क 06 अदद, सरिया काटने का डिस्क 06 अदद, 01 अदद ठीहा मय बाका, 01 अदद 5 किग्रा का बाट, 01 अदद पिलास, 01 अदद बड़ा हथौड़ा, 01 अदद छोटी हथौड़ी व रेती छोटा व बड़ा 06 अदद, 02 अदद सड़सी व 01 अदद आरी, आरी का ब्लेड सही, टूटा कुल 13 अदद, 02 अदद पेचकस, 04 अदद स्प्रिंग, 04 अदद छेनी व 01 अदद सुम्मी, 01 अदद नाल का होल सेट करने वाला ठासा, 05 अदद चूड़ी काटने वाला टप, कील छोटा बड़ा कुल 95 अदद, 01 अदद विजली का बोर्ड मय तार व एक अदद चद्दर लम्बाई 52 सेमी व चौड़ाई 18 सेमी) बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 07 अदद निर्मित तमंचा, 03 अदद अर्ध निर्मित तमंचा .315 बोर (बाडी) 01 अदद मिश कारतूस .315 बोर , व 6 अदद नाल अर्धनिर्मित तथा अवैध तमंचा व कारतूस बनाने में लगने वाले कुल 167 अदद सामानध्औजार बरामद

आज थानाध्यक्ष उ0नि0 चन्द्रदीप कुमार मय हमराह के साथ तहबरपुर तिराहे पर मामूर था जहाँ उ0नि0 लोकेश मणि त्रिपाठी मौजूद थे। वहीं पर हम सभी अपराध एवं अपराधियों के संबंध में वार्ता कर रहे थे कि मुखबिर द्वारा आकर सूचना दी गयी कि अवैध असलहा बनाकर विक्रय करने वाले एक व्यक्ति का पता चला है जो इस समय अपने घर पर ग्राम खुटिया थाना तहबरपुर में अवैध असलहों का निर्माण कर रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर थाने पर सूचना देकर उ0नि0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह को बुलाया गया। हम सभी मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर जाकर छापा मारा गया तो वहाँ से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया जिसने पूँछने पर अपना नाम लालधारी पुत्र हरगुन निवासी ग्राम खुटिया थाना तहबरपुर जनपद आजमगढ़ उम्र 60 वर्ष बताया।

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

दिनांक : 27.02.2025

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14233-SLR-F1-PYGS-MUR-25-1(Parcel-SLR |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.03.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.03.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14233-SLR-F2-PYGS-MUR-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.03.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.03.2025 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14233-SLR-R1-PYGS-MUR-25-1(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.03.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.03.2025 समय 12:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14013-SLR-F2-SLN-ANVT-25-1(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.03.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.03.2025 समय 13:00 बजे |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

636/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कुन्दन कृत भगवती छिन्नमस्ता चालीसा का शानदार लोकार्पण



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ।** दुर्वासा धाम पर सुप्रसिद्ध कवि पं. सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन द्वारा रचित 'भगवती छिन्नमस्ता चालीसा' का भव्य कार्यक्रम में लोकार्पण हुआ। श्री मौनी बाबा आश्रम के श्री श्री 108 श्री शुभम दास जी महाराज ने चालीसा का लोकार्पण करते हुए। इसे जनकल्याणकारी बताया और सराहनीय लेखन के लिए कुन्दन जी को बधाई दी। श्री दशम् महाविद्या अनुसंधान पीठ के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में पीठ के संस्थापक श्री दुर्वेश्वरानंद संजय महाराज ने अपने उद्बोधन में पं. सुभाष चंद्र तिवारी कुन्दन के रचनाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि चालीसा में दशों महाविद्या की स्तुति अत्यंत प्रभावशाली है, इसके प्रतिदिन पाठ से जीवन की अनेक बाधाएं दूर हो सकती हैं। रचनाकार पं. सुभाष चन्द तिवारी कुन्दन ने लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवती छिन्नमस्ता की साधना से साधक जीवभाव से मुक्त होकर शिवभाव को प्राप्त कर लेता है, अर्धरात्रि में इनकी उपासना से सरस्वती सिद्ध हो जाती हैं। भगवान परशुराम एवं गुरु गोरखनाथ ने भी इनकी साधना की। इस मौके पर बगलामुखी आश्रम के पीयूष राजन हठयोगी, महंत संजय पाण्डेय, आचार्य रमाशंकर पांडेय, रासबिहारी सिंह, कुलबुल सिंह, जनार्दन सिंह, राहुल चौबे, अरविंद पांडेय, दीपचंद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# रोटी बैंक सोसायटी बांदा के तत्वाधान में कन्या विवाह संपन्न

**सैकड़ो की संख्या में इस विवाह समारोह में लोग रहे उपस्थित दिया वर कन्या को सुखी जीवन का आशीर्वाद**

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** प्रत्येक वर्ष की भांति ग़रीबों के लिए कराए जा रहे हैं विवाहों की श्रृंखला में इस वर्ष भी एक बच्ची का विवाह कार्यक्रम रोटी बैंक संस्था के माध्यम से रॉयल पैलेस मरिज लॉन से काजल निगम परिणय नितेंद्र निगम का सकुशल संपन्न हुआ। बैंड बाजे क साथ आई हुई बारात का स्वागत मुख्य अतिथि सह संरक्षक चन्द्र मौली भारद्वाज, समाजसेवी मनु बंसल, अध्यक्ष रिजवान अली, संगठन मंत्री सुनील सक्सेना, उपाध्यक्ष मो. सलीम, कोषाध्यक्ष इरफ़ान खान, राहुल अवस्थी, अलीमुउद्दीन, मो.अजहर, मो. इदरीश, आशिफ बेग, सगीर बाबा, महिला अध्यक्ष तबस्सुम फातिमा, उपाध्याय तरन्नुम फातिमा प्रीति शिवहरे, प्रमोद रेखा द्विवेदी, रेणुका गुप्ता रीना कनौजिया, रिया खान, सीमा नंदा, सहित सभी पदाधिकारी सदस्यों के द्वारा बारातियों को माला पहनाकर बुके देकर स्वागत किया गया। इस शुभ विवाह में शहर के जिम्मेदार साथियों का महत्व योगदान रहा एवं संस्था के सभी पुरुष एवं महिला टीम के पदाधिकारियों, सदस्यों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए इस विवाह समारोह को संपन्न कराया। आपको बता दें कि रोटी बैंक सोसायटी बांदा द्वारा जरूरतमंदों को हर समय, कपड़े, किताबों, जूते चप्पल, कंबल वितरण, अस्पतालों में मरीजों को फल बिस्कुट वितरण के साथ साथ हर वर्ष एक जरूर मंद कन्या का विवाह कार्यक्रम करवाती है। इसी क्रम में आज भी एक विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया गया जिस सभी जिम्मेदार लोगों ने बढ़ चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई , इस विवाह कार्यक्रम में उपस्थित होकर हमारी संस्था को गौरवान्वित किया। वहीं सभी सहयोगियों के सहयोग से कन्या को सहयोग राशि एवं घर गृहस्ती का जरूरत का सभी सामान देकर सभी विवाह की सभी रश्मों रिवाजों को पूरा करते हुए भीगी पलकों के साथ कन्या को विदा किया। उक्त विवाह कार्यक्रम में मनोज निगम लाल महासचिव जिला बार एसोसिएशन, श्याम जी निगम, नवीन निगम, अरुण निगम, निखिल सक्सेना, अक़ील खान, प्रसून श्रीवास्तव, आसिफ अंसारी, उपाध्यक्ष मुईनुद्दीन फ़ारूक़ी, अब्दुल शफ़ीक़ कल्लू, वीरेंद्र गोयल, गोपाल गोयल, संजय ककोनिया, अब्दुल मुजीब राजू, राबिया खान, रिचा रैकवार, अख़्तर किरमानी, आनन्द नाग, अशरफ अली, शहजादे खान, अलीम अहमद खान आदि साथी उपस्थित रहे। विवाह कार्यक्रम में अध्यक्ष रिजवान अली एवं संगठन मंत्री सुनील सक्सेना के द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## बी फार्मा की मान्यता मिलने से हर्ष



**सठियांव,आजमगढ़।** आरके ग्रुप ऑफइंस्टिट्यूशन के अंतर्गत संचालित पी पी एस फर्मेसी कॉलेज भटौरा सठियांव में डॉक्टर ए पी जे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ तथा पी सी आई नई दिल्ली से बी फार्मा में 60 सीटों की संबद्धता प्राप्त हो गई है। यह जानकारी ग्रुप के संस्थापक डॉ प्रेम प्रकाश यादव ने दी है। उन्होंने कहा है कि इस फर्मेसी कॉलेज में डी फार्मा की कक्षाएं संचालित होती थी अब बी फार्मा की भी कक्षाएं प्रारंभ होगी बी फार्मा की मान्यता प्राप्त होने से कॉलेज के प्रवक्ता एवं विद्यार्थियों में हर्ष की भावना व्याप्त है।

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 19402-SLR-F2-LKO-SBIB-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20413-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12184-SLR-R1-MBDP-BPL-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14235-SLR-F2-BSB-BE-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14235-SLR-F1-BSB-BE-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2025 at 13:10 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

627/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जनता दल यूनाइटेड कार्यालय बांदा में चंद्रशेखर आजाद की मनाई गई पुण्यतिथि

अवधनामा संवाददाता

**चंद्रशेखर आजाद के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता - शालिनी सिंह पटेल**

**बांदा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महामानव चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि जनता दल यूनाइटेड कार्यालय इंदिरा नगर बांदा में जदयू के कार्यकर्ताओं ने चंद्रशेखर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मनाई।

जदयू जिला महासचिव अखिलेश सिंह यादव ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया और बताया की चंद्रशेखर आजाद के बताए हुए रास्ते पर देश के युवाओं को चलने की जरूरत है। वहीं जदयू जिला उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ बांदा शिवमोहन चौधरी ने बताया किचन शेखर आजाद होना आसान नहीं है हम युवाओं को प्रेरणा आज भी मिलती है उनके बलिदान को जब हम सुनते हैं।। शालिनी सिंह पटेल प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ने विस्तार से चंद्रशेखर आजाद के बारे में बताया की।महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की आज पुण्यतिथि है। 27 फरवरी 1931 को वह अंग्रेजों से लड़ते हुए शहीद हो गए थे। उनका जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्यप्रदेश के अलीराजपुर जिले के भाबरा गांव में हुआ था।

देश की आजादी के लिए जब-जब अपना बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों के बारे में चर्चा होती है तो चंद्रशेखर आजाद का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। आज उनकी पुण्यतिथि है। 27 फरवरी 1931 को वह अंग्रेजों से लड़ते हुए शहीद हो गए थे। कहा जाता है कि वह आजादी के लिए इतना दीवाने थे कि जब वह महज 15 साल के थे, तो गांधीजी से प्रभावित होकर उनके असहयोग आंदोलन में शामिल हो गए थे। इस दौरान उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था और जब जज ने उनसे उनका नाम पूछा तो उन्होंने बताया कि उनका नाम आजाद है, पिता का नाम स्वतंत्रता है और घर का पता जेल है। इसके बाद जज ने उन्हें 15 कोड़े की सजा सुनाई थी। चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्यप्रदेश के अलीराजपुर जिले के भाबरा गांव में हुआ था। उनका पूरा नाम चंद्रशेखर तिवारी था। कहा जाता है कि उन्होंने अपने बचपन में आदिवासियों से धनुष बाण चलाना सीखा था और उनका निशाना काफी पक्का था।

# महाशिवरात्रि पर भजन संध्या एवं विशाल भंडारा हुआ संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**बिलगांव बांदा।** महाशिवरात्रि महोत्सव के चलते भजनदास का डेरा शंकर पुरवा मे शिव की पूजा अर्चना भंडारा प्रसाद वितरण के साथ संगीत भजन सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए आयोजन समिति महंत भजनदास अध्यक्ष संतोष सिंह द्वारा अतिथियों का माल्यार्पणकर स्वागत किया गया इस अवसर पर आयोजन समिति ने संगीत भजन गायक कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए शील्ड देकर सम्मानित किया बुधवार को बिलगांव खुरहंड मार्ग स्थिति भजनदास का डेरा शंकर पुरवा में विगत वर्षो की भाति इस वर्ष भी तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम के साथ मनाई गई हवन पूजन के साथ ही भंडारा प्रसाद वितरण संगीत भजन, संत समागम सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद उठाया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालमुकुंद शुक्ला क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र ने कहा कि महाशिवरात्रि महोत्सव का यह लगातार 28 वा आयोजन है जिसमें गांव से लेकर क्षेत्र के आसपास के लोग यहां पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद उठाते हैं इसके लिए आयोजन समिति बधाई के पात्र हैं कार्यक्रम में लखनदास, त्यागीजी, के अलावा पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, ब्रजकिशोर सिंह बड़े भइया, राकेश शर्मा मीडिया प्रभारी, शैलेंद्र सिंह शैलू, कृष्ण किशोर सिंह, कुलदीप सिंह, दिनेश, रामबिहारी साहू, ज्ञानप्रताप, गंगाचरण, गोरेलाल, धीरज शर्मा आदि शामिल रहे आयोजक महंत भजनदास समिति अध्यक्ष संतोष सिंह ने आए हुए सभी का आभार व्यक्त किया साथ ही संगीत भजन कलाकारों को शील्ड देकर सम्मानित किया कार्यक्रम का संचालन रामसेवक प्रजापति ने किया।

कार्यालय नगर पंचायत रामपुर, जौनपुर

पत्रांक /540/न0पं0राम0/2024-25 दिनांक : 27.02.2025

-: विज्ञप्ति निरस्ती सूचना :-

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचातय रामपुर जौनपुर के पत्रांक 530/न0प0 राम0/2024-25 द्वारा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण व स्वतन्त्र प्रभात में प्रकाशित खण्ड-2 में नामान्तरण उपविधि को प्रकाशित किया गया है। लिपिकिय त्रुटी के कारण प्रकाशित कार्यालय पत्रांक सं0-529/न0पं0राम0/2024-25 द्वारा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला व अवधनामा में नामान्तरण उपविधि का प्रारूप 2024-25 प्रकाशन हो गया है।


उपरोक्त के अनुसार कार्यालय द्वारा प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला व अवधनामा में पत्रांक 529/न0प0राम0/2024-25 दिनाक 20.02.2025 द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है उसके स्थान पर कार्यालय पत्र 530/न0प0राम0/2024-25 दिनांक 20.02.2025 में उल्लिखित खण्ड-2 नामान्तरण उपविधि को प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण व स्वतन्त्र प्रकाशन किया गया है।

(चदन सिंह गोंड)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रामपुर
जौनपुर

(विनोद कुमार)
अध्यक्ष
नगर पंचायत रामपुर
जौनपुर

# शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बाद सपाट क्लोजिंग, सेंसेक्स 10 अंक चढ़ा, निफ्टी नीचे गिरा

**नई दिल्ली।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में गुरुवार को दोनों मानक



सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी लगभग स्थिर बंद हुए। सेंसेक्स 10 अंक की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। वहीं निफ्टी भी सपाट बंद हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 10.31 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 74,612.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 74,834.09 अंक तक गया और नीचे में 74,520.78 अंक तक आया। इस प्रकार, इसमें 313.31 अंक का उतार-चढ़ाव आया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 2.50 अंक यानी 0.01 प्रतिशत फिसलकर 22,545.05 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ निफ्टी में लगातार सातवें सत्र में गिरावट जारी रही। निफ्टी में शामिल शेयरों में 31 नुकसान में जबकि 19 लाभ में रहे।

सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, जोमैटो, टाटा स्टील और नेस्ले प्रमुख रूप से लाभ में रहे।दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट में सर्वाधिक 4.99 प्रतिशत की गिरावट आई। कंपनी के गुजरात में 1,800 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 'केबल' और तार खंड में प्रवेश की घोषणा के बाद शेयर टूटा।

इसके अलावा, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए।छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 2.09 प्रतिशत लुढ़का जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप 0.97 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,529.10 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।शेयर बाजार बुधवार को 'महाशिवरात्रि' के मौके पर बंद थे।एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहा, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में थे।

## नए दौर की नौकरियों के लिए तैयार हो रहे बच्चे

**नई दिल्ली।** तेजी से बदलती दुनिया में शिक्षा का स्वरूप भी बदल रहा है। स्कूलों में किताबी पढ़ाई के साथ-साथ नवाचार (इनोवेटिव) गतिविधियों का संगम छात्रों के सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। इनोवेशन से जुड़ी गतिविधियां रचनात्मकता, समस्या-समाधान और नेतृत्व जैसे कौशल विकसित करने में अहम भूमिका निभाती हैं। इसी क्रम में नोएडा के यदु पब्लिक स्कूल में 'विकसित भारत में विज्ञान एवं कला' थीम पर प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने रोबोटिक्स से लेकर सेंसर आधारित उपकरणों से जुड़े मॉडल पेश किए।

नवाचार गतिविधियां बच्चों में जिज्ञासा को बढ़ाती हैं। उन्हें किताबों से बाहर सोचने के लिए प्रेरित करती हैं। यह 21वीं सदी की नौकरियों के लिए जरूरी कौशल तैयार करने का आधार है। जब बच्चे अपने हाथ से कुछ बनाते हैं या किसी समस्या का समाधान खोजते हैं, तो वे न केवल तकनीकी ज्ञान हासिल करते हैं, बल्कि असफलता से सीखने का साहस भी विकसित करते हैं. कौशल-आधारित शिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने से आने वाले सालों में भारतीय छात्र वैश्विक मंच पर अपनी अलग पहचान बना सकेंगे और अपना भविष्य संवार सकेंगे।

यदु पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रदर्शनी में छात्रों ने प्लास्टिक प्रबंधन, प्रदूषण, डिजिटल क्रांति, रोबोटिक्स, बेबी क्रेडल्स, सेंसर आधारित वाटर डिस्पेंसर, फायर अलार्म, सेंसर आधारित उपकरणों जैसी नवीन परियोजनाओं का शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें बच्चों की रचनात्मकता और इनोवेशन की बेजोड़ झलक देखने को मिली। इस अवसर पर शीर्ष तीन विजेता परियोजनाओं को सम्मानित किया गया। जिनमें कार्बन फिल्टरेशन मॉडल को पहला, ड्रिप इरिगेशन को दूसरा और प्लास्टिक कचरा प्रबंधन मॉडल को तीसरा स्थान मिला। विजेताओं को नकद पुरस्कार भी दिया गया। प्रदर्शनी कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व सांसद एवं मंत्री डीपी यादव ने किया। इस अवसर पर यदु कॉरपोरेशन के अध्यक्ष कुणाल यादव, स्कूल की एमडी कुंज यादव और प्रसिद्ध खाद्य व सुरक्षा वैज्ञानिक एवं आरडब्लयूए अध्यक्ष डॉ. कीर्ति उपस्थित रहीं।

# निसान के सीईओ की होगी छुट्टी? होंडा डील फेल होने के बाद कंपनी कर रही नया प्लान!

**नई दिल्ली।** निसान के डायरेक्टर नए सीईओ की तलाश कर रहे हैं। मौजूदा सीईओ माकोतो उचिदा, जो पिछले 22 सालों से कंपनी में हैं, साल 2019 से सीईओ के पद पर हैं। हालांकि, निसान की आर्थिक हालत खराब होने के कारण अब उनके हटने की अटकलें तेज हो गई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सूत्रों ने पहचान न बताने की शर्त पर यह जानकारी दी है, क्योंकि विचार-विमर्श निजी है। निसान ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उचिदा ने हाल ही में कहा था कि अगर उनसे पद छोड़ने के लिए कहा जाता है, तो वह तैयार हैं। लेकिन वह निसान की हालत सुधारने के बाद ही ऐसा करना चाहेंगे। उन्होंने निवेशकों को यह भी बताया कि मार्च में खत्म होने वाले वित्तीय वर्ष में कंपनी को 80 अरब येन (536 मिलियन डॉलर) का नुकसान हो सकता है। जबकि 9 महीने पहले कंपनी को 380 अरब येन का मुनाफा होने की उम्मीद थी।

पिछले साल उचिदा ने होंडा के साथ गठजोड़ करने की योजना बनाई थी। दोनों कंपनियों ने संयुक्त होल्डिंग



कंपनी बनाने के लिए एक समझौता किया था, लेकिन शर्तों पर सहमति नहीं बनने के कारण यह डील रद्द हो गई। हालांकि, होंडा और निसान अब भी मित्सुबिशी मोटर्स के साथ मिलकर इलेक्ट्रिक-व्हीकल बैटरियों और सॉफ्टवेयर डेवेलपमेंट पर काम करेंगे। कंपनी को उपभोक्ताओं को आकर्षित करने में मुश्किल हो रही है क्योंकि उसके वाहन पुराने मॉडल पर आधारित हैं। इसके चलते उसे बड़े डिस्काउंट और प्रमोशन्स देने पड़ रहे हैं, जिससे उसका घाटा बढ़ता जा रहा है। बीते नवंबर में कंपनी ने 9,000 कर्मचारियों की छंटनी और 20 प्रतिशत उत्पादन क्षमता कम करने की योजना का एलान किया था। निसान की सबसे बड़ी शेयरहोल्डर और पुरानी साझेदार Renault SA (रेनो एसए) ने होंडा के साथ डील खत्म करने के फैसले का समर्थन किया। रेनो के सीईओ लुका डे मेओ ने यह भी कहा कि भविष्य में चीन की झेजियांग गीली होल्डिंग ग्रुप कंपनी शायद निसान की तुलना से बेहतर पार्टनर हो सकती है। इसी बीच, आईफोन बनाने वाली कंपनी हॉन हाई प्रिसिजन इंडस्ट्री कंपनी, जिसे Foxconn (फॉक्सकॉन) के नाम से जाना जाता है, ने दिसंबर में निसान में हिस्सेदारी खरीदने की पेशकश की थी और अब रेनो के 36 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए भी तैयार है। फॉक्सकॉन इलेक्ट्रिक-व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग में अपनी जगह बनाना चाहती है और इसके लिए पार्टनर की तलाश कर रही है।

## दुबई के फर्म से 1.5 अरब डॉलर की क्रिप्टो चोरी

**नई दिल्ली।** एफबीआई ने उत्तर कोरिया से जुड़े हैकरों पर सार्वजनिक रूप से ज्ञात सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी चोरी में से एक को अंजाम देने का आरोप लगाया है। इस मामले में दुबई स्थित एक फर्म से लगभग 1.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य की इथेरियम की चोरी की गई है। इस महीने की शुरुआत में दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंजों में से एक, बायबिट को निशाना बनाकर की गई चोरी, हैकरों की एक और टीम की संलिप्तता है, जिसकी अमेरिकी सरकार ने ट्रेडरट्रेटर और लाजरस ग्रुप के नाम से पहचान की है। एफबीआई ने कहा है कि हैकर्स क्रिप्टोकरेंसी की चोरी क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग एप्लिकेशन के प्रसार के माध्यम से करते हैं, जिन्हें मैलवेयर को शामिल करने के लिए संशोधित किया गया था जो क्रिप्टोकरेंसी की चोरी को आसान बनाता है।÷ एफबीआई ने प्योंगयांग को चोरी से जोड़ते हुए चेतावनी जारी की। बुधवार देर रात एक ऑनलाइन सार्वजनिक सेवा घोषणा में, एफबीआई ने कहा कि उनका मानना है कि उत्तर कोरिया समर्थित हैकर्स चोरी के लिए जिम्मेदार हैं।÷

एफबीआई ने अपनी घोषणा में कहा, ट्रेडरट्रेटर अभिनेता तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और उन्होंने चुराई गई कुछ संपत्तियों को बिटकॉइन और अन्य आभासी संपत्तियों में बदल दिया है, जो कई ब्लॉकचेन पर हजारों पतों पर फैली हुई हैं।

उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने न तो चोरी की बात स्वीकार की है और न ही एफबीआई के आरोप को। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र में प्योंगयांग के मिशन ने एसोसिएटेड प्रेस की टिप्पणी के अनुरोध पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उत्तर कोरिया की ओर से की गई चोरी से कथित तौर पर परमाणु हथियार कार्यक्रम को वित्तपोषित किया जाता है। हालांकि, दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी के अनुसार, उत्तर कोरिया ने पिछले पांच वर्षों में क्रिप्टोकरेंसी और अन्य आभासी संपत्तियों में अनुमानित 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की चोरी की है।

# फ्लिपकार्ट ने किया ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन

**कन्नौज।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ मिलकर कन्नौज, उत्तर प्रदेश में एक ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया। इसका उद्देश्य महिला उद्यमियों, कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों को ई-कॉमर्स के माध्यम से अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए जरूरी जानकारियों एवं टूल्स से लैस करते हुए सशक्त करना है। इस कार्यक्रम के दौरान माननीय सामाजिक कल्याण एवं एससी/एसटी राज्य मंत्री श्री असीम अरुण और जिला मजिस्ट्रेट, मुख्य विकास अधिकारी एवं फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार समेत अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने इस पहल को लेकर कहा फ्लिपकार्ट में हम स्थानीय कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों एवं छोटे उद्यमियों को इस डिजिटल युग में विकास के लिए जरूरी संसाधन प्रदान करते हुए



समावेशी विकास को गति देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उत्तर प्रदेश में हमारे रणनीतिक निवेश और व्यापक मार्केटप्लेस इकोसिस्टम के साथ हमारा लक्ष्य स्थानीय समुदायों, एमएसएमई, किसानों व अन्य संबंधित व्यवसायों को डिजिटल बदलाव की उनकी यात्रा में समर्थन देते हुए मजबूत बनाना है। आज की कार्यशाला डिजिटल समावेश बढ़ाते हुए एवं ई-कॉमर्स के अवसरों तक पहुंच प्रदान करते हुए भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में हमारा एक और प्रयास है।

कार्यक्रम के दौरान माननीय सामाजिक कल्याण एवं एससी/एसटी राज्य मंत्री श्री असीम अरुण ने कहा आर्थिक आजादी एवं क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण महिला उद्यमियों एवं कारीगरों को सशक्त करना बहुत महत्वपूर्ण है। इस कार्यशाला के माध्यम से मिलने वाली जानकारी एवं प्रशिक्षण से उन्हें ई-कॉमर्स की क्षमता का फायदा उठाने और अपनी आजीविका को बेहतर करने में मदद मिलेगी। इस दिशा में फ्लिपकार्ट का प्रयास सराहनीय है। हमारे स्थानीय समुदायों के बीच आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के लिए हम आगे इस तरह की और भी साझेदारियों की संभावना पर काम करेंगे। अपने शानदार इत्र के लिए मशहूर उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक शहर कन्नौज में आयोजित इस कार्यशाला में स्थानीय समुदायों की उद्यमिता की क्षमता को मजबूत करने पर फोकस किया गया। इसके लिए उन्हें फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस की ऑफरिंग्स के बारे में शिक्षित किया गया। कन्नौज को यहां की शिल्पकारी, उन्नत बाजारों एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए भी जाना जाता है। कार्यशाला के दौरान 50 महिला उद्यमियों एवं एसएचजी सदस्यों समेत उपस्थित लोगों को डिजिटल कॉमर्स, प्रोडक्ट शोकेसिंग और बाजार विस्तार की रणनीतियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं।

## क्रोमा ने आपके शहर में लायी एसी और एयर कूलर की उसी दिन डिलीवरी की सुविधा

क्रोमा ने अपने उपभोक्ताओं को गर्मी से राहत दिलाने के लिए एयर कंडीशनर और कूलर की उसी दिन डिलीवरी की सुविधा शुरू की है। क्रोमा की गैजेट और छोटे उपकरणों की त्वरित डिलीवरी सेवा सफलतापूर्वक चल रही है, उसी को आगे बढ़ाते हुए अब इस ब्रांड ने अपने ग्राहकों के लिए गर्मी से राहत पाना आसान बना दिया है। क्रोमा के उपभोक्ता अब बिना किसी देरी के तुरंत ठंडक का आनंद ले सकते हैं!

अपने मन चाहे चैनल से खरीदारी करने का बहुत ही आसान शॉपिंग अनुभव प्रदान करने के लिए क्रोमा हमेशा प्रयास करता रहता है, इन्हीं प्रयासों के तहत, अब आपके नज़दीकी क्रोमा स्टोर, croma.com और टाटा नेउ ऐप पर शाम 6 बजे से पहले ऑर्डर किए गए चुनिंदा एसी और एयर कूलर की डिलीवरी उसी दिन करने की सुविधा दी जा रही है।

इन्फिनिटी रिटेल लिमिटेड (क्रोमा) के सीईओ शिबाशीष रॉय ने कहा, ÷गर्मियां बढ़ रही हैं, आपको उनसे तुरंत राहत दिलाने के लिए एसी और एयर कूलर की उसी दिन डिलीवरी की सुविधा हम प्रस्तुत कर रहे हैं। क्रोमा को आपके और भी करीब लाने के हमारे प्रयासों का यह एक हिस्सा है। हमें बहुत ख़ुशी हो रही है कि 28 शहरों में उसी दिन डिलीवरी की सुविधा शुरू हो रही है।

गर्मी से बचना अब है आसान! अपने नज़दीकी क्रोमा स्टोर या ऑनलाइन croma.com और टाटा नेउ पर खरीदारी करें और एसी और कूलर की उसी दिन डिलीवरी का आनंद लें और बिना देरी के आराम पाएं।

## लखनऊ, हो जाइए तैयार! अब आइकिया आपके घर तक सामान पहुंचाएगा

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे पसंदीदा 82 साल पुरानी स्वीडिश होम फर्निशिंग रिटेलर आइकिया ने उत्तर भारत के अपने बेहद प्रतीक्षित मार्केट में प्रवेश की घोषणा की है। इस पहल के अंतर्गत दिल्ली-एनसीआर के साथ-साथ आगरा, प्रयागराज (इलाहाबाद), अमृतसर, चंडीगढ़, जयपुर, कानपुर, लखनऊ, लुधियाना और वाराणसी समेत 9 शहरों में ऑनलाइन डिलीवरी की शुरुआत होगी। 1 मार्च से, इन इलाकों के ग्राहक आइकिया ऐप, www.ikea.in वेबसाइट तथा फोन के जरिए उपलब्ध खरीद सहायता का उपयोग करके 7000+ से अधिक उत्पाद और समाधान आसानी से देख और खरीद सकेंगे। लखनऊ के घरों में परंपरा और आधुनिक डिजाइन का बेहतरीन मेल देखने को मिलता है, जो इस शहर की बदलती जीवनशैली को दर्शाता है। यह इलाका ब्रांडेड स्टोर्स तक सबसे ज्यादा पहुंच रखने वालों में से एक है, जहां लोग मॉड्यूलर किचन, ग्लास टाइल्स और स्मार्ट स्टोरेज सॉल्यूशंस को खास तवज्जो देते हैं। आइकिया इन जरूरतों को पूरा करने के लिए शानदार डिजाइन वाले, सुविधाजनक और कम जगह घेरने वाले फर्नीचर लेकर आया है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी को आसान बनाया जा सके। ग्राहक यहां रिमोट प्लानिंग, इंटीरियर डिजाइनिंग और असेंबली सेवाओं का भी लाभ उठा सकते हैं, जिससे उनके घरों को एक खास और व्यक्तिगत स्पर्श मिलेगा। ग्राहक ना सिर्फ आइकिया के फर्नीचर को असेंबल करने के बेहद आइकॉनिक डीआईवाय तरीके का आनंद उठाएंगे बल्कि घर को सजाने में होम फर्निशिंग में ब्रैंड की विशेषज्ञता का भी फायदा उठा सकेंगे। उन्हें दूर से ही घर की योजना बनाने, इंटीरियर डिज़ाइन सेवाओं और आसानी से फर्नीचर जोड़ने और लगाने में मदद मिलेगी। आइकिया इंडिया की सीईओ और चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर सुज़ैन पल्वरर ने कहा, हैदराबाद में अपना पहला स्टोर खोलने के बाद से हमें उत्तर भारत से निरंतर अच्छा रिस्पांस मिल रहा था। हमारे क्व2क्व चैनलों के माध्यम से इन शहरों से सैकड़ों ऑर्डर आ रहे हैं, हमें लगातार ऑनलाइन सर्च किया जा रहा है, ऐप डाउनलोड किए जा रहे हैं, और सोशल मीडिया पर लगातार सवाल पूछे जा रहे हैं। हमारी भारत की कहानी में यह एक खाली जगह थी। अब, हमारी बारी है कि हम भी प्यार लौटाएं और हम आइकिया को उत्तर भारत में लॉन्च करने का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।

# सैमसंग ने प्रीमियम डिज़ाइन और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के साथ स्मार्टफोन सर्विस सेंटर्स में किया बड़ा बदलाव

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने सर्विस सेंटर्स को नए सिरे से डिजाइन करके अपने स्मार्टफोन कस्टमर सर्विस अनुभव को बेहतर बनाया है। इस बदलाव का मकसद है कि लोगों को सर्विस भी आसानी से मिले और नए फोन खरीदने में भी मदद मिले। सैमसंग हमेशा से अच्छी सर्विस देने के लिए जाना जाता है, और यह कदम उनकी इस कोशिश को और भी मजबूत करता है। सैमसंग ने अपने सर्विस सेंटर्स को नया रूप दिया है ताकि लोगों को हर तरह से अच्छी सुविधा मिल सके। नए डिज़ाइन किए गए सेंटरों में, सैमसंग के युवा ग्राहकों की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए, नई डिजिटल तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। यहाँ न सिर्फ अलग-अलग तरह के प्रोडक्ट देखने को मिलेंगे, बल्कि आधुनिक डायग्नोस्टिक टूल्स तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देंगे। इन टूल्स से फ़ोन की खराबी का भी सटीकता




से पता लगाया जा सकेगा, जिससे समस्या का सही समाधान हो सके।

अपग्रेड किए गए ये सेंटर पारंपरिक लेआउट से अलग हैं। इनमें आलीशान सोफा-स्टाइल सीटिंग की सुविधा है। यहां इनबिल्ट वायरलेस चार्जिंग स्टेशन हैं, जो लाउंज जैसा माहौल बनाते हैं। रीइमेजिन्ड एक्सेसरी वॉल पर सैमसंग के वियरेबल्स की विस्तृत रेंज दिखाई गई है, जबकि अल्ट्रा-लार्ज डिजिटल स्क्रीन पर नए प्रोडक्ट इनोवेशन दिखाए गए हैं, जो आगंतुकों को एक शानदार अनुभव प्रदान करते हैं।

सैमसंग इंडिया में कस्टमर सैटिस्फैक्शन के वाइस प्रेसिडेंट सुनील कुटिन्हा ने कहा, ÷पिछले दशकों में हमने अपने मौजूदा ग्राहकों को सपोर्ट देने के लिए सर्विस सेंटर्स के एक मजबूत नेटवर्क का विस्तार किया है जो हमारे सेल्स पार्टनर्स की जरूरतों के मुताबिक है। चूंकि उपभोक्ताओं की अपेक्षाएं हर दिन बदलती रहती हैं इसलिए हमने इन स्थानों को अधिक आकर्षक बनाने की कोशिश की है। हमने पारंपरिक ग्राहक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शानदार डिजाइन एलीमेंट को शामिल करके नया रूप दिया है। इन सब प्रयासों के पीछे ग्राहकों को प्रीमियम अनुभव प्रदान करने के लिए सैमसंग की प्रतिबद्धता नजर आती है।

ग्राहकों के साथ बातचीत को आसान बनाने के लिए डेडीकेटेड कियोस्क आगंतुकों को उत्पाद सहायता विशेषज्ञों से जुड़ने, नए प्रोडक्ट लॉन्च की जानकारी प्राप्त करने और विशेष ऑफ़र्स और छूट के बारे में अपडेट रहने की सुविधा देंगे। एक ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुकिंग सिस्टम ग्राहकों को अपने विजिट को पहले से शेड्यूल करने की सुविधा देगा जिससे उन्हें इंतजार नहीं करना होगा और उन्हें शानदार सर्विस मिलेगी।

## देश में व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए द्विपक्षीय संबंध अहम, बोलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली।** भारत को व्यापार व निवेश के लिए अपने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है और द्विपक्षीय रिश्ते ही एकमात्र सबसे फायदेमंद जरिया प्रतीत होते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को यह बात कही। वित्त मंत्री ने यहां 'बीएस मंथन' में कहा कि यह बहुत ही दिलचस्प लेकिन चुनौतीपूर्ण समय है और सरकार देश को आगे बढ़ाने और वैश्विक वृद्धि का इंजन बनाने के लिए सभी प्रयास कर रही है।

वित्त मंत्री ने कहा, द्विपक्षीय संबंध अब एजेंडा में शीर्ष पर है... हमें कई देशों के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाना है, न केवल व्यापार के लिए, न केवल निवेश के लिए, बल्कि रणनीतिक संबंधों के लिए भी। इसलिए बहुपक्षवाद... कुछ हद तक, मैं अब भी इसे कुछ हद तक कह रही हूं... लेकिन द्विपक्षीय संबंध ही एकमात्र फायदेमंद हैं जिसका आप इस्तेमाल कर सकते हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि बहुपक्षीय संस्थाएं तेजी से लुप्त होती जा रही हैं। उन्हें पुन- खड़ा करने और सक्रिय करने के प्रत्येक प्रयास से वांछित परिणाम नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा, इसलिए, आपको ऐसे मुद्दों पर ध्यान देना होगा जो आपके अपने देश से परे कई चीजों को प्रभावित करते हैं। आपके पास अब कोई ऐसा मंच नहीं बचा है जो प्रभावी ढंग से काम कर सके... बहुपक्षीय संस्थाएं और उनका योगदान शायद कम से कम निकट भविष्य में लुप्त होता दिख रहा है, जब तक कि उन्हें उस तरह की ऊर्जा के साथ फिर खड़ा करने का प्रयास नहीं किया जाता... यह अगले कुछ वर्षों में तो होने वाला नहीं है। वित्त मंत्री ने कहा कि वैश्विक व्यापार आज पूरी तरह से बदल रहा है और ÷जिन शर्तों और संदर्भों के साथ हम सभी व्यापार करते थे, विश्व व्यापार संगठन में ऐसा किसी प्रकार का सहारा (संस्था) अब उपलब्ध नहीं है।÷ उन्होंने कहा कि कोई सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) की अवधारणा नहीं है।

# इलेक्रामा प्रदर्शनी ने तोड़े पिछले सभी रिकार्ड

**लखनऊ।** इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईईईएमए) द्वारा आयोजित इलेक्रामा 2025 का 16वां संस्करण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इसके साथ ही, उसकी इलेक्ट्रिकल और संबंधित इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के प्रमुख वैश्विक मंच के तौर पर स्थिति मजबूत हुई है। एक हजार से अधिक एग्जिबिटर्स, चार लाख से अधिक बिजनेस विजिटर्स की मौजूदगी और अनुमानित 20 अरब डॉलर की बिज़नेस इनक्वायरीज़ के साथ इस संस्करण ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए, जो इस आयोजन के बेहद व्यापक स्तर, प्रभाव और वैश्विक अपील का प्रमाण है। इस साल की सबसे बड़ी ख़ासियतों में से एक न्यू एनर्जी पैवेलियन का शुभारंभ रहा, जो बैटरी स्टोरेज, ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल एनर्जी, सोलर मॉड्यूल, सोलर इनवर्टर और कई सफल तकनीकों का एक अनूठा शोकेस था। इसके जरिये एक सस्टेनेबल और भविष्य के लिए तैयार ऊर्जा परिदृश्य की दिशा में भारत की तेज प्रगति को प्रदर्शित किया गया। इस आयोजन की संभावनाओं के बारे में बताते हुए, यूरे इलेक्ट्रिक के प्रमुख, बीडी और स्टेक होल्डर्स क्रिस वान डेन जेगेल ने कहा इलेक्रामा एक शानदार अनुभव रहा है, जिसमें तेजी से बढ़ते भारतीय बिजली क्षेत्र और इसकी दमदार ग्रोथ को प्रदर्शित किया गया है। हम विशेष रूप से भारतीय कंपनियों के नवाचार, क्षमताओं में बढ़ोतरी और सभी का सहयोग करने की व्यावसायिक संस्कृति से प्रभावित हुए। आईईईएमएके प्रमुख कार्यक्रम के रूप में, यह रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रिड आधुनिकीकरण और डिजिटल परिवर्तन से जुड़े सुधारों का पता लगाने के लिए प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाता है। यह प्रदर्शनी उभरती टेक्नोलॉजीज और सस्टेनेबल समाधानों के बारे में जानकारियां देने के साथ, भारत के तेजी से बढ़ते बिजली क्षेत्र पर प्रकाश डालती है। ग्लोबल पार्टनरशिप्स और अन्य जानकारियों को साझा करने के साथ, इलेक्रामा भारत को इलेक्ट्रिकल मैन्युफैक्चरिंग और ऊर्जा नवाचार के केंद्र के रूप में लगातार स्थापित कर रहा है, उद्योग संबंधों को मजबूती दे रहा है और ज्यादा कुशल बिजली इकोसिस्टम की ओर रूपांतरण को तेज कर रहा है। इस आयोजन के समापनके साथ इस वर्ष के संस्करण के महत्व पर आईईईएमए के प्रेसिडेंट सुनील सिंघवी ने कहा, इलेक्रामा 2025 ने सभी उम्मीदों को पूरा किया है, जो इलेक्ट्रिकल और बिजली उद्योग के लिए दुनिया के अग्रणी मंच के तौर पर उसकी यात्रा में एक अहमकदमहै।

पिछले संस्करण की तुलना में विजिटर्स की संख्या में भारी बढ़ोतरी से भारत की ऊर्जा और बिजली क्षमताओं में दुनिया की बढ़ती दिलचस्पी का पता चलता है। 4,00,000 से ज्यादा बिजनेस विजिटर्स के साथ, इलेक्रामा की प्रभावशाली साझेदारियों और कारोबार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए इंडस्ट्रीलीडर्स, पॉलिसीमेकर्सऔर इनोवेटर्स को एक साथ लाने क्षमता जाहिर होती है।

## Paytm ने Perplexity के साथ साझेदारी की, AI की शक्ति को करोड़ों भारतीयों तक पहुंचाया

Paytm ऐप में AI-पावर्ड सर्च को इंटीग्रेट किया गया, जिससे उपयोगकर्ता अपनी स्थानीय भाषा में रोज़मर्रा के सवाल पूछ सकते हैं, विभिन्न विषयों की खोज कर सकते हैं और वित्तीय निर्णय बेहतर तरीके से ले सकते हैं। AI-ड्रिवन इनसाइट्स के माध्यम से भारत की डिजिटल और मोबाइल अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाकर वित्तीय साक्षरता और पहुंच को बढ़ावा दिया जा रहा है। Paytm (One 97 Communications Limited), जो भारत की अग्रणी भुगतान और वित्तीय सेवा वितरण कंपनी है और QR कोड, साउंडबॉक्स और मोबाइल पेमेंट्स की अग्रणी रही है, उसने Perplexity के साथ साझेदारी की है ताकि करोड़ों भारतीय उपभोक्ताओं तक,ढ्ढ की शक्ति पहुंचाई जा सके। Perplexity दुनिया का पहला 'आंसर इंजन' है, जो विश्वसनीय स्रोतों के साथ वास्तविक समय में तेज़ और स्पष्ट उत्तर प्रदान करता है। यह साझेदारी मोबाइल पेमेंट्स में AI-संचालित बुद्धिमत्ता को एकीकृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उपयोगकर्ता को Paytm ऐप में ही रियल-टाइम वित्तीय सहायता मिलेगी। जैसे-जैसे भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, सूचित निर्णय लेने के लिए त्वरित और विश्वसनीय जानकारी की आवश्यकता बढ़ रही है—चाहे वह वित्तीय प्रबंधन हो, बाजार प्रवृत्तियों की खोज हो, या रोज़मर्रा के फैसले लेना हो। Paytm इस जरूरत को पूरा करने के लिए AI-पावर्ड सर्च को अपने ऐप में एकीकृत कर रहा है, जिससे उपयोगकर्ता अपनी स्थानीय भाषा में सवाल पूछ सकते हैं, विषयों का अन्वेषण कर सकते हैं और बेहतर वित्तीय निर्णय ले सकते हैं। यह नवाचार डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देता है और भारत को AI-संचालित स्मार्ट भविष्य की ओर ले जाने के लिए Paytm की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। "AI इस बात को बदल रहा है कि लोग कैसे जानकारी प्राप्त करते हैं और निर्णय लेते हैं। Perplexity के साथ, हम करोड़ों भारतीय उपभोक्ताओं तक AI की शक्ति ला रहे हैं, जिससे ज्ञान और वित्तीय सेवाएं अधिक सहज और सुलभ बन रही हैं।

# आईकू नियो10आर स्नैपड्रैगन 8एस ज़ेन 3 और स्टेबल 90एफपीएस गेमिंग एक्सपीरियंस के साथ होगा लॉन्च

**कानपुर।** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू 11मार्च को आईकूनियो10आर लॉन्च करने के लिए तैयार है। युवा उपयोगकर्ताओं, मोबाइल गेमर्स और तकनीकी जानकारों के लिए डिज़ाइन किया गया यह स्मार्टफोन दमदार परफॉर्मेंस, अल्ट्रा-स्मूद गेमिंग, लॉन्ग बैटरी लाइफ और इमर्सिव डिस्प्ले एक्सपीरियंसदेता है, जो उनकी तेज़ रफ्तार जीवनशैली के लिए एक दम परफेक्ट है।2022 में लॉन्च होने के बाद से, आईकू नियो सीरीज़ अपनी हाई-परफॉर्मेंस कैपेबिलिटी और बेहतरीन गेमिंग एक्सपीरियंस के लिए पहचानी जाती रही है, जो स्टाइलिश डिज़ाइन के साथ आती है। अमेज़न पर 4.4+ की इफेक्टिव एवरेज रेटिंग के साथ, यह सीरीज़ लगातार डेवलप हुई है और हर नई जनरेशन में इम्पोर्टेन्ट अपग्रेड प्रस्तुत किए हैं। इसी मजबूत नींव पर आगे बढ़ते हुए, आईकू नियो10आर एक्सपीरियंस को एक नए स्तर पर ले जाता है। युवा गेमर्स और तकनीकी जानकारों के लिए डिज़ाइन



किया गया यह स्मार्टफोन पावर, एफिशिएंसी और स्टाइल का बेहतरीन संतुलन प्रदान करता है, जो स्मार्टफोन एक्सपीरियंसऔर भी ज्यादा ख़ास बनाता है। आईकू नियो 10आर में स्नैपड्रैगन 8एस ज़ेन3 प्रोसेसर दिया गया है, जो एडवांस 4nm टेक्नोलॉजी पर बना है। यह तेज़ और दमदार परफॉर्मेंस देता है। 1.7 मिलियन+ AnTuTu स्कोर के साथ, यह अपने सेगमेंट का सबसे शानदार फोन है। खास तौर पर गेमिंग के लिए बनाया गया यह फोन 90एफपीएस की स्मूद गेमिंग देता है, जो 5 घंटे तक बिना किसी रुकावट के चलती है।यह 6043$mm^2$ वेपर कूलिंग चेंबर के साथ आता है, जो फोन को ज्यादा गर्म होने से बचाता है। 2000H5 टच सैंपलिंग रेट की वजह से टच कंट्रोल्स तेजी से काम करते हैं। साथ ही, ई-स्पोर्ट्स मोड गेमिंग परफॉर्मेंस को बेहतर बनाता है, जिससे यूजर्स को स्मूद और दमदार गेमिंग एक्सपीरियंस मिलता है। परफॉरमेंसके अलावा, आईकू नियो 10आर को लंबे समय तक इस्तेमाल के लिए भी डिज़ाइन किया गया है। यह अपने सेगमेंट में भारत की सबसे स्लिम 6400mAh बैटरी के साथ आता है, जो मात्र 7.98mm मोटाई में ऑल-डे पावर सुनिश्चित करती है। 80W फास्ट चार्जिंग की मदद से यूज़र्स तेजी से चार्ज कर सकते हैं और बिना किसी ब्रेक के जुड़े रह सकते हैं।

# आजाद था आजाद हूं आजाद रहूंगा

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** महान क्रांतिकारी और देशभक्त चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शहर के पोस्टमार्टम चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर नगर मंडल के महामंत्री दुर्गेश नाथ त्रिपाठी ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद एक ऐसे युवा क्रांतिकारी थे, जिन्होंने अपने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपनी जान दे दी।

उन्होंने ठान लिया था कि वे कभी भी अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे और अंग्रेजों की गुलामी की हुकूमत से खुद को आखिरी सांस तक आजाद रखा। उन्होंने बेहद कम उम्र में ही अपनी जिंदगी को देश के नाम कर दिया था। आज उनके बलिदान दिवस हम सभी उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई, 1906 को मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के भाबरा नामक स्थान पर हुआ था। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश की आजादी की लड़ाई के लिए कुर्बान कर दिया। चंद्रशेखर आजाद बेहद कम्र उम्र में देश की आजादी की लड़ाई का हिस्सा बने थे। जब सन् 1922 में चौरी चौरा की घटना के बाद गांधीजी ने अपना आंदोलन वापस ले लिया तो आज़ाद का कांग्रेस से मोहभंग हो गया। इसके बाद वे पण्डित राम प्रसाद बिस्मिल और शचीन्द्रनाथ सान्याल योगेश चन्द्र चटर्जी द्वारा 1924 में गठित हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़ गए। उन्होंने बताया कि चंद्रशेखर को आजाद नाम एक खास वजह से मिला। चंद्रशेखर जब 15 साल के थे तब उन्हें किसी केस में एक जज के सामने पेश किया गया। वहां पर जब जज ने उनका नाम पूछा तो उन्होंने ने कहा, मेरा नाम आजाद है, मेरे पिता का नाम स्वतंत्रता और मेरा घर जेल है। जज ये सुनने के बाद भड़क गए और चंद्रशेखर को 15 कोड़ों की सजा सुनाई, यही से उनका नाम आजाद पड़ गया। चंद्रशेखर पूरी जिंदगी अपने आप को आजाद रखना चाहते थे। इस अवसर पर सुधीर श्रीवास्तव, गजेंद्र नाथ त्रिपाठी, कमलदीप तिवारी, राकेश त्रिपाठी, प्रिंस चतुर्वेदी, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की नियुक्ति के लिए कौसिंलिंग जारी, अगले सप्ताह आएगी चयन सूची

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रिक्त पदों पर चयन के लिए भर्ती प्रक्रिया जारी है। मेरिट के अनुसार अभ्यर्थियों की कौसिलिंग की जा रही है। वी पी एल श्रेणी की विधवा, तलाकशुदा और परित्यक्ता महिलाओं को चयन में वरीयता प्रदान की जा रही है। विकास भवन में डी डी ओ के निर्देशन में अभ्यर्थियों को बुलाकर कौसिंलिंग और शैक्षिक अभिलेखों के सत्यापन का काम तेजी से चल रहा है। चयन समिति की ओर से अगले सप्ताह तक रिजल्ट घोषित किए जाने की संभावना है। बुधवार और गुरुवार को भादर और भेंटुआ विकास खंड के अभ्यर्थियों की कौसिंलिग की गई। अभ्यर्थियों को कौसिलिंग के लिए फोन करके बुलाया गया था। सूत्रों का कहना है कि चयन प्रक्रिया के दौरान अभिलेखों की जांच की जा रही है। मेरिट में गड़बड़ी करने और चयन में अनियमितता की भी चर्चाएं हैं।

# कोई कार्य छोटा नहीं होता बशर्ते ईमानदारीपूर्वक करना चाहिए: विनय

## खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



जागरूकता शिविर को संबोधित करते नपा अध्यक्ष पडरौना विनय

**कुशीनगर।** उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड कुशीनगर द्वारा खादी और ग्रामोद्योग विकास एवं सतत स्वरोजगार नीति योजनान्तर्गत गुरुवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पडरौना कुशीनगर के परिसर में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विनय जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पडरौना व विशिष्ट अतिथि के रूप में पंकज पाण्डे, मंत्री खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान सपहा फाजिलनगर, शिव शंकर, अपर आयुक्त जिला उद्योग केन्द्र व राकेश मणि त्रिपाठी इलेक्ट्रानिक मैकेनिकल, पारस नाथ प्रसाद, कार्यादेशक, आईटीआई पडरौना आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में बेरोजगार जैसी समस्या को दूर करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न विभागों/संस्थानों के माध्यम से संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का जिक्र करते हुए बताया गया कि कोई कार्य छोटा नहीं होता है उसे करने के लिए दृढसंकल्प होना चाहिए। साथ ही खादी से निर्मित वस्त्रों को अपने जीवन में उपयोग करने एवं इस कला से जुडने हेतु प्रेरित करते हुए अपनी हुनर कौशल के अनुसार स्थानीय तौर पर अपना उद्यम कैसे स्थापित किया जा सकता है। खादी आधारित एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्थान के लगभग 100 भिन्न-2 ट्रेडों के प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे। एके पाल परिक्षेत्रीय/जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कुशीनगर द्वारा सर्व प्रथम गांधी के प्रतिमा पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि से माल्यार्पण कराते हुए उन्हे पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

# एसजेएस शिवगढ़ के लिए भूमि पूजन संपन्न





अवधनामा संवाददाता

**महाराजगंज, रायबरेली।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर एसजेएस विद्यालय संगठन ने अपनी शिवगढ़ शाखा की स्थापना हेतु भूमि पूजन संपन्न किया। विद्यालय संगठन के निर्देशक रमेश बहादुर सिंह प्रबन्धक. अग्रज सिंह, सह प्रबन्धिका डॉ अनुश्री सिंह, व प्रबंधन अनुज सिंह, सह प्रबंधिका प्रियंका सिंह, ने विद्यालय परिवार ने वैदिक मन्त्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया। आप को बताते चलें। इस अवसर पर एस जे एस लालगंज गुरबक्शगंज की विद्यालय शाखाओं की प्रधानाचार्या अंजू सिंह सुधा सिंह मृदुलाश्रीवास्तव व प्रीति सिंह ने अपने विद्यालय स्टाफ के साथ उपस्थित रहीं साथ ही शिवगढ रामपुर खास के सम्मानित व्यक्तियों ने आकर अपना अमूल्य समय देकर उपस्थिति दर्ज कराई साथ ही शिक्षा जैसे पुनीत कार्य हेतु विद्यालय शिवगढ शाखा के लिए प्रसन्नता व शुभकामनाएं भी व्यक्त की भूमिपूजन के उपरान्त विद्यालय के मुखिया श्री रमेश बहादुर सिंह जी पूरे परिवार व विद्यालय के शुभ चिंतकों सहित नींव की ईंटें रखी इस अवसर पर एस.जे.एस महराजगंज के प्रशासनिक अधिकारी श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह व विद्यालय शाखाओं के प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे विद्यालय संगठन के निदेशक रमेश बहादुर सिंह जी ने क्षेत्र की तालीम की जरूरत के मद्देनजर साधन सुविधा संपन्न व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रसार के अपना संकल्प दोहराया।

## फर्जी हस्ताक्षर करने वाली सचिव पर मुकदमा दर्ज करवाने की मांग

अवधनामा ब्यूरो

रामकोला ब्लॉक के लाला छपरा गांव का मामला

**कुशीनगर।** विकास खंड रामकोला के ग्राम पंचायत लाला छपरा निवासी राकेश कुमार श्रीवास्त ने बीडीओ को पत्र भेजकर उक्त ग्राम सभा में तैनात सचिव मेरे हस्ताक्षर को स्वयं करके अथवा किसी और से कराकर राज्य सूचना आयोग के समक्ष सूचना प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए मुकदमा दर्ज करवाने की मांग किया है।

30 जून 2023 को उक्त गांव निवासी राकेश कुमार श्रीवास्तव ने तीन बिंदुओं पर खण्ड विकास अधिकारी रामकोला से सूचना मांगा था। परन्तु सूचना न मिलने के कारण राकेश कुमार श्रीवास्तव ने पहले प्रथम अपील किया फिर भी सूचना न मिलने से द्वितीय अपील राज्य सूचना आयोग लखनऊ में किया। राज्य सूचना आयोग में 4 तारीख तक सूचना नहीं मिला। जब ऐसा लगा कि अगली पेशी पर धारा 20 (1) की कार्यवाही हो जाएगी तब सचिव ग्राम पंचायत लाला छपरा सुनीता द्वारा जरिए अधिवक्ता एक अधूरा सूचना आयुक्त राज्य सूचना आयोग के समक्ष कोर्ट संख्या एस-4 में दिया गया तथा एक प्रति मुझे भी दी गई। वहीं राकेश कुमार श्रीवास्तव ने लाला छपरा के सचिव सुनीता पर आरोप लगाते हुए कहा है कि उक्त प्रति में 7 फरवरी 25 को प्राप्त लिख कर मेरा फर्जी हस्ताक्षर किया गया है। उन्होंने बताया कि 7 फरवरी 2025 को प्राप्त लिख कर जो हस्ताक्षर हुए हैं वह न तो मेरा लिखावट है और न हीं मेरा हस्ताक्षर है। श्री श्रीवास्तव ने अपने पत्र में कहा है कि मांगी गई सूचना में जो मेरे द्वारा किए गए हस्ताक्षर है उससे किसी फिंगर प्रिंट एंड सिग्नेचर एक्सपर्ट से हस्ताक्षर से मिलान करा कर सचिव ग्राम पंचायत लाला छपरा सुनीता के ऊपर एक लोक सेवक द्वारा फर्जी हस्ताक्षर करने अथवा करवाने के जुर्म में मुकदमा पंजिकृत करवाने की मांग किया है।

# घाघवा पुल के नीचे मिली युवती की लाश सीमा विवाद में घंटों उलझी रही पुलिस

अवधनामा ब्यूरो



शव को लेकर आपस में उलझी हुई पुलिस

**कुशीनगर।** यूपी-बिहार सीमा पर स्थित घघवा पुल के नीचे गुरुवार सुबह एक अज्ञात युवती का शव मिला। स्थानीय ग्रामीणों ने शव की सूचना दोनों राज्यों की स्थानीय पुलिस को दी। बांसी नदी के किनारे मिले शव को लेकर बिहार के भितहा थाना तथा यूपी के विशुनपुरा थाना की पुलिस में विवाद खड़ा हो गया। दोनों थानों की पुलिस इस बात पर अड़ी रही कि शव उनके क्षेत्र में नहीं है। जिसके कारण कई घंटों तक कार्रवाई नहीं हो सकी।

दोनो राज्यो की पुलिसकर्मी आपस में यह तय करने में लगे रहे कि शव को कौन उठाएगा और पोस्टमार्टम के लिए कहां भेजा जाएगा। तब तक शव वहीं पड़ा रहा। स्थानीय लोगों की भीड़ बढ़ती गई। लोगों ने पुलिस की इस लापरवाही पर कड़ा विरोध जताया। अंत में यूपी की विशुनपुरा पुलिस ने पहल करते हुए शव को कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। युवती की पहचान व मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। विशुनपुरा थाना प्रभारी राजू सिंह ने बताया कि मृतका की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष के आसपास है। उसके कपड़े अस्त-व्यस्त थे, जिससे हत्या या आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पायेगा।

## बेकार हुआ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का पत्राचार, मनरेगा का पैसा नहीं दे रही केंद्र सरकार

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मनरेगा के काम ठप चल रहे हैं।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की ओर से बकाया भुगतान और चालू वित्तीय वर्ष में धनावंटन बढ़ाने के लिए केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज चौहान को पत्र लिखने के तीन सप्ताह बाद भी केन्द्र सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया है।नये साल में मजदूरों को एक पैसे का भुगतान नहीं हुआ है। ग्रामीण अंचल से मजदूर काम की तलाश में शहरों की तरफ भाग रहे हैं। उप मुख्यमंत्री की ओर से सात फरवरी तक उत्तर प्रदेश में मनरेगा के आनगोइंग कार्यों पर लगभग बाइस करोड़ रुपए भुगतान बकाया है। पैसे के अभाव में नये इस्टीमेट नहीं बन रहे हैं। अमृत सरोवर, ग्रामीण हाट, पंचायत भवन के निर्माण, इंटर लॉकिंग, पशु शेड आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण आदि के काम प्रभावित हैं। पिछले दो वित्तीय वर्ष में श्रमांश पर7920.72 करोड़ और सामग्री अंश पर 3102-27 करोड़ रु बकाया भुगतान चल रहा है। प्रशासनिक मद में 273.38 करोड़ रुपए बकाया है। केंद्र सरकार ने अभी तक बकाया भुगतान नहीं किया है। मनरेगा का पैसा कब मजदूरों और एजेंसियों के खाते में पहुंचेगा, मनरेगा कर्मी और ग्राम प्रधान टकटकी लगाए हुए हैं।

### समीक्षा बैठक में बहुत कम रही कार्यों की संख्या

**अमेठी।** गुरुवार को उपायुक्त मनरेगा शेर बहादुर ने मनरेगा की वर्चुअल मीटिंग की। समीक्षा के दौरान कार्यों की संख्या बहुत कम सामने आई।

गुरुवार को जिले की 682 ग्राम पंचायतों में से 286 ग्राम पंचायतों में काम बंद रहे। काम करने वाले मजदूरों की संख्या घटकर दस हजार हो गई है।

## रामकोला चीनी मिल ने 18 फरवरी तक गन्ना मूल्य भुगतान किया

**रामकोला, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** त्रिवेणी चीनी मिल, रामकोला ने जनपद में गन्ना मूल्य भुगतान में अपनी प्रतिबद्धता को बरकरार रखा है। मिल ने वर्तमान पेराई सत्र के दौरान 12 फरवरी से 18 फरवरी तक खरीदे गए गन्ने का 14 करोड़ 31 लाख रुपए का भुगतान किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित कर दिया है। इस संबंध में प्रधान प्रबंधक यशराज सिंह ने जानकारी दी। प्रधान प्रबंधक ने कहा कि किसानों का हित मिल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे ताजा, साफ-सुथरा गन्ना ही मिल को आपूर्ति करें, जिससे उनकी गन्ना आपूर्ति की गुणवत्ता बनी रहे और भविष्य में बेसिक कोटा बढ़ने का लाभ मिल सके। वसंत कालीन गन्ने की बुआई पर विशेष जोर देते हुए मिल प्रबंधन ने आगामी वसंत कालीन गन्ना बुआई को ध्यान में रखते हुए किसानों से गन्ने की उच्च गुणवत्ता वाली किस्मों CO-118, CO 15023, COLK 14201, COLK 94184 प्रजातियों की बुआई की अपील की। इसके अतिरिक्त, गन्ने की फसल को रोगों से बचाने और उत्पादन बढ़ाने के लिए अनुदान पर उपलब्ध ट्राइकोडर्मा का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर कारखाना प्रबंधक मानवेंद्र राय भी उपस्थित रहे।

### मामूली बात को लेकर दो पक्षो में चले ईंट-पत्थर

**लालगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** मामूली बात को लेकर दो भाईयों व उनके परिवार के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान दोनो पक्षो की ओर से एक दूसरे पर ईंट पत्थर भी चलाये गये। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर घायलो को इलाज के लिये सीएचसी भेजा है। कस्बे के ब्रजेंद्र नगर निवासी संजय सिंह पुत्र माताबख्स सिंह ने बताया कि मामूली बात को लेकर उनके चाचा जितेंद्र बहादुर सिंह व उनके पुत्र अंकित ने उनकी पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पिटाई के चलते उसे चोंटें भी आई है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि घायल संजय की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### राम मिलन दास ने संभाला कबीर आश्रम

**मुंशीगंज अवधनामा संवाददाता।** संत कबीर आश्रम मुंशीगंज में संत मलंग दास उर्फ मंगल दास की पावन स्मृति में भंडारे के सफल आयोजन के बाद गुरुवार से मंगल दास के परम शिष्य राम मिलन दास ने आश्रम की देखरेख का काम संभाल लिया है। गुरुवार को सत्संग में शामिल हुए सभी संतों की भावपूर्ण विदाई के बाद राम मिलन दास ने आश्रम की देखरेख का काम संभाला। कबीर पंथ की कमजोरियां दूर करने के लिए नामचीन संत तिहारू दास ने आश्रम को व्यसन मुक्ति, नशा मुक्ति, सत्संग और शिक्षा के केन्द्र के रूप में विकसित करने के संदेश दिए।



### शिवपूजन अर्चन व भंडारे का हुआ आयोजन

**लालगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** स्थापना के 10वें वर्ष मार्डन रेलकोच फैक्ट्री के आवासीय परिसर में आधुनिकेश्वर महादेव मंदिर में शिवरात्रि पर्व के दूसरे दिन भजन कीर्तन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के दिन रुद्राभिषेक पूजन व दूसरे दिन, समय दोपहर से आधुनिकेश्वर धाम मंदिर प्रांगण आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में सनातन धर्म सभा के तत्वाधान में दसवां विशाल भंडारा का आयोजन हुआ। इसमें आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के सभी कर्मचारियों अधिकारियो आम लोग के परिवारों ने भाग लिया।

# बेकाबू कार पेड़ से टकराई एक की मौत, तीन घायल

अवधनामा संवाददाता



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार

टायर का अगला पहिया फटने की वजह बताया जा रहा हादसा

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** हाटा-पिपराइच मार्ग पर बृहस्पतिवार की सुबह एक बेकाबू कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिसमें एक की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि कार का अगला पहिया एक फटने की वजह से ये सड़क हादसा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक चालक मिथलेश गुप्ता पुत्र रामचंद्र गुप्ता, रामचंद्र गुप्ता पुत्र जगदीश गुप्ता निवासी रामपुर बगहा करमहा टोला व प्रिंस गौड़ पुत्र रणजीत गौड़, अंकित गुप्ता पुत्र मुन्नी लाल गुप्ता निवासी सहबाजपुर थाना कोतवाली हाटा यह चारों लोग एक ही कार में सवार होकर गोरखपुर से हाटा जा रहें थे। अभी वह अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के झुगहिया टोले के समीप पहुंचे ही थे कि अचानक उनके कार के अगला बायां टायर फट गया जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पेड़ से टकरा गई। जिसमें प्रिंस गौड़, अंकित गुप्ता और चालक मिथलेश गुप्ता घायल हो गए जबकि रामचंद्र गुप्ता पुत्र जगदीश गुप्ता उम्र 55 वर्ष निवासी रामपुर बगहा करमहा टोला थाना रामकोला की मौके पर ही मौत हो गई। तभी किसी ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी।

सूचना पर थानाध्यक्ष अहिरौली बाजार दिनेश कुमार मय फोर्स मौके पर पहुंचकर घायलों को एम्बुलेंस से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा भेजवाया, तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गए।

# दूध बेचकर घर लौट रहे युवक को दबंगों ने पीटा

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी/ रामगंज।** थाना क्षेत्र के पूरे जहान का पुरवा मजरे मंगरा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर गांव के प्राइमरी स्कूल के पास दूध बेचकर घर लौट रहे एक युवक को दबंगों ने बुरी तरह पीट दिया। मारपीट की घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

शोर मचाने पर बीच बचाव को दौड़े परिजनों को भी पीट दिया। घटना में तीन लोग घायल हो गए हैं। तीन की हालत गंभीर देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर किया है। गुरुवार को पूरे जहान का पुरवा मजरे मंगरा गांव के निवासी मोहम्मद इफजान दूध बेचकर घर लौट रहे थे। गांव के प्राइमरी स्कूल के पास वह एक परिचित से बात कर रहे थे। इसी दौरान कार से आए कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उनकी बाइक गिरा दी और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इफजान की आवाज सुनकर मदद के लिए आए परिजनों पर भी हमलावरों ने हमला किया। इस घटना में मोहम्मद अमीर (38), मोहम्मद परवेज (22) और मोहम्मद इफजान घायल हो गए। तीनों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भादर ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित इफजान के भाई शमीर की शिकायत पर पुलिस ने ग्राम प्रधान इमरान समेत चार नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रामगंज थाना प्रभारी निरीक्षक अजयेन्द्र पटेल ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

# गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष ने विभिन्न आश्रय स्थलों का किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



हाटा नगर पालिका में आश्रय स्थल का निरीक्षण करते उपाध्यक्ष

**कुशीनगर।** गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष जशवंत सिंह उर्फ अतुल सिंह ने गुरुवार को जिले के विभिन्न गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया। सबसे पहले नगर पालिका हाटा का निरीक्षण किए जहां 48 गोवंश सुरक्षित पाए जिसमें टैग लगा हुआ था।

निरीक्षण के समय मौके पर 45 नर व 03 मादा कुल 48 गोवंश संरक्षित पाए गए तथा सभी गोवंशो का टैग लगा हुआ मिला। निरीक्षण के दौरान गौ शाला की साफ-सफाई, गोवंशो में टीकाकरण कार्य शत प्रतिशत पाया गया। इस दौरान कोई गोवंश बीमार नही पाया गया। गोवंशो को खाने हेतु भूसा 35.90 कु. दाना 88 किग्रा, हरा चारा-01 कु. तथा गुड एवं नमक उपलब्ध पाया गया। गोशाला में गोबर गैस प्लान्ट संचालित है। कान्हा पशु आश्रय स्थल में संरक्षित गोवंशो की संख्या क्षमता से अधिक होने के कारण विस्तारीकरण हेतु नगर पालिका अध्यक्ष हाटा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, तहसीलदार व अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया। गो आधारित खेती करने जीवामृत बनाने एवं गो आश्रय स्थल में छायादार पेड़ लगाने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया। उपस्थित केयर टेकर एवं श्रमिको को निर्देशित किया गया कि समय से गोशाला की साफ-सफाई कर गोबर को गोशाला से एकत्रित कर निर्धारित स्थल पर रखे। इसके बाद उपाध्यक्ष ने कान्हा पशु आश्रय स्थल, नगर पालिका परिषद, कुशीनगर का निरीक्षण किया। यहां मौके पर 30 नर व 01 मादा कुल 31 गोवंश संरक्षित पाए गए। गोवंशो को खाने हेतु भूसा 33.68 कु. चोकर 293.9 किग्रा, गुड 104.03 किग्रा एवं नमक 114.35 किग्रा उपलब्ध पाया गया। इसके बाद श्री कृष्ण गोशाला, तमकुही रोड़ सेवरही का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मौके पर नर 21 मादा 306 कुल 327 गोवंश संरक्षित पाए गए तथा सभी गोवंशो का टैग लगा हुआ मिला।

गोवंशो को खाने हेतु भूसा 500 कु. दाना 2500 किग्रा उपलब्ध पाया गया। संरक्षित गोवंशो को खाने हेतु हरा चारा 2.5 एकड़ भूमि में बोया गया है। इसके बाद उपाध्यक्ष द्वारा तहसील तमकुही में तहसील स्तरीय अनुश्रवण एवं समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया। इस मौके पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ रविंद्र प्रसाद सहित समस्त नगर पालिका के अध्यक्ष, ईओ व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22417-SLR-F2-BSB-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.03.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12419-SLR-F2-LKO-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.03.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22417-SLR-R1-BSB-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.03.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12429-SLR-F2-LKO-NDLS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.03.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14224-SLR-F2-BSB-RGD-23-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.03.2025 at 13:10 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

631/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 70 हजार से अधिक आबादी को घर के नजदीक मिल रही स्वास्थ्य सेवाएं

अवधनामा संवाददाता

■ एनक्वास ने बदली जनपद के स्वास्थ्य सेवाओं की तस्वीर

**बहराइच।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता, मरीजों की देखभाल और बुनियादी ढांचे में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्वास) के चलते बड़ा सुधार हुआ है। हाल ही में पांच और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को केंद्रीय टीम के मूल्यांकन में एनक्वास प्रमाणन के लिए योग्य पाया गया है। सरकार की इस पहल से जिले की 70 हजार से अधिक ग्रामीण आबादी को घर के पास उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं।

सीएमओ डॉ. सतीश कुमार ने बताया कि बलहा का मंझौवा भुलौरा, हुजूरपुर का कटघरी और बसंतपुर, शिवपुर का ललुही व कोटवा केंद्रीय टीम के मूल्यांकन में एनक्वास प्रमाणन के लिए योग्य पाया गया, इसके पूर्व चित्तौरा का डीहा, कैसरगंज का परसेण्डी और मदरहा, मोतीपुर का कुंड़वा को एनक्वास प्रमाणित हो चुके थे। उन्होंने बताया कि एनक्वास प्रमाणित इन नौ केंद्रों में मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, टीकाकरण, किशोर स्वास्थ्य, संचारी व गैर-संचारी रोगों सहित 12 प्रकार की सेवाएं उपलब्ध हैं। साथ ही इन केन्द्रों में स्वच्छता, दवाओं की उपलब्धता, मरीज संतुष्टि, रिकॉर्ड प्रबंधन और चिकित्सा प्रक्रियाओं की गुणवत्ता को भी सुनिश्चित किया गया है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि प्रमाणन के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, आवश्यक दवाएं व जांच उपलब्ध कराई जाती हैं। सीएचओ व स्टाफ को प्रशिक्षित किया



जाता है, और केंद्रों का विभिन्न स्तरों पर मूल्यांकन होता है। प्रमाणन के बाद केंद्रों को रू. 18,000 प्रति पैकेज की धनराशि मिलती है, जो तीन वर्षों तक मान्य रहती है। वर्ष 2025 तक 200 इकाइयों के प्रमाणन का लक्ष्य है, पहले चरण में 48 आरोग्य मंदिर शामिल हैं।

जिले के ग्रामीणों द्वारा एनक्वास की सराहना की जा रही है। ब्लाक बलहा के मंझौवा भुलौरा नि. गुलाम दस्तगीर का कहना है कि हमारे गांव में स्वास्थ्य केंद्र तो था, लेकिन साफ-सफाई का बहुत अभाव था। अब अस्पताल में टॉयलेट, पीने के पानी और वेटिंग एरिया की सुविधा पहले से काफी अच्छी हो गई है। इससे मरीजों को काफी सहूलियत हो रही है। ब्लाक हुजूरपुर कटघरी रामदीन ने बताया कि पहले हमारे स्वास्थ्य केंद्र पर केवल टीकाकरण और परिवार नियोजन की सेवाएँ ही उपलब्ध थीं, अब सीएचओ के माध्यम से जांच और दवाएं उपलब्ध हो रही हैं, इसलिए आपात स्थिति में भी इलाज के लिए अब प्राइवेट डॉक्टर या झोलाछाप के पास नहीं जाना पड़ता है।

इसी प्रकार मिहींपुरवा के ग्राम कुड़वा निवासिनी क्षमा देवी ने बताया, ष्पहले भी प्रसव की सुविधा थी, लेकिन अब अस्पताल की सफाई, स्टाफ का व्यवहार और दवाओं की उपलब्धता पहले से कहीं बेहतर हो गई है। हमें हर जरूरी चीज समय पर मिल रही है। जबकि शिवरपुर के ग्राम कोटवा निवासिनी सावित्री (बदला हुआ नाम) का कहना है कि मुझे टीबी की समस्या थी। पहले जांच के लिए जिला अस्पताल या सीएचसी जाना पड़ता था, लेकिन अब स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में ही समय पर टीबी की जांच और सही सलाह मिल जाती हैं।

# 92 लीटर अवैध देशी शराब का किया विनिष्टीकरण



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अभियान माल निस्तारण के अन्तर्गत थाना मटसैना पुलिस टीम द्वारा 17 मुकदमों के माल मुकदमाती करीब 92 लीटर अवैध देशी शराब का विनिष्टीकरण कराया गया। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये गये अभियान के क्रम मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 26.02.2025 को थाना मटसैना पर पंजीकृत 17 विभिन्न आबकारी अधिनियम के अभियोगों से सम्बन्धित कुल 92 लीटर अवैध देशी शराब को माननीय न्यायालय सिविल जज (जू0डि) एफटीसी-1/ न्यायिक मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद के आदेश दिनांक 06.02.2025 के अनुपालन मे क्षेत्राधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी तहसील सदर , प्रभारी निरीक्षक थाना, व एचएम मालखाना थाना मटसैना फिरोजाबाद की मौजूदगी में माल का नमूना माल सुरक्षित रखवाकर, वीडियोग्राफी कर देशी शराब का नियमानुसार विनिष्टीकरण कराया गया। माल की कीमत करीब 12400 रु है।

# टैक्स के नाम पर खूब लूट रहा है नगर निगम

अवधनामा संवाददाता

■ आगरा में गृहकर जलकर पर 10 प्रतिषत की छूट, फिरोजाबाद 24 प्रतिशत की लूट

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद नगरवासियों ने सोचा था कि अगर फीरोजाबाद नगर निगम हो गया तो शहर में चौड़ी-चौड़ी सड़कें 24 घण्टे बिजली-पानी एवं गन्दगी उफनती नालियों से छुटकारा मिल जाएगा लेकिन ऐसा तो कुछ नहीं हुआ उल्टा निगम का टैक्स लोगों के गले पड़ गया। जो दिन दूनी रात चौगुनी तर्ज पर बढ़ता ही नहीं जा रहा है बल्कि आमजन को जमकर लूटा जा रहा है। जनप्रतिनिधि पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए हैं। हां इतना जरूर है कि सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली ने अपनी आवाज बुलन्द करते हुए कहा है कि फिरोजाबाद नगर निगम द्वारा गृहकर जलकर बकाया पर 24 परसेंट ब्याज और थोप कर की जा रही वसूली को लेकर कहा कि आगरा नगर निगम अगर किसी भवन स्वामी पर बकाया है तो 10 प्रतिशत की छूट और देकर बकाया जमा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है ऐसा प्रस्ताव आगरा नगर निगम ने अपने बोर्ड में पास करके लागू किया है। श्री सौली ने बताया कि फिरोजाबाद नगर निगम द्वारा बकाया पर उल्टा 24 परसेंट का चक्रवर्ती ब्याज लगाकर भवन स्वामियों की घेराबंदी करके डरा धमका के वसूली कर रहा है जिससे मिडिल एवं गरीब वर्ग में त्राहि-त्राहि मची हुयी है। इस पर उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि नगर मेयर साहिबा एवं नगर विधायक को यह दिखाई नहीं दे रहा है कि गृह कर जलकर बकाए पर बड़ी संख्या में ऐसे भवन स्वामी भी हैं जिनके पुराने पैतृक मकान हैं परंतु जीवन यापन के लिए आज आवश्यक धन भी बड़ी मुश्किल से जुटा पाते हैं कुछ ऐसे बुजुर्ग जिनके पास मकान तो है परंतु वृद्धा,विधवा पेंशन के सहारे जीवन यापन कर रहे हैं कुछ ऐसे दैनिक मजदूर,नौकरी करने वाले और ठेला लगाने वाले भी हैं जिन पर यदि महीने में एक हजार डेढ़ हजार रुपए का अतिरिक्त भार पड़ जाए तो उनके घर की अर्थव्यवस्था बिगड़ जाती है। यह वह लोग हैं जो गंभीर बीमारी में भी सरकारी हॉस्पिटलों की लंबी लाइन में लगते हैं जिनके बच्चे धन के अभाव में एक दो क्लास पढ़ कर पढ़ाई छोड़ देते हैं यह वह लोग हैं जो दस बीस रूपए बचाने के लिए घंटो डग्गेमार वाहनों में खड़े होकर सफर करते हैं जिससे उनके घर की व्यवस्था ठीक से चल सके ऐसे भवन स्वामियों पर बकाया हो जाना स्वाभाविक है। ऐसे भवन स्वामियों पर 10-15-20 हजार रुपए बकाया होने पर नगर निगम के शिकंजे ने उनके जीवन को टैक्स और ब्याज के जाल में फंसाकर अशांत बना दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य व्यवस्था का मूल स्वभाव उदार और कल्याणकारी होता है जिसे स्थापित रखने की जिम्मेदारी सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों की बनती है सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों की संवेदनहीनता अन्याय और उत्पीड़न को जनता देख रही है समय आने पर इन्हें सबक सिखाने का काम भी करेगी।

# हजरत ऐगड़ शाह सैयद बाबा का उर्स धूमधाम से मनाया



अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** हजरत ऐगड़ शाह सैयद वाले बाबा का उर्स का आयोजन रेलवे माल गोदाम पर धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया गया। हजरत ऐगड़ शाह बाबा का आयोजन माल गोदाम के समीप किया गया। जिसमें मुकाबला ए कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन शौकत अली के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान कव्वाल अल्लानूर ने कहा कि साबरी जलाल ने अल्लाह की पनाह में मस्जिद पर सजदा करा दिया, तेरा नूर ही नूर छाया है इस दुनिया पर ऐ मौला मुझे कबूल है। इस मौके पर उर्स कमेटी के आयोजक राहुल भाई, शौकत अली, गुलशन अली, अलीम खान, काले बाबा, इरफान, राजेंद्र, राजू यादव, नहीम, शमशुद्दीन, पठान खान के अलावा बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस दौरान बाबा की दरगाह पर चादरपोशी की गई। कार्यक्रम के अंत में ऐगड़ शाह सैयद बाबा का विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया।

# तमंचा कारतूस के 3 पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा अवैध असलाह रखने वाले 03 अभियुक्तों को 02 देशी तमंचा मय 05 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा सौरभ दीक्षित द्वारा जनपद में अवैध शस्त्रों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में थाना मक्खपुर पुलिस टीम द्वारा अवैध असलाह रखने वाले अभियुक्तगण संगम पुत्र कोमल सिंह उम्र करीब 21 वर्ष निवासी कुक्कू की चक्की के पास नारायण नगर सैलई थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद, अल्पेश पुत्र बौबी परवेज उम्र करीब 19 वर्ष निवासी चिस्ती नगर 60 फुटा रोड थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद सम्बन्धित मुअसं 45/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, समीर पुत्र बबलू उम्र करीब 19 वर्ष निवासी मोहम्मदी मस्जिद बरकादी स्कूल के सामने चिस्ती नगर, फिरोजाबाद सम्बन्धित मुअसं 44/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट को गिरफ्तार किया गया है।

# डीएम ने किया ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया, इस निरीक्षण में उनके साथ अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा भी उपस्थित रहें, इस दौरान जिलाधिकारी ने वहां लगे हुए सीसीटीवी कैमरों इत्यादि को भी देखा, साथ ही उन्होने यह निर्देशित किया कि यहां की व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखा जाए, साथ ही यहां साफ-सफाई इत्यादि भी समुचित तरीके से रहें, उन्होने कहा कि यहां की सुरक्षा मजबूत करें, यह नियमित निरीक्षण चुनाव की पारदर्शिता और ईवीएम व वीवीपेट की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु किया जाता है।


# कार्यालय नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या

पत्रांक : 562/न0पं0गो0/वर्ष- 2024- 5 दिनांक : 27/02/2025

नगर पंचायत गोशाईगंज में नामान्तरण के लिये निम्नलिखित भवनों के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्राप्त हुए है, इन भवनों पर पूर्व से दर्ज भवन स्वामी हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि इस नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अपने प्रमाणित साक्ष्य के साथ प्रकाशित तिथि से 35 दिन के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा। जिसका विवरण निम्नवत है :-

| क्रम सं. | भवन संख्या एवं वर्ष | पूर्व में दर्ज भूमि/भवन स्वामी का खारिज होने वाला नाम | दर्ज होने वाला नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| | | मोहल्ला कटरा | | |
| 1 | भवन सं0-407 व 1147-2024 | श्री वंशीधर पुत्र राम आसरे | श्रीमती किरन गुप्ता पत्नी वंशीधर, राज गुप्ता, अंकित गुप्ता पुत्रगण स्व0 वंशीधर गुप्ता | वरासत |
| 2 | भवन सं0-975-2024 | श्रीमती राम दुलारी देवी पत्नी स्व0 राम कुमार | ओंकार नाथ गुप्ता व हरिओम गुप्ता पुत्रगण स्व0 राम कुमार गुप्ता | वरासत |
| 3 | भवन सं0-1219-2024 | श्री श्याम लाल पुत्र रामदीन 1/3 भाग | श्रीमती कुसुम कुमारी पत्नी श्री बाबूराम | बैनामा |
| 4 | गाटा सं0- 1291 | श्रीमती मधुनावती पत्नी राम किशोर वर्मा | श्रीमती मधुनामती पत्नी राम किशोर वर्मा | नक्सा स्वीकृति |
| 5 | गाटा सं0-1160 | श्री नूरूल हसन अंसारी पुत्र श्री मो0 याकूब | श्रीमती जेवा परवीन पत्नी मो0 सुहेल अंसारी | नक्सा स्वीकृति |
| 6 | भवन सं0- 313-2024 | श्रीमती शहजादी पत्नी आविद अली | श्रीमती शहजादी पत्नी आविद अली | नक्सा स्वीकृति |
| 7 | गाटा न0 1156 | श्री जमालुद्दीन पुत्र यार मोहम्मद | सुल्तान अहमद अंसारी पुत्र सदरूद्दीन | नक्सा स्वीकृति |
| 8 | मकान न0 152, 155, 242 | श्रीमती इशरत जहाँ पत्नी तुफैल अहमद श्री तुफैल अहमद पुत्र स्व0 निसार अहमद | श्रीमती इशरत जहाँ पत्नी तुफैल अहमद श्री तुफैल अहमद पुत्र स्वश निसार अहमद | चौहद्दी दुरुस्ती |
| 9 | मकान न0 1052 श्री | श्री जहीर अहमद पुत्र अब्दुल हुसैन | श्रीमती ताहिरा बानो पत्नी स्व0 जहीर अहमद | वरासत |
| | | मोहल्ला गोशाईगंज | | |
| 10 | भवन सं0-110-2024 | श्री राम कुमार पुत्र मनीराम | ओंकार नाथ गुप्ता व हरिओम गुप्ता पुत्रगण स्व0 राम कुमार गुप्ता | वरासत |
| | | मोहल्ला तेलियागढ | | |
| 11 | भवन सं0-385-2024 | श्री मो0 उमर उर्फ भोदर पुत्र बच्चू | श्री शहदुल्ला, बहतुल्लाह, रज्जब अली पुत्रगण स्व0 मो0 उमर | वरासत |
| 12 | भवन सं0-447-2024 | श्री राम विलास पुत्र बद्री प्रसाद | श्री ओम प्रकाश सोनी पुत्र स्व0 हीरालाल सोनी | वरासत |
| 13 | गाटा सं0-1201 | श्री विजय कुमार पुत्र स्वश माता प्रसाद | ओम कुमार पुत्र छेदी लाल | नक्सा स्वीकृति |
| 14 | भवन सं0-559-2024 | श्री वकील मोहम्मद पुत्र दोस्त मोहम्मद | श्री मो0 सईद, मो0 शकील, मो0 वहीद अहमद | वरासत |
| 15 | भवन सं0-657-2024 | श्री वकील मोहम्मद पुत्र दोस्त मोहम्मद | श्री मो0 सईद, मो0 शकील, मो0 वहीद अहमद | वरासत |

**लिपिक**
**नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या**

# कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक : 176/न0पं0धौ0/मां0कां0श0ग0आ0यो0/2024-25, दिनांक : 22 फरवरी, 2025

## सार्वजनिक सूचना

मां0 श्री कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत धौरहरा में निर्मित 144 आवासों के आवंटन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय के आदेश संख्या-1497/21 एम, दिनांक 14.08.2018 के तहत नगर पंचायत धौरहरा के निवासियों से 25.03.2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। मां0 श्री कांशीराम जी शहरी गरीब आवासों का आवंटन निम्न वरीयता के आधार पर किया जायेगा।

1. प्रथम वरीयता निराश्रित विधवा।
2. द्वितीय वरीयता निराश्रित दिव्यांग।
3. तृतीय वरीयता गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले अन्य व्यक्ति।

आवासों के आवंटन में नियमानुसार 23 प्रतिशत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, 27 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग तथा शेष 50 प्रतिशत सामान्य श्रेणी को आरक्षण देय होगा।

1. किसी अन्य आवास योजना से लाभान्वित/आच्छादित व्यक्तियों को मां0 श्री कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना के अन्तर्गत आवास आवंटित नहीं किये जायेंगे।
2. आवेदक जिस श्रेणी के तहत आवेदन करता है उस श्रेणी का जाति प्रमाण-पत्र व आय प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

आवेदन-पत्र कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा एवं तहसील कार्यालय धौरहरा से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन-पत्र कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा एवं कार्यालय तहसील धौरहरा में दिनांक 25.03.2025 तक जमा किये जा सकते हैं।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत धौरहरा**
**लखीमपुर-खीरी**

**उपजिलाधिकारी**
**धौरहरा-खीरी।**

# रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के उपरांत रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 28.02.2025 (शुक्रवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्दौर, सुलतानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी एवं आणंद जं. स्टेशन |
| 07383 | एसएसएस हुब्बल्लि जं. | 08:00 | वाराणसी जं. | 05:30 | धारवाड़, अलनावर, लोंडा, खानापुर, बेलगावि, गोकक रोड, घाटप्रभा, रायबाग, कुडची, मिराज, सांगली, किर्लोस्करवाडी, कराड, सतारा, पुणे, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 01824 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. | 15:00 | अलीगढ़, टूण्डला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, सूबेदारगंज, नैनी जं., शंकरगढ़, मानिकपुर जं., चित्रकूट धाम कर्वी, अतर्रा, बांदा जं., महोबा जं., हरपालपुर, मऊरानीपुर, एवं निवाड़ी स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:20 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुलतानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूँसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुलतानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं., औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूँसी जं. स्टेशन |
| 05149 | झूँसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., दुल्लहपुर, मऊ जं., इन्दारा जं., बेलथरा रोड, लार रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05151 | झूँसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., दुल्लहपुर, मऊ जं., इन्दारा जं., बेलथरा रोड, लार रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी जं., मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, इन्दारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 06008 | बनारस | 18:05 | तिरूवनंतपुरम उत्तर | 23:55 | चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपूर कागजनगर, रामगुंडम, वरंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., तेनाली जं., ओंगोल, नेल्लूर, गूडूर जं., पेरम्बूर, अरक्कोणम जं., काटपाडी जं., जोलारपेट्टै जं., सेलम जं., ईरोड जं., तिरुप्पूर, कोयम्बत्तूर जं., पालक्काड जं., तृश्शूर, आलुवा, एरणाकुलम टाउन, कोट्टयम, तिरुवल्ला, चेंगन्नूर, मावेलिक्करा, कायमकुलम जं., एवं कोल्लम जं. स्टेशन |
| 05285 | जयनगर | 23:50 | झूँसी जं. | 15:45 | मधुबनी, सकरी जं., दरभंगा जं., समस्तीपुर जं., ढ़ोली, मुज़फ़्फ़रपुर जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., दिघवारा, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., वाराणसी जं. एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन। |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# शिवरात्रि सारे जीवन मनोविकारों को त्यागने का पर्व है : डॉ. तृप्ति यादव

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सिविल लाइन शाखा पर महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। केंद्र संचालिका नीलम बहन ने बताया कि जब मानव काम क्रोध लोभ मोह अहंकार आदि विकारों से त्रस्त हुआ तब विकारों के गहन अंधकार को दूर करने ज्ञान सूर्य परमात्मा शिव को स्वयं इस धरा पर साकार माध्यम चुनकर अवतरित होना पड़ा। शिव के अवतरण का स्मृति दिवस ही शिवरात्रि है। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएमसी हॉस्पिटल की डायरेक्टर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.तृप्ति यादव ने दीप प्रज्वलित कर व शिव पूजन करके किया, तत्पश्चात डॉ.तृप्ति यादव एवं जायंट्स मैत्री की अध्यक्षा सारिका अग्रवाल ने शिव ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण होते ही मधुर वाणी ग्रुप द्वारा शिव का ध्वज लहराए की समृद्ध स्वर लहरियों से वातावरण गुंजायमान हो गया। पांच विकारों से मुख मोड़ो परम पिता से नाता जोड़ो, छोड़ो बीड़ी छोड़ो शराब इन्होंने तुमको किया खराब जैसे सामाजिक गगन भेदी नारों से जनसंदेश प्रसारित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ.तृप्ति यादव ने कहा कि सर्वे भवंतु सुखना के सिद्धांत को आत्मसात करके ही मानवता की सच्ची सेवा की जा सकती है। हम एक दिन का व्रत ना रखें बल्कि सारी जिंदगी के लिए मनोविकारों को त्यागने का संकल्प लें। उन्होंने समाज के नैतिक उत्थान हेतु ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। बीके प्रीति बहन ने बताया कि मंदिरों में स्थापित शिवलिंग ही वास्तव में निराकार परमात्मा शिव का प्रतीक है, उस पर बना त्रिपुंड त्रिदेव ब्रह्मा विष्णु शंकर के प्रतीक है। उन्होंने शिव पर अक, धतूरा बेर आदि चढ़ाने का रहस्य भी समझाया। उन्होंने कहा कि आज सभी अपनी कम से कम एक कमी कमजोरी परमात्मा को अर्पित करें और उसे दोबारा अपने जीवन में न अपनाने का दृढ़ संकल्प ले तभी सच्ची शिवरात्रि मना सकेंगे और भोलेनाथ की कृपा के पात्र बन सकेंगे। इस अवसर पर भोलेनाथ का फलाहारी मेवा से मनोहर श्रृंगार किया गया और छप्पन भोग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ.अमरीश अग्रवाल, विनय अग्रवाल, डॉ.विनय कश्यप, सुधा वर्मा, स्नेह लता वर्मा, पंकज अग्रवाल, वीरेंद्र कुशवाहा, महेंद्र सिंह, छाया मौरश्री, दीप्ति वर्मा व जसोदा आदि अनेक नियमित विद्यार्थी मौजूद रहे। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। अहमदाबाद से वीडियो कॉलिंग द्वारा बहन भूमि जैन की भजन प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। केंद्र प्रभारी बीके नीलम बहन ने सभी आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। तत्पश्चात शहर में शिव संदेश के परचे वितरित करके भक्तों को संदेश प्रसारित किया गया एवं निकट स्थित ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिव संदेश प्रसारित किया गया।

# नहरों में पानी नहीं होने से किसानों को खरीदना पड़ रहा मंहगा पानी



**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर हमीरपुर।** किसानों के तमाम होहल्ला के बाद मौदहा बांध की सुमेरपुर ब्रांच में पानी नहीं आने से किसान निराश है। गेहूं की फसल बचाने के लिए किसान निजी नलकूपों से पानी खरीद कर फसल बचाने को विवश है। मौदहा बांध के अधिकारी पानी देने का झूठा आश्वासन देकर किसानों को लगातार गुमराह कर रहे हैं। इससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। मौदहा बांध की 22 किलोमीटर लंबी नहर सुमेरपुर ब्रांच से आधा दर्जन से ज्यादा गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलता है। इस वर्ष नवंबर माह में पलेवा के लिए किसानों को पानी दिया गया था। इसके बाद नहर में पानी नहीं छोड़ा गया। फरवरी के प्रथम सप्ताह में जनसत्ता दल के जिलाध्यक्ष संजय सिंह बंडा ने मामले को विधानसभा में उठाने की धमकी दी थी। तब अधिकारियों ने रातों-रात बंडा तक पानी पहुंचा दिया था। बंडा के आगे पानी नहीं आने से किसान परेशान हैं। मवईजार के प्रधान कामता प्रसाद, पूर्व प्रधान महेश शिवहरे,पुष्पेंद्र यादव आदि ने बताया कि पानी नहीं आने से नहर किनारे के किसान निजी नलकूपों से पानी खरीद कर फसलें बचा रहे हैं। ऐसा ही हाल विदोखर पुरई,शादीपुर, विदोखर मेदनी के साथ नदेहरा के कुछ किसानों का है। सभी निजी नलकूप से पानी खरीद रहे हैं। नहर किनारे के किसान महेश, चंद्रशेखर, महंतराम, मोहित सिंह आदि ने बताया कि वह निजी नलकूप से 300 रुपए बीघा देकर पानी लेकर फसलों को सींच रहा है। मौदहा बांध के सहायक अभियंता यशवीर सिंह ने बताया कि एक मार्च से सुमेरपुर ब्रांच में पानी दिया जाएगा। यह सात मार्च तक लगातार चलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सनशाइन स्कूल में कक्षा आठ के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** सभी अंत का एक आरम्भ होता है। विदाई तो है दस्तूर जमाने का पुराना, पर जहां भी जाना अपनी छाप कुछ ऐसे छोड़ जाना कि हर कोई गुनगुनाए तुम्हारा ही तराना। गुरुवार को सनशाइन स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के कक्षा-8 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं, स्टाफ तथा मैनेजमेंट द्वारा कक्षा आठ के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। उत्साह से भरपूर विदाई समारोह का आयोजन विद्यालय के कक्षा सात के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा चतुर्वेदी द्वारा सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित के साथ हुआ। कक्षा सात के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। छात्र-छात्राओं द्वारा अपने सीनियर्स को उनके व्यक्तित्व के अनुसार विभिन्न खिताब दिए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा छात्र-छात्राओं को मोमेंटो दिया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का संचालन कक्षा सात की छात्राओं आरोही भदौरिया तथा काव्या गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षकगण का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### हमीरपुर वाले बाबा के स्थान पर हुआ विशाल फलाहार भंडारा



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यमुना नदी के किनारे विराजमान हमीरपुर वाले बाबा के स्थान पर विशाल फलाहार भंडारा जय भोले सेवा समिति के तत्वाधान में संपन्न हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया 1000 लीटर गन्ने का जूस उसमें दही मिला हुआ भी प्रसाद के रूप में बांटा गया।उक्त कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर सुधीर शर्मा सर्वेश पोरवाल ने अपनी टीम के साथ कार्यक्रम को संपन्न करते हुए कहा कि हर वर्ष फलाहार भंडारे में वृद्धि होती जा रही है और नए-नए लोगों का साथ मिल रहा है।

### मारपीट की दर्ज कराई शिकायत

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के मोहल्ला चौधराना निवासी रिहाना पत्नी लतीफ ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी छत से घपलू उर्फ सलीम का बिजली का तार निकला हुआ था जो कि कट गया था जिसपर उसने कहा कि आप तार बदलवा लें या दूसरी जगह से निकाल लें क्योंकि हमारी छत में करंट आ सकता है जिससे आक्रोशित होकर उक्त घपलू सहित अन्य लोग उसके साथ गाली गलौज और मारपीट करने लगे। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### शिवरात्रि के दूसरे दिन हुआ भण्डारे का आयोजन



**हमीरपुर।** महाशिवरात्रि पर्व पर पतालेश्वर मंदिर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के बाद विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया। भंडारे में स्थानीय लोगों सहित आस पास के लोगों ने हिस्सा लिया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी यमुना नदी किनारे स्थित पतालेश्वर मंदिर में शिवरात्रि महापर्व पर धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत गुरुवार को बाबा पतालेश्वर धाम समिति की ओर से विशाल भंडारा कराया गया। भंडारे में सैकड़ो की संख्या में पहुँचे श्रद्धालुओं ने मौजूद होकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे को सफल बनाने में सभासद प्रतिनिधि बउआ ठाकुर सहित अन्य नवयुवाओं ने सहयोग प्रदान किया। इस दौरान बाबा पतालेश्वर धाम समिति के देवी प्रसाद शुक्ला, संतोष पाण्डेय, अशोक द्विवेदी, वीरेंद्र निगम सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।

### वार्षिक उत्सव में बच्चों ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के प्राथमिक विद्यालय धर्मेश्वर बाबा में शारदा संगोष्ठी के साथ वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मनमोह लिया। बृहस्पतिवार को कस्बे के धर्मेश्वर बाबा के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनीत कुमार द्विवेदी की देखरेख में शारदा गोष्ठी के साथ वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने धूमधाम के साथ कार्यक्रमों में सहभागिता की। अपने गीत और नृत्य से अभिभावकों को आकर्षित किया।

# आटो में ओवर लोडिंग कर कर रहे लोगों की जान से खिलवाड़

**अवधनामा संवाददाता**



**सुमेरपुर हमीरपुर।** नेशनल हाईवे में आए दिन हादसे होने के बाद ऑटो चालक सबक लेने को तैयार नहीं है। परिवहन नियमों को नजर अंदाज करके ऑटो चालक सुमेरपुर से मौदहा एवं सुमेरपुर से हमीरपुर तक भूसे की तरह सवारियां भरकर फर्राटा भर रहे हैं। गुरुवार को हाईवे में की गई पड़ताल में तीन सवारी के ऑटो में एक दर्जन सवारियां भूसे की तरह ठूसी हुई मिली। नेशनल हाईवे 34 हादसों के लिए जाना जाता है। ऐसा कोई महीना एवं दिन नहीं होता है। जिस दिन अथवा महीने में कोई हादसा न होता हो। इसके बाद ऑटो चालक कोई सबक लेने को तैयार नहीं है। कई मर्तबा ऑटो भी बड़े हादसे का कारण बने हैं। इसके बाद यह नियमों को तक में रखकर भूसे की तरह सवारियां ढो रहे। गुरुवार को हाईवे में की गई पड़ताल में एक ऑटो कस्बे से मौदहा जा रहा था। फैक्टरी एरिया के समीप पहले से खचाखच भरे ऑटो ने यात्री के हाथ देने पर रोका और जगह न होने के बाद यात्री को जबरिया अंदर ठूस दिया। यात्रियों की गणना करने पर पता चला कि ऑटो में दो-चार-पांच नहीं बल्कि एक दर्जन यात्री भूसे की तरह भरी हुई है। कैमरा चलाते ही चालक ऑटो लेकर भाग निकला। एआरटीओ अमिताभ राय ने बताया कि वह समय-समय पर हाईवे से अभियान चलाकर ऑटो चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हैं। इसके बाद यह नजर बचाकर नियमों का उल्लंघन करके संचालन कर लेते हैं।

# मौसम का मिजाज देख किसानों की धड़कनें तेज

**अवधनामा संवाददाता**



**सुमेरपुर हमीरपुर।** पिछले दो दिनों से मौसम में हो रहे बदलाव को देखकर किसानों की धड़कनें बढ़ गई है। मौसम के उतार-चढ़ाव को मद्देनजर रखकर किसान पककर खेतों में तैयार खड़ी मटर, मसूर, सरसों की फसलों को सहजने में जुट गया है। किसानों ने आशंका जताते हुए कहा कि जितने भी दैवीय प्रकोप गत वर्षों में हुए हैं। उनके ज्यादातर फरवरी के अंत अथवा मार्च का प्रथम सप्ताह में ही हुए हैं। पिछले कई दिनों से पछुवा हवाओं की जगह पुरवाई प्रवाहित हो रही है। हवा के रुख में बदलाव से दो दिनो से बादलों की आवाजाही का दौर जारी है। मौसम का यह बदलाव किसानो की धड़कनें बढ़ा रहा है। किसान खेतों में पककर तैयार खड़ी फसल मटर, मसूर, सरसों को सहजने में जुट गया है। किसान उदयभान यादव, इंद्रपाल यादव, नवीन यादव, लल्लू धुरिया, राजू यादव, महेश्वरीदीन आदि ने आशंका जाहिर करते हुए कहा कि दैवीय कहर ज्यादातर पकी फसलों के दौरान हुए हैं। गत वर्ष फरवरी माह में हुई ओलावृष्टि एवं अतिवृष्टि के नुकसान को किसान भूल नहीं पाया है। मौसम का बदला मिजाज देखकर मटर, मसूर, सरसों की कटाई तेजी के साथ कराकर सहेजने का कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है।

## स्वच्छता पर रिल बनाओ, 5 हजार का इनाम पाओ




**सोनभद्र।** 1 फरवरी 25 से 30 अप्रैल 25 तक इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। तेजाराम स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत वास संबंधी रिल बनाए जाने की प्रतियोगिता आरंभ की गई है इसके अंतर्गत निदेशक आई ई सी पेयजल स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार ने पत्र प्रेषित करते हुए निर्देशित किया है कि गांव को स्वच्छ सुजल गांव में परिवर्तित किया जाए इन ग्रामों में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण और जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों को भी प्रदर्शित किया जाना है। मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण उत्तर प्रदेश में समस्त जिला पंचायत राज अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर इसको गांव में प्रचार प्रसार कराए जाने का निर्देश दिया गया है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं जल जीवन मिशन के कार्यों को प्रचार प्रसार के करने के लिए वास रिल प्रतियोगिता आरंभ की गई है। जिसके तहत 1 फरवरी 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक यह प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत मुख्य रूप से तीन थीम होंगे पहला स्वच्छ सुजल गांवङ्क विकसित भारत की ओर, दूसरा थीम स्वच्छ सुजल गांव से देश की तरक्की, तीसरा थीम स्वच्छ भारत-सुजल भारत पर आधारित होगी। प्रत्येक वीडियो की अवधि 90 से 150 सेकंड की होगी। रिल हिंदी या अंग्रेजी में हो सकती है। प्रत्येक माह भारत सरकार द्वारा पांच सर्वश्रेष्ठ रिलो का चयन कर विजेता के रूप में चुना जाएगा और प्रत्येक विजेता को 5000 की धनराशि का पुरस्कार दिया जाएगा। इस अभियान पर भाग लेने के लिए www.mygov.gov.in/task/swachh–sujal–gaon–reel–making–competition. पर अपना रजिस्ट्रेशन करते हुए रिल को उस पर अपलोड किया जाना है।

# निकली भव्य शिव बारात

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर के आवासीय परिसर में स्थित श्री शक्तेश्वर महादेव मंदिर में बीते 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास एवं पूर्ण श्रद्धाभाव से मनाया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के परियोजना प्रमुख, राजीव अकोटकर द्वारा शिव मंदिर में भगवान शिव की पूजन व आरती के पश्चात् भगवान शिव की बारात धूम धाम से विद्युत विहार कॉलोनी में निकाली गई, जिसमें आस पास के गाँव के हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण शामिल हुए। इस शुभ अवसर पर मंदिर प्रांगण में आसपास के जनों के हितार्थ मेले का भव्य आयोजन मंदिर समिति एवं स्थानीय प्रशासन के सहयोग से शांतिपूर्ण एवं सुचारु तरीके से किया गया। शिव बारात के परियोजना प्रमुख के निवास स्थान पहुँचने पर वनिता समाज, शक्तिनगर की वरिष्ठ सदस्याओं द्वारा भी बारात का स्वागत एवं शिव जी की आरती की गयी। तत्पश्चात् रात्रि के प्रथम प्रहर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक सपत्नीक डी. के. सारस्वत, अपर महाप्रबंधक (एफ़एम) द्वारा किया गया। पूजा के उपरांत सभी भक्त गणों को प्रसाद का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि शिव मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े पैमाने पर गत 30 से अधिक वर्षों से सफलतापूर्वक मनाया जा रहा है जो जिले में अपने तरह का व्यापक आयोजन है। महाशिवरात्रि का भव्य आयोजन मंदिर समिति के सदस्य रश्मि रंजन मोहंती, अपर महाप्रबंधक (पी एंड एस), सूर्य कान्त साहू, अपर महाप्रबंधक (ओएमडी), जेपी कुशवाहा, उप महाप्रबंधक (पी एंड एस), मानव संसाधन, टाउनशिप सिविल, इलैक्ट्रिकल विभाग, सीआईएसएफ़ कर्मियों, शक्तिनगर पुलिस, निजी सुरक्षा बल, आदि के सहयोग द्वारा किया गया।

# अंग्रेजी विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार

**डायट परिसर में तीन दिवसी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित**



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** तीन दिवसीय अंग्रेजी विषय के शिक्षण आधारित रिमीडियल प्रशिक्षण की शुरुआत गुरुवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान( डायट) परिसर में की गई द्य प्रशिक्षण सत्र की अध्यक्षता कर रहे उप शिक्षा निदेशक/ प्राचार्य मुकुल आनंद पांडेय (BSA) एवं जिला समन्वयक प्रशिक्षण जय किशोर वर्मा के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडेय द्वारा गुरुवार से लेकर 12 मार्च तक संचालित होने वाले इस प्रशिक्षण के प्रत्येक चरण के तीन-तीन दिवसों में जनपद के समस्त विकास खण्डों के समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कंपोजिट विद्यालयों के अंग्रेजी विषय के अध्यापकों हेतु श्वरूञ्जढ्ढ प्रयागराज के निर्देशन में 12 मॉड्यूलो के प्रशिक्षण को पूर्ण करने के पश्चात इन प्रविधियों का उपयोग करके बेसिक शिक्षा विभाग में नामांकित विद्यार्थियों को अंग्रेजी विषय में दक्ष बनाने हेतु सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का आवाहन किया। साथ ही समस्त विद्यालयों में छात्र उपस्थिति को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी महोदया के निर्देशों के सम्यक अनुपालन हेतु चेताया। इस मौके पर जिला समन्वयक प्रशिक्षण जय किशोर वर्मा ने निपुण भारत मिशन के अनुरूप पठन-पाठन सुनिश्चित करते हुए विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता के उच्च स्तर की संप्राप्ति हेतु उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं को आवश्यक सुझाव दिए। प्रत्येक चक्र में तीन दिवसों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण के नोडल प्रभारी रूप में डॉश ऋचा ओझा एवं सुनील कुमार मौर्या जी द्वारा प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों में परिचर्चा के विषय बिंदुओं के बारे में परिचित कराते हुए प्रशिक्षण के महत्व को रेखांकित किया। प्रशिक्षण नोडल प्रभारी डॉश ऋचा ओझा द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय ,जिला समन्वयक प्रशिक्षण को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी प्रशिक्षणार्थियों को सकुशल प्रशिक्षण पूर्ण करने हेतु शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर प्रशिक्षण सत्र के चारों संदर्भ दाता संजय कुमार ( चोपन), आनंद त्रिपाठी (चोपन), संतोष यादव ( बभनी) चंद्र प्रकाश (चतरा) सहित समस्त विकास खण्डों के चयनित सैकड़ो प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## परिजनों को सूचना देकर अधेड़फांसी पर झूला

**मुस्करा हमीरपुर।** कस्बा थाना क्षेत्र के बिहूनी खुर्द गांव निवासी एक अधेड़ जो तीन दिन पहले पत्नी के साथ विभिन्न शादियों में शामिल होने गया था, बृहस्पतिवार को दोपहर बाद घर लौटकर पहले चाचा को फांसी लगाऐ जाने की सूचना देकर रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक को फंदे से नीचे उतारा और शव को कब्जे में ले लिया। वहीं दूसरी तरफ पत्नी आर्थिक तंगी और फसल खराब होने के कारण आत्महत्या करने को मजबूर होना बता रही है। मुस्करा थाना क्षेत्र के बिहूनी खुर्द गांव निवासी जगत सिंह ने बताया कि पड़ोसी रमेशचंद्र परिहार(35) दोपहर 2ः00 बजे करीब घर में आकर पंखे में लटक कर फंदा लगा लिया जिसकी मौके पर मौत हो गई। मृतक का पिता कृपाल घटना के समय खेतो में था,घर सूना था। पत्नी द्वारा पड़ोसियों और पुलिस को सूचना की गई। पुलिस ने पहुंच कर अपने सामने शव को कब्जे में ले कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी उमा ने बताया कि तीन दिन पहले मेरे साथ दो अलग-अलग शादी में शामिल होने के लिए मेरे पति गए थे।

# हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा हेल्दी बेबी- शो आयोजित



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा रेणुकूट के नगरीय बस्ती (धोबिया टंकी) महिला मण्डल स्कूल में हेल्दी बेबी शो का आयोजन हिण्डाल्को के मुखिया समीर नायक के मार्गदर्शन एवं मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण माताओं को स्वंय एवं बच्चे की साफ -सफाई, उनके स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण तथा बच्चों के रखरखाव को लेकर जागरुक करना था। इस दौरान कुल 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इन बच्चों को उम्र के हिसाब से 0 से 1, 1 से 03, और 03से 05 वर्ष की तीन श्रेणियो में विभक्त किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास विभाग के चिकित्सीय सेवाओं की डॉ. सुनीता श्रीवास्तव ने माताओं को बाल स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारी देते हुए कहा कि स्वस्थ बच्चे ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं। उन्होंने माताओं को जानकारी देते हुए कहा कि समय- समय पर बच्चों के टीकाकरण साफ-सफाई एवं खान -पान पर ध्यान देना अत्यन्त आवश्यक है जिससे बच्चों का सही मानसिक एवं शारीरिक विकास संभव हो सके। ग्रामीण विकास के अधिकारी श्री राजेश सिंह ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन करते हुए स्वास्थ्य मानकों के आधार पर प्रत्येक श्रेणी में बच्चों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया एंव सभी प्रतिभागी बच्चों को सान्त्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। उन्होंने माताओं को उनके एवं बच्चों के लिए जरूरी पोषण हेतु आहार तालिका की विस्तृत जानकारी दी।

# जिला स्वच्छता प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** जिला स्वच्छता प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चंद्र शेखर शुक्ला ने कहा कि सभी मॉडल गांवो में नियमित रूप से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन किया जाए ।लोगों को सूखा व गीला कचरा अलग-अलग एकत्र करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए। कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सभी कार्य समय से पूर्ण कराएं।कार्यों में गुणवत्ता एवं मानक का अवश्य ध्यान दें। कार्यों में वित्तीय व्यय के सापेक्ष भौतिक प्रगति अनिवार्यतः होनी चाहिए। कहा कि सभी सामुदायिक शौचालयों को अनिवार्यतः क्रियाशील रखा जाय तथा मानदेय का समय से भुगतान किया जाय। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है अतः इस प्रकार के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि अच्छा मैकेनिज्म विकसित कर सामुदायिक शौचालयो की नियमित रूप से निगरानी रखी जाए तथा समय समय पर निरीक्षण किया जाए। लोगों को इसके उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया जाए। आईजीआरएस पोर्टल, जन सुनवाई एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के संबंध में एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार ने कहा कि शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कहा कि शिकायतों का निस्तारण 07 दिनों में अनिवार्य रूप से कर दिया जाए। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार परेशान ना होना पड़े। कहा कि शिकायतों का ग्राउंड लेवल पर निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाय, असंतुष्ट फीडबैक नही मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस स्तर की शिकायत है उसका उसी स्तर पर निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।किसी भी दशा में गलत निस्तारण नही होना चाहिए। कोई भी प्रकरण डिफॉल्टर की श्रेणी में न जाने पाय। इस दौरान एसडीएम राठ अभिमन्यु कुमार, एसडीएम सुक्रमा प्रसाद ,पीडी साधना दीक्षित, समस्त बीडीओ, डीपीआरओ तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# रामचरित मानस अखण्ड पाठ की पूर्णाहुति हवन आरती संपन्न

**अवधनामा संवददाता**



**बीजपुर/सोनभद्र।** रिहंदेश्वर महादेव मंदिर एनटीपीसी रिहंदनगर में महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित रामचरित मानस अखण्ड पाठ की पूर्णाहुति हवन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ।

रामचरित मानस पाठ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हवन एवं आरती में परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव, वर्तिका महिला मंडल की अध्यक्षा शिखा श्रीवास्तव, महाप्रबंधक संजय असाटी, वर्तिका महिला मंडल की उपाध्यक्षा नीलू असाटी, मानव संसाधन विभाग के सर्वप्रिय अपर महाप्रबंधक बी के पांडे, धन्वंतरि चिकित्सालय की मुख्य चिकित्साधिकारी मोनीषा कुलश्रेष्ठ, मंदिर समिति के उपाध्यक्ष योगेश त्रिपाठी, प्रभात रंजन दीन, आदित्य कुमार सौरभ, मंदिर समिति के महासचिव प्रमोद द्विवेदी, रामजी द्विवेदी, कोषाध्यक्ष संजय कुमार, मोतीलाल सिंह, राकेश राय, अनिल त्रिपाठी, रूद्रदेव दूबे, रामानंद यादव, हरिओम मिश्रा, एस बी पाठक आदि ने विशेष रूप से भाग लिया। अवनीश पांडे एवं सोनी पांडे मुख्य यजमान की भूमिका में रहे। विद्वान पुरोहित शास्त्री जी ने श्रद्धालुओं को बताया कि रामचरित मानस जीवन में नैतिकता धर्म और राष्ट्र के प्रति प्रेम करना विशेष रूप से भाग लिया। अवनीश पांडे एवं सोनी पांडे मुख्य यजमान की भूमिका में रहे। विद्वान पुरोहित शास्त्री जी ने श्रद्धालुओं को बताया कि रामचरित मानस जीवन में नैतिकता धर्म और राष्ट्र के प्रति प्रेम करना सिखाता है। उन्होंने कहा कि रामचरित मानस भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है। तुलसी के राम सर्वशक्तिमान होते हुए भी मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। मानस की प्रत्येक चौपाई, दोहा, सोरठा और छंद लोगों को अच्छी सीख देती है। रामचरित मानस में भगवान राम के जीवन से जुड़े सभी प्रसंगों का विस्तृत वर्णन है। यह हमलोगों के लिए अनुकरणीय है। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी परिसर, डोडहर, बीजपुर आदि गांवों के सैंकड़ों श्रद्धालुओं के साथ पूरा मंदिर समिति शामिल रहा।

# अश्विनी वैष्णव ने रेलवे अधिकारियों से की मुलाकात

## 16 हजार से अधिक ट्रेनों का संचालन, 5 करोड़ श्रद्धालुओं को सुरक्षित यात्रा की सुविधा



अवधनामा ब्यूरो

**महाकुंभ नगर/लखनऊ।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज प्रयागराज जंक्शन पहुंचे और रेलवे अधिकारियों से मुलाकात कर महाकुंभ के दौरान रेलवे की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का यह आयोजन भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह भव्य आयोजन संभव हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रमुख भूमिका रही। उन्होंने बिहार और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्रियों का भी आभार जताया, जिनके सहयोग से रेलवे ने बेहतर समन्वय स्थापित किया और श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा की सुविधा दी।

रेल मंत्री ने बताया कि प्रारंभ में रेलवे ने 13 हजार ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई थी, लेकिन श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित संख्या को देखते हुए 16 हजार से अधिक ट्रेनों का सफल संचालन किया गया। इस दौरान लगभग 4.5 से 5 करोड़ श्रद्धालु सुरक्षित रूप से महाकुंभ पहुंचे और संगम स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। रेलवे ने राज्य पुलिस, आरपीएफ, जीआरपी और रेपिड एक्शन फोर्स के साथ मिलकर अभूतपूर्व समन्वय स्थापित किया, जिससे यातायात और भीड़ प्रबंधन को प्रभावी बनाया जा सका।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार, श्रद्धालुओं को केवल भीड़ न समझकर उनकी श्रद्धा और भक्ति को प्राथमिकता दी गई। इसी दृष्टिकोण से रेलवे ने कई नवाचार किए, जिनमें खुशरोबाग, झूंसी, नैनी, छिवकी, प्रयाग जंक्शन और प्रयागराज जंक्शन में बड़े होर्डिंग एरिया विकसित किए गए। इससे यात्रियों को सुगमता मिली और भीड़ नियंत्रण प्रभावी ढंग से किया गया। महाकुंभ के 45 दिनों के इस महाआयोजन में रेलवे के विभिन्न विभागों ने अत्यंत समन्वित रूप से कार्य किया, जिससे संपूर्ण व्यवस्थाएं सुचारु बनी रहीं और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने दी गई।

रेल मंत्री ने कहा कि इस महाकुंभ से मिली सीख को रेलवे मैनुअल में स्थायी रूप से शामिल किया जाएगा, ताकि भविष्य में अन्य बड़े आयोजनों में इसका लाभ उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि रेलवे इस ऐतिहासिक अनुभव के आधार पर अपने भीड़ प्रबंधन और यात्री सुविधाओं में नए सुधार लाएगा, जिससे देशभर में यात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

### प्रदेशवासियों ने प्रस्तुत किया आतिथ्य का उत्कृष्ट उदाहरण

■ महाकुम्भ ने आध्यात्मिक टूरिज्म का मार्ग प्रशस्त किया

सीएम योगी ने कहा कि जो भी प्रयागराज आया उसने दो बातों की सराहना जरूर की। एक स्वच्छता और स्वच्छता कर्मियों की तो दूसरी पुलिस के व्यवहार की। ऐसे लगता था जैसे यह सबका अपना आयोजन हो। पूरा परिवार मिलकर कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा हो। यही नहीं, प्रयागराज वासियों ने भी इसे अपने घर का आयोजन बना लिया। जगह-जगह पर लंगर लगाए, अतिथियों का अभिवादन किया, अपनी परेशानी को भूल करके वह इस आयोजन का हिस्सा बने। जिस सिटी में 25 से 30 लाख लोग रहते हैं वहां अचानक 7-8 करोड़ लोग आ जाएंगे तो क्या स्थिति होती होगी। जिस घर में पांच सदस्य रहते हैं और अचानक 10 लोग आ जाएं तो हालत खराब हो जाती है और यहां तो 20-20 गुना लोग आ रहे थे, लेकिन प्रयागराज वासियों ने पूरे धैर्य के साथ, खुशी के साथ इसे अपना आयोजन बना दिया और प्रयागराज से प्रेरित होकर पूरे प्रदेश ने इसमें अपना योगदान किया। जिस मार्ग से तीर्थयात्री और श्रद्धालु, पूज्य संत गए, उनके अभिनंदन और स्वागत के लिए प्रदेश वासी वहां नजर आए। प्रदेशवासियों ने आतिथ्य का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है उसके लिए उनका हृदय से अभिनंदन करता हूं। सीएम योगी ने प्रदेश में टूरिज्म की नई संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि महाकुम्भ ने उत्तर प्रदेश के अंदर आध्यात्मिक टूरिज्म के कई सर्किट प्रस्तुत किए हैं। एक प्रयागराज से मां विंध्यवासिनी का धाम होते हुए काशी का सर्किट बना। जिस प्रकार प्रयागराज में करोड़ों की संख्या में लोग जुटे थे, उसी तरह मां विंध्यवासिनी धाम में इस दौरान प्रतिदिन 5 से लेकर 7 लाख तक लोग जुटे थे। इसी तरह, काशी में बाबा विश्वनाथ धाम में 10 से लेकर 15 लाख श्रद्धालु एक दिन में रहते थे।

### मां गंगा की पूजा-अर्चना कर मुख्यमंत्री ने संगम तट पर प्रारंभ किया स्वच्छता अभियान

■ मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ सीएम योगी ने की संगम तट और गंगा नदी की सफाई



**महाकुम्भ नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार सुबह महाकुम्भ 2025 की औपचारिक पूर्णाहुति के लिए प्रयागराज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महाकुम्भ नगर के अरैल घाट पर सफाईकर्मियों के साथ मिलकर घाट की सफाई की और गंगा तट पर स्नानार्थियों द्वारा छोड़ी गए वस्त्र आदि को साफ करने में अपने मंत्रियों के साथ श्रमदान किया। जल में मौजूद छोड़े गए वस्त्रों को निकालकर महाकुम्भ के उपरांत पूरे मेला क्षेत्र की स्वच्छता के लिए अभियान का शुभारंभ किया।

सफाई कार्य के बाद मुख्यमंत्री अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ फ्लोटिंग जेटी के जरिए संगम के लिए रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने जेटी से साइबेरियन पक्षियों को दाना खिलाया। संगम पहुंचकर सीएम योगी ने मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य रूप में मौजूद मां सरस्वती का विधिवत पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने मंत्रिगणों के साथ मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर विधि-विधान से मां की आरती उतारी और लोक कल्याण की कामना की। सीएम योगी ने संगम स्नान को आए श्रद्धालुओं का भी अभिवादन किया।

इस अवसर पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, राकेश सचान, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, अनिल राजभर, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार और प्रमुख सचिव गृह एवं सूचना संजय प्रसाद सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### सरकार देगी नाविकों को विशेष सुविधाएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाविकों और निषाद समाज के कल्याण के लिए कई अहम घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में मत्स्य पालन से जुड़े हुए सभी लोगों के कल्याण के लिए डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री कोष से एक योजना के तहत नाव उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए हर नाविक का पंजीकरण होगा और उसे सुरक्षा बीमा भी मिलेगा। सीएम योगी ने कहा कि किसान आपदा योजना के तहत मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना की तरह ही आपदा पर 5 लाख की सहायता उपलब्ध कराई जाती है। ऐसे ही नौका संचालन से जुड़े लोगों को भी यह सुविधा मिले, इसके लिए उनका रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा। नाव के लिए पैसे उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही, जिनका स्वास्थ्य बीमा कवर नहीं है, उन्हें आयुष्मान भारत योजना से जोड़कर 5 लाख का बीमा कवर भी करवाएंगे।

## सीएम योगी ने महाकुम्भ को वैश्विक इवेंट बनाने में मीडिया की भूमिका को सराहा



■ मुख्यमंत्री ने मीडियाकर्मियों से किया संवाद, बोले- मां गंगा की धारा की तरह अनवरत चलता रहा मीडिया

■ आस्था और आर्थिकी का विजन साकार हुआ

**महाकुम्भ नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे पर गुरुवार को डिजिटल मीडिया सेंटर में मीडियाकर्मियों के साथ संवाद किया और महाकुम्भ को वैश्विक इवेंट बनाने में मीडिया की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि वास्तव में महाकुम्भ प्रयागराज एक वैश्विक इवेंट बन गया। प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन के अनुरूप यह कार्य करने में हमें जो सफलता प्राप्त हुई है उसे देश और दुनिया तक आपने पहुंचाया है, इसके लिए आपको हृदय से धन्यवाद करता हूं। सीएम योगी बोले कि मैं देख रहा था कि दिन हो या रात्रि, सुबह हो या शाम, शीत लहरी हो या भीषण धूप, लेकिन अनवरत रूप से कोई चल रहा था तो वह मीडिया था। या तो मां गंगा की धारा चल रही थी या फिर मीडिया चलता था और सकारात्मक रूप से आपकी जो भूमिका थी उसके चलते महाकुम्भ प्रयागराज नए रिकॉर्ड बनाने के लिए अग्रसर हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष एक लघु फिल्म भी दिखाई गई, जिसके बोल थे महाकुम्भ एक याद बन गया... इस फिल्म में महाकुम्भ की स्मृतियों को संजोया गया।

संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आस्था और आर्थिकी का जो विजन प्रधानमंत्री जी ने दिया है वह यहां साकार होता दिखाई दिया। उत्तर प्रदेश में स्पिरिचुअल टूरिज्म का भी पोटेंशियल है और यह प्रदेश ने साबित किया। गत वर्ष ही उत्तर प्रदेश में 65 करोड़ श्रद्धालु और पर्यटक विभिन्न तीर्थस्थलों पर आए थे। वे अयोध्या धाम आए थे, काशी आए थे, मथुरा-वृंदावन आए थे, प्रयागराज आए थे, चित्रकूट आए थे, मां विंध्यवासिनी के धाम आए थे, गोरखपुर आए, शुकतीर्थ आए, नैमिषारण्य आए। अकेले प्रयागराज में 45 दिन में 66 करोड़ 30 लाख पर्यटक और श्रद्धालु आ चुके हैं, यानी नए-नए रिकॉर्ड बनते दिखाई दे रहे हैं। प्रयागराज महाकुम्भ ने उत्तर प्रदेश के अंदर पांच स्पिरिचुअल टूरिज्म के डेस्टिनेशन उपलब्ध करवा दिए हैं। प्रयागराज से मिर्जापुर और काशी का एक, प्रयागराज से अयोध्या और गोरखपुर का दो, प्रयागराज से लालपुर, राजापुर, चित्रकूट का तीन, प्रयागराज से लखनऊ और नैमिषारण्य का चार और प्रयागराज से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे व आगरा होते हुए मथुरा-वृंदावन का पांच। इन पांचों तीर्थ में पिछले डेढ़ महीने से अधिक समय से लाखों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद हैं।

### जो भी प्रयागराज आया अभिभूत होकर गया

महाकुम्भ के पूरे आयोजन में सभी निर्माण कार्यों के लिए डबल इंजन की सरकार ने मिलकर लगभग 7.30 हजार करोड़ रुपया खर्च किया, जिसमें 200 से अधिक सड़कों का निर्माण, 14 फ्लाईओवर, 9 अंडरपास, 12 कॉरिडोर बनाए गए। पहली बार प्रयागराज में कुछ ऐसा देखने को मिला जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता था। अक्षय वट कॉरिडोर, मां सरस्वती कूप कॉरिडोर, पातालपुरी कॉरिडोर, बड़े हनुमान जी कॉरिडोर, महर्षि भारद्वाज कॉरिडोर, नागवासुकि कॉरिडोर, श्रृंग्वेरपुर कॉरिडोर, द्वादश माधव कॉरिडोर समेत यह अलग-अलग प्रकार के 12 कॉरिडोर प्रयागराज में विकसित हुए हैं जो टूरिज्म के दृष्टि से हर एक श्रद्धालु को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

### कांग्रेस मुख्यालय पर मनाई गई चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि

**लखनऊ।** महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। इस मौके पर निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए दिनेश सिंह ने कहा कि शहीद चंद्रशेखर एक साधारण मध्यमवर्गीय परिवार में जन्म। उनके अंदर देश की गुलामी की पीड़ा उन्हें रह-रह कर द्रवित करती थी। अंग्रेज हुकूमत की निरंकुशता और बर्बरता से लड़ने और वतन को आजाद कराने का हौसला बाल्यावस्था से ही था। उन्होंने देश को आजाद कराने के लिए क्रांति का मार्ग चुना और आजादी के लिए लड़े। चंद्रशेखर आजाद, आजाद रह कर देश के लिए शहीद होकर अमरत्व पाए। उनकी शहादत युगों-युगों तक लोकतंत्र व स्वतंत्रता के दीवानों को प्रेरित करती रहेगी। इस मौके पर शहर कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम, अमित श्रीवास्तव त्यागी, अजय वर्मा, मोहम्मद नोमान, हम्माम वहीद, शुभम सिंह सहित अन्य कांग्रेसियों ने भी चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि दी।

## 'महाकुम्भः आवंटित बजट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा'

■ सरकार ने अनुभवहीन गुजरात के लोगों की कम्पनियों को काम दिया



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व प्रवक्ता आलोक शर्मा ने प्रयागराज महाकुम्भ को लेकर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि अव्यवस्थाओं से मची भगदड़ से हजारों श्रद्धालुओं की जानें गयीं। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी विवादास्पद रहे, जिनके चलते अव्यवस्था फैली, महाकुम्भ के नाम पर आवंटित बजट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा वह अधिकारी गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं, उन अधिकारियों पर कब कार्रवाई होगी। जो लोग महाकुम्भ में हुई दुखद मौतों पर दुख न जता मोक्ष बता मजाक उड़ा रहे हैं, भ्रष्टाचार के नाम पर बजट के बंदरबांट की जिम्मेदारी किसकी है। श्री शर्मा ने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार इन सवालों से भाग नहीं सकती। पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार महाकुम्भ में मची भगदड़ से 30 श्रद्धालुओं की जान जाने की बात कह रही है लेकिन आंकड़ा हजारों में है। इसीलिए सरकार संख्या और आंकड़ा छिपाने के साथ श्रद्धालुओं की पहचान के बारे में चुप्पी साधे है। सरकार ने अनुभवहीन गुजरात के लोगों की कम्पनियों को काम दिया और वही काम गुजराती कम्पनियों ने पेटी कॉन्ट्रैक्ट पर परम्परागत स्थानीय लोगों को दिया। श्री शर्मा ने कहा कि यही गुजरात मॉडल है, जहां धर्म के नाम पर सनातन की आड़ में पैसे की बंदरबांट की जाती है। विजय किरन आनंद, वैभव कृष्ण जैसे विवादास्पद अधिकारियों को महाकुम्भ की जिम्मेदारी में लगाया, जिसके चलते भगदड़ मची और श्रद्धालुओं की जान गयीं। आखिर क्या मजबूरी थी कि जिन्हें भीड़ नियंत्रण का कोई अनुभव नहीं था, उन्हें जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने गुजरात के मोरबी में गिरे पुल का जिक्र करते हुए कहा कि मौनी अमावस्या के दिन मची भगदड़ में मौतों का आंकड़ा सरकार छिपाती रही। उसके बाद दिल्ली स्टेशन पर मची भगदड़ में तमाम लोगों की जान गयी और सरकार ने सिर्फ 18 बताया। हर बार नाकामियों पर पर्दा डाल अपना काम चलाते रहेंगे। यह लोग कौन से धर्म का पालन कर रहे हैं। सनातन धर्म तो यह नहीं सिखाता। श्री शर्मा ने कहा कि अहंकार महाकुम्भ में पानी की गुणवत्ता श्रद्धालुओं से पूछें, भीषण जाम, 20-20 किलोमीटर पैदल, दो-दो दिन लोग अपनी गाड़ियों में बैठे रहे, महिलाओं के वीडियो बना कर बेचे जाते रहे। अहंकार में चूर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ जिन श्रद्धालुओं की मौत हुई, जो लापता थे, उनके परिजन अपनों को ढूंढ रहे थे, उन्हें गिद्ध और सूअर की संज्ञा दे रहे थे। इससे अधिक दुखद नहीं हो सकता। इससे पहले हाथरस में मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की जानें गयी। सरकार तब भी आंकड़ा छिपाती रही और अब डीजीपी कह रहे हैं कि कोई घटना हुई ही नहीं। उन्होंने कहा कि हमारे चार सवालों के जवाब महाकुम्भ में आए श्रद्धालु और कांग्रेस पार्टी मांग रही है कि भ्रष्टाचारी, विवादास्पद अधिकारियों को जिम्मेदारी क्यों दी गयी, उनके फेल प्रबंधन पर कब कार्रवाई होगी, महाकुम्भ बजट में भ्रष्टाचार के दोषियों पर कब कार्रवाई होगी, सरकार श्रद्धालुओं की मौत का आंकड़ा और उनकी पहचान क्यों छिपा रही है।

### महाशिवरात्रि पर बच्चे-बच्चियों को खाद्य सामग्री वितरित

**लखनऊ।** आलमाइटी शिवा एसोसिएशन की ओर से आशियाना के रेल विहार कॉलोनी में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जरूरतमंद बच्चे-बच्चियों को खाद्य सामग्री, पठन-पाठन व अन्य वस्तुएं वितरित की गयीं। कार्यक्रम में भारत सरकार कृषि मंत्रालय के उपआर्थिक सलाहकार बी.एल. वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। संस्था के सचिव आदित्य चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बी.एल. वर्मा ने कहा कि संस्था समाजहित में जो काम कर रही है वह अतलुनीय है। आज समाज के बीच तमाम ऐसे परिवार और अनाथ बच्चे हैं जिन्हें मदद की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें जरूरतमंदों की मदद में अग्रणी भूमिका निभानी होगी, तभी समाज के हर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाई जा सकती है। कार्यक्रम को नवजीवन संस्था की अध्यक्ष रचना गुप्ता ने सम्बोधित करते हुए संस्था के प्रयासों को सराहा। संस्था के सचिव आदित्य चौधरी ने कहा कि संस्था जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए पाठ्य सामग्री व फीस आदि की व्यवस्था करती रहेगी।

## यंग इंडिया के बोल, सीजन-5 की फाइनल प्रतियोगिता संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** यंग इंडिया के बोल, सीजन-5 की फाइनल प्रतियोगिता गुरुवार को कांग्रेस सचिव व राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा की देखरेख में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता के विजेताओं और उपविजेताओं की घोषणा के साथ पुरस्कार वितरित किये गये। प्रतियोगिता के जरिए देश-प्रदेश के युवा कांग्रेस प्रवक्ताओं का चयन किया जाता है। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. उमाशंकर पाण्डेय, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव हेवरन सिंह कंसाना और इकबाल ग्रेवाल शामिल थे। प्रतियोगिता के तीन मुख्य चरणों में स्क्रीनिंग, स्पीच और डिबेट शामिल थे। प्रदेश से शार्टलिस्ट कर आए प्रतिभागियों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश से 7, पूर्वी उत्तर प्रदेश से 10 और मध्य उत्तर प्रदेश से 17 प्रतिभागी शामिल हुए। स्क्रीनिंग के चरण में हर प्रतिभागी को रोजगार दो-नशा नहीं विषय पर बोलने के लिए तीन मिनट दिये गये। डिबेट और स्पीच राउण्ट में हर प्रतिभागी को अलग-अलग विषयों के साथ डेढ़-डेढ़ मिनट का समय दिया गया। प्रतियोगिता के ज्यूरी सदस्यों ने हर जोन के विजेता और उपविजेता को क्रमश॰ 10 हजार और 7 हजार 500 रुपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। वहीं सभी प्रतिभागियों को यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रमाण पत्र दिया गया। विजयी प्रतिभागियों में युवा कांग्रेस मध्य जोन से सीतापुर की ममता को प्रथम और लखनऊ के रविन्द्र सिंह लोधी को दूसरा पुरस्कार प्रदान किया गया।

# रमज़ान को लेकर एडवायजरी जारी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने माहे मुबारक रमजान को लेकर एडवायजरी जारी की है। एडवायजरी के अनुसार रमजान का मुबारक महीना इस्लाम का सबसे पवित्र महीना है। इसलिए तमाम मुसलमान इस मुबारक महीने को इबादत में गुजारें। रमजान में सबसे अहम इबादत रोजा है, रमजान के पूरे महीने के रोजा रखना हर आकिल, बालिग मुसलमान मर्द-औरत पर फर्ज है। रोजा-इफ्तार सही वक्त पर करें, वक्त से पहले रोजा खोलने से रोजा खराब हो जाएगा, इफ्तार में देर से रोजा मकरूह हो जाएगा यानि सवाब कम हो जाएगा, हैसियत के अनुसार इफ्तार पार्टियां करें और उनमें गरीबों को शामिल करें, हर मस्जिद में इफ्तार का विशेष आयोजन करें, इस मुबारक महीने में तरावीह जरूर पढ़ें, क्योंकि पवित्र कुरान रमजान में महीने में उतरा, तरावीह पढने वाले नमाज और मस्जिद प्रबंधन नमाजियों की गाडियां सही स्थान पर पार्क कराना सुनिश्चित करें ताकि यातायात में कोई बाधा न हो, सेहरी करना सुन्नत है, लेकिन सेहरी के वक्त का बार-बार ऐलान न करें और न ही किसी तरह का शोर करें, जिससे पड़ोसियों और मोहल्ले वालों को तकलीफ हो, जिन पर जकात फर्ज है वह अपने माल का ढाई प्रतिशत निकाल कर हकदार को दें, इस महीने जरूरतमंदों की मदद करने से सत्तर गुना सवाब मिलता है इसलिए अधिक से अधिक सदका-खैरात करें, मस्जिदों के आस-पास और मोहल्लों में सफाई का विशेष ध्यान रखें, इस मुबारक महीने में खुदा रोजेदारों की दुआएं कबूल करता है। इफ्तार और सेहरी के वक्त अपने, अपने घर वालों के लिए दुआओं के साथ देश-मिल्लत के विकास, अमन-शांति व सुरक्षा की विशेष दुआएं करें।

### रमजान का महीना बंदों के लिए बहुत नेमत का है




**लखनऊ।** मुबारक रमजान का महीना बंदों के लिए बहुत नेमत का महीना है। इस मुबारक महीने की फजीलत और बरकत बताने को यही काफी है कि अल्लाह ने रमजान के महीने को अपना महीना करार दिया है। यह बात हाजी कारी मोहम्मद सिद्दीक ने अकबरी गेट स्थित मस्जिद एक मीनारा में मरकजी जमीयतुल हुफ्फाज की ओर से रमजान के इस्तकबाल में आयोजित जलसे को खिताब करते हुए कही। हाफिज अब्दुर्रशीद की अध्यक्षता में आयोजित जलसे का आगाज मदरसा आलिया फुरकानिया के कारी फैज अहमद ने तिलावते कलामे पाक से किया। जलसे को खिताब करते हुए कारी सिद्दीक ने कहा कि रसूले अकरम रमजान के मुबारक महीने के करीब इरशाद फरमाते कि ऐ लोगों रमजान का महीना आ रहा है जो बहुत बरकतों और रहमतों का महीना है। अल्लाह इस मुबारक महीने में बंदों की तरफ खुसूसी तवज्जो फरमाता है और गुनाहों को बख्श दुआएं कबूल करता है। इस मुबारक महीने में बंदों का रिज्क बढ़ा दिया जाता है। कारी सिद्दीक ने कहा कि रमजान नेकियों का मौसमे बहार है। इस मुबारक महीने में बंदों के अज्र को सत्तर गुना बढ़ा दिया जाता है। रोजेदारों के लिए समुंदर की मछलियां तक दुआ करती हैं। यह महीना सब्र का है और सब्र का बदला जन्नत है। इस मुबारक महीने का पहला अशरा (दस दिन) रहमत, दूसरा अशरा मगफिरत और तीसरा अशरा आग से निजात का है। इस मौके पर कारी मोहम्मद ताहा, कारी वसफी, निसार अहमद ने नात का नजराना पेश किया।

### हेल्पलाइन जारी

**लखनऊ।** आयतुल्लाह सैयद सादिक हुसैन शीराजी के कार्यालय की ओर से माहे मुबारक रमजान में लोगों के रोजा, नमाज, हज, खुम्स और जकात सहित तमाम इबादतों को लेकर पूछे जाने वाले सवालों के लिए हेल्पलाइन शुरू की गयी है। माहे मुबारक रमजान में रोजेदार को विभिन्न मसलों का सामना करना पड़ता है, जिनके सही जवाब देने के लिए हेल्पलाइन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक काम करेगी। वहीं महिलाओं के लिए विशेष हेल्पलाइन शुरू की गयी है, जिस पर महिला आलिमा महिलाओं के सवालों के जवाब देंगी। मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि कुरान और हदीस से साफ है कि अगर आप कुछ नहीं जानते तो उलमा और विद्वानों से पूछें। हेल्पलाइन पर सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे और महिलाओं के लिए मोबाइल न नम्बर 6386897124 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा ई-मेल masael@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

## ज्ञान प्राप्ति में आने वाली कठिनाइयों का एकमात्र समाधान सही प्रशिक्षण है: अतहर

■ पुरस्कार वितरण समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

■ स्टूडेंट्स लिटरेरी एंड वेलफेयर सोसाइटी के अंतर्गत वार्षिक समारोह



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुमताज़ पीजी कॉलेज में साइंस एंड कॉमर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में स्टूडेंट लिटरेरी एंड वेलफेयर सोसाइटी के तहत वार्षिक प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। इस वार्षिक समारोह की अध्यक्षता कॉलेज के मैनेजर एडवोकेट सैयद अतहर नबी साहब ने की। अन्य विशिष्ट अतिथियों में जनाब हसन काज़मी, जनाब मोहम्मद फरहान, और मोहम्मद एजाज़ साहब शामिल थे।

कार्यक्रम की शुरुआत छात्र मोहम्मद शकील द्वारा पवित्र कुरआन के पाठ से हुई। कॉलेज की स्टूडेंट लिटरेरी एंड वेलफेयर सोसाइटी की संयोजिका डॉ. उमा पांडेय ने स्वागत भाषण दिया। पुष्पगुच्छ भेंट कर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। सांस्कृतिक समिति की संयोजिका नाहिद फैज़ क़िदवई तथा सह संयोजक डॉ0 यासिर अंसारी की देखरेख में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं।

आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस फैकल्टी के प्रतिनिधियों–मोहम्मद शकील, ज़ैनब जुनैद, और जुनैरा ज़ोहैब ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कीं। कॉलेज के मैनेजर जनाब अतहर नबी साहब ने कॉलेज के सभी शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की सराहना की और कहा कि शिक्षण वातावरण को और अधिक अनुकूल बनाने में उनका योगदान सराहनीय है। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा वह मार्ग है जिसकी मंज़िल ज्ञान है, और ज्ञान प्राप्ति में आने वाली कठिनाइयों का एकमात्र समाधान सही प्रशिक्षण है। उन्होंने कहा, ÷सफल व्यक्ति अपने इरादों से दुनिया बदल देते हैं, जबकि असफल लोग दुनिया के डर से अपने फैसले बदल लेते हैं।